जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 | वर्षः 28 | संख्याः 334 | प्रभात | अजमेर, बुधवार 3 जुलाई, 2024 | आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

## 'वर्ल्ड बैंक की कुल ''पेड अप'' रकम 22 अरब डॉलर है'

### पर, दूसरी ओर एलन मस्क को जो व्यक्तिगत ''कम्पनसेशन'' (वेतन आदि) मिला वह 46 अरब डॉलर था

- पर, चौंकाने वाला तथ्य यह है कि, एलन मस्क ने इस ''कम्पनसेशन'' पर ज़ीरो डॉलर टैक्स दिया।
- यह अजीबो-गरीब स्थिति इसलिए है क्योंकि एलन मस्क को यह ''कम्पनसेशन'' स्टॉक (शेयर) के रूप में मिला है।
- और वर्तमान व्यवस्था के अनुसार, जब तक मस्क अपने इस स्टॉक (शेयर) को बाजार में बेच कर, पैसे नहीं अर्जित करते, इस ''कम्पनसेशन'' पर टैक्स नहीं लग सकता।
- ''सुपर रिच'' (अति धनाढ्य), स्टॉक के रूप में ''कम्पनसेशन'' लेते हैं, पर, वो एक डॉलर भी टैक्स के रूप में नहीं देते।
- इन ''सुपर रिच'' की मुनाफे में निरन्तर वृद्धि हो रही है। जैसे-जैसे उनके शेयर्स की ''वैल्यू'' बढ़ती है। पर, इस वृद्धि पर उनको कोई टैक्स नहीं देना होता। उनकी इस ''आय'' पर अब अर्थशास्त्रियों की निगाह है, क्योंकि अगर इसमें टैक्स लगे तो, इतना पैसा मिल सकता है कि, उससे विकासशील देशों को और पैसा उपलब्ध हो जायेगा, उनके अपने इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजैक्ट्स समय से पूरे हो सकेंगे।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 जुलाई। वैश्विक वित्तीय संरचना और आर्थिक विकास की फण्डिंग में सुपर रिच (अति धनाढ्य) लोगों पर कर लगाना, अन्तर्राष्ट्रीय विचार-विमर्शों में प्रमुख बनता जा रहा है।

बर्लिन के हैनरिश बल्शटिफ्टों द्वारा हाल ही में आयोजित एक बहुराष्ट्रीय विचार-विमर्श में भारतीय प्रतिभागी एवं आर.बी.आई. के पूर्व गवर्नर राकेश मोहन ने इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया कि विश्व बैंक की प्रदत्त पूंजी जहां 22 बिलियन डॉलर है, वहीं एलन मस्क का पिछले वर्ष का मुआवजा ही 46 बिलियन डॉलर रहा।

एलन मस्क और दुनिया में उनके जैसे धनाढ्य लोगों के पास विश्व की सबसे मूल्यवान कम्पनियों के शेयर्स के रुप में अकूत दौलत है। इन शेयर्स की कीमतें जैसे-जैसे बढ़ती है, उनका मुनाफा बढ़ता है, लेकिन जब तक इनका बेचान कर मुनाफा बुक ना कर लिया जाए, इन पर टैक्स नहीं लगाया जा सकता। यह टैक्स सिस्टम के व्यवस्थापकों और सार्वजनिक वित्त के विशेषज्ञों के साथ ही सरकारों के लिए एक अच्छा आकर्षण है। यदि विश्व बैंक की पूंजी में 10 बिलियन डॉलर जमा कर और बढ़ा दिया जाए तो उसकी उधार देने की क्षमता 50 बिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगी, जिससे कम विकसित देशों के विकास को गति देने में विभिन्न बैंकों के लिए अधिक फण्ड्स उपलब्ध होंगे।

डॉ. मोहन ने कहा कि सुपर रिच लोगों पर 5 प्रतिशत तक का भी टैक्स लगाने से इतनी विशाल मात्रा में धनराशि आ जाएगी कि जिससे अत्यंत कम विकसित देशों के विकास में मदद मिल सकती है, लेकिन उन्होंने अपने इस प्रस्ताव की क्रियान्विती के मार्ग में आने वाली एक वास्तविक अड़चन को भी रेखांकित किया।

मस्क का वेतन मुख्यतः स्टॉक ऑप्शन्स के रूप में होता है। एलन मस्क जब तक इस स्टॉक ऑप्शन को बेचकर अपना मुनाफा ना कमा लें, तब तक उनकी विशालकाय सम्पत्ति पर टैक्स लगाने का कोई प्रावधान नहीं है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कांस्टेबल का 24 साल पुराना निलम्बन रद्द

जयपुर, 2 जुलाई। राजस्थान हाईकोर्ट ने हिरासत में मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट से बरी हुए कॉन्स्टेबल को राहत दी है। अदालत ने कॉन्स्टेबल को बर्खास्त करने के झालावाड़ एसपी के 19 अक्टूबर, 2000 और उप गृह सचिव के 27 जनवरी, 2003 के आदेश को रद्द कर दिया है। अदालत ने कॉन्स्टेबल को समस्त काल्पनिक परिलाभों के साथ पुनः सेवा में लेने के आदेश देते हुए उसे सेवा में लेने को कहा है। अदालत ने निर्देश दिए हैं कि

- राजस्थान हाई कोर्ट ने हिरासत में हुई मौत के केस में सुप्रीम कोर्ट से बरी हुए कांस्टेबल को राहत देकर उसकी बर्खास्तगी के 24 साल पुराने आदेश को रद्द कर उसे सभी सेवा लाभ देने के आदेश दिए।

कॉन्स्टेबल को सुप्रीम कोर्ट से बरी होने की तिथि 27 अप्रैल, 2016 के बाद से अब तक की अवधि का वास्तविक परिलाभ अदा किया जाए। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश राजेश कुमार की याचिका को स्वीकार करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता डॉ. विभूति भूषण शर्मा ने बताया कि झालावाड़ के गंगधार थाने में वर्ष 1999 में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## धार्मिक आयोजन में भगदड़ से 116 लोग मरे हाथरस में

### अखिलेश यादव व अन्य विपक्षी नेताओं ने इसे शर्मनाक व दुःखद घटना बताया

- विपक्षी नेताओं का कहना है कि, दुःख की बात है कि, इतने बड़े आयोजन में सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं की सरकार ने।
- सोशल मीडिया पर भी योगी आदित्यनाथ से सवाल किया जा रहा है कि क्या बुलडोज़र बाबा, साकार हरि उर्फ भोले बाबा के आश्रम पर बुलडोज़र चलाएंगे।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगदड़ में मरे लोगों के परिजनों को दो लाख रुपए और घायलों को 50,000 की सहायता स्वीकृत की। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को घटनास्थल का दौरा करेंगे।

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 जुलाई। हाथरस में एक 'सत्संग' के समापन अवसर पर हुई भगदड़ की घटना में लगभग 116 लोगों की दुखद मृत्यु हो गई। भाजपा के लिए इससे अधिक अनुचित समय पर यह घटना नहीं हो सकती थी, क्योंकि उत्तर प्रदेश में पार्टी को चुनावों में हुए भारी नुकसान के ज़ख्म अभी भरे नहीं हैं।

यह भगदड़ की दुर्घटना हाथरस के फुलराई गाँव में हुई है। यहां पर भोले बाबा धार्मिक समागम आयोजित किया गया था। मरने वालों में महिलाएं एवं बच्चे ज्यादा हैं। हादसे में 100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

समाजवादी पार्टी के पिछले शासनकाल के दौरान भी भगदड़ में मृत्यु होने की खबर है और ऐसी ही घटना अस्सी के दशक में कांग्रेस शासित सरकार में भी हुई थी। हालांकि, हाथरस की त्रासदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस दावे पर गहरा दाग लगा दिया कि वे कुशल प्रशासन व्यवस्था उपलब्ध करा रहे हैं। बुलडोजर बाबा के नाम से प्रसिद्ध मुख्यमंत्री से सोशल मीडिया पर प्रश्न पूछा जा रहा है कि क्या योगी सरकार ''साकार हरि उर्फ भोले बाबा'' के आश्रम को गिराने के लिए बुलडोज़र का इस्तेमाल करेगी, जहां पर समागम का आयोजन हुआ था?

चश्मदीदों ने बताया कि, कार्यक्रम स्थल पर जितनी जगह थी उससे कहीं ज्यादा लोग वहां जमा थे। भगदड़ के बाद लोग एक-दूसरे के ऊपर से चढ़कर आगे बढ़ते चले गये। घटनास्थल पर कीचड़ जमा होने के कारण कई लाशें कीचड़ में दब गईं।

सूत्रों के अनुसार प्रवचन खत्म होने के बाद भीड़ नारायण साकार हरि बाबा के पैर छूने के लिए बाबा की ओर दौड़ी और एक स्थान पर फिसलन होने के कारण संतुलन बिगड़ जाने से लोग एक के ऊपर एक गिरते चले गये।

मुख्यमंत्री आदित्यनाथ बुधवार को घटनास्थल का दौरा करेंगे हालांकि राज्य सरकार ने घटना में मारे गए लोगों के निकटतम रिश्तेदारों को मुआवजे के बतौर 2लाख रुपये देने तथा घटना में घायलों को इलाज के लिए 50,000 रुपये देने की घोषणा की है। इसके बावजूद राजनेताओं ने प्रदेश प्रशासन की इस घटना को लेकर तीखी आलोचना की है कि वह इस घटना को रोकने में विफल साबित हुआ है।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जब सरकार को यह

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राज्यपाल ने मु.मंत्री ममता बनर्जी पर मानहानि का केस दर्ज किया हाई कोर्ट में

### मु.मंत्री का खेमा कुछ ढीला पड़ा मुकदमा दायर होने के बाद

- तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता ने कहा कि, ममता बनर्जी प्रदेश की गृह मंत्री भी हैं, और उनके पास एक महिला कर्मचारी की शिकायत आई थी, उसी शिकायत के संदर्भ में उन्होंने राजभवन में महिलाएं सुरक्षित न होने के बारे में टिप्पणी की थी।
- ढीला पड़ने से पहले तृणमूल के कार्यकर्ता व नेता बड़े आक्रामक हो रहे थे। राजभवन व राज्यपाल के आचरण के बारे में, व चटखारे लेकर, विस्तार से सुना रहे थे कि, कैसे राज्यपाल ने महिला कर्मचारी से यौन शोषण जैसा आचरण किया था।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 जुलाई। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनन्द बोस ने आज एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में मानहानि का केस दायर कर दिया।

राज्यपाल ने अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य की मुख्यमंत्री उनकी संवैधानिक सहयोगी हैं और इस संबंध को एक कानूनी दर्जा प्राप्त है, लेकिन फिर भी उन्होंने राज्यपाल को लेकर अपमानजनक टिप्पणियां की हैं और राज्यपाल को मानहानि का केस दायर करने का पूरा अधिकार है।

कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर मानहानि केस की खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रवक्ता कुणाल घोष लगता है, बैक फुट पर आ गए हैं। उन्होंने दबे लहजे में कहा कि शिकायतें पहले मुख्यमंत्री तक पहुंचीं और फिर उन्होंने उस संदर्भ में कुछ टिप्पणियां कर दीं।

ममता बनर्जी ने सार्वजनिक रुप से कहा था कि राज्यपाल से राजभवन जाकर मिलने का साहस उनमें नहीं है और यदि जरुरी हुआ तो उनसे खुले में मिलेंगी। उनके कहने का आशय यह था कि राजभवन के भीतर वे अपनी मान-मर्यादा को लेकर भयभीत हैं। उनकी टिप्पणी में इस प्रकार का संदर्भ भी था। राज्य पुलिस ने कहा कि उन्हें एक महिला श्रमिक से यह शिकायत प्राप्त हुई थी कि राजभवन परिसर में राज्यपाल के पैर छूने के बाद उसका पीछे से आलिंगन किया गया।

महिला की शिकायत थी कि राजभवन में राज्यपाल ने जब उससे यह कहा कि वह उनसे आकर मिले, तो ऐसा करने पर उसकी गरिमा का हनन किया गया। एक संक्षिप्त मुलाकात के बाद जब वह वापस जाने लगी, तब राज्यपाल ने उसका आलिंगन किया।

राज्य पुलिस ने उसके बाद राजभवन के कई अन्य स्टाफकर्मियों और कुछ अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया। राज्यपाल ने इस प्रकरण में किसी भी तरह की जाँच और राजभवन के स्टाफकर्मियों से पूछताछ करने पर रोक लगा दी थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ए.सी.बी. ने हाई कोर्ट को बताया, मेयर मुनेश दोषी

जयपुर, 2 जुलाई। जयपुर शहर की हेरिटेज नगर निगम मेयर मुनेश गुर्जर व उनके पति सुशील गुर्जर सहित अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में एसीबी ने अदालती आदेश की पालना में मंगलवार को हाईकोर्ट में तथ्यात्मक

- ए.सी.बी. ने हाई कोर्ट में मेयर मुनेश व उनके पति सुशील गुर्जर के भ्रष्टाचार के मामले की प्रारंभिक जाँच रिपोर्ट हाई कोर्ट को सौंप दी है। रिपोर्ट में प्रारंभिक जाँच में मेयर मुनेश, उनके पति व अन्य के खिलाफ जुर्म प्रमाणित माना गया है।

रिपोर्ट पेश की है, जिसे रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने मामले की सुनवाई छह सप्ताह बाद तय की है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश सुधांशु सिंह की आपराधिक याचिका पर दिए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राहुल ने ओम बिड़ला को पत्र लिखकर निराशा जताई, जिस तरह से उनके भाषण को सदन की कार्यवाही से निकाला गया

### राहुल गांधी ने यह भी लिखा पत्र में कि, लोकसभा की कार्यवाही के रूल 380 के तहत, स्पीकर को अधिकार है कि, किसी भी सांसद के भाषण को कार्यवाही से निकलवा सकते हैं, अगर भाषण आपत्तिजनक है।

- राहुल गांधी ने अपने पत्र में यह भी लिखा कि, उनके भाषण में कोई आपत्तिजनक बात नहीं थी, अतः रूल 380 उन पर लागू नहीं होता।
- उन्होंने यह भी लिखा कि, किसी सांसद के भाषण के सदन की कार्यवाही से निकालने से, संसद की प्रजातंत्रीय व्यवस्था पर आघात होता है तथा साथ ही सांसद की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का हनन है।
- राहुल गांधी ने यह भी लिखा कि, रूल 380 को पक्षपाती तरीके से लागू किया गया है। अनुराग ठाकुर के भाषण में कई असत्य आरोप लगाये गये हैं, जिनका कोई आधार नहीं है, पर, उनके भाषण का केवल एक शब्द कार्यवाही से निकाला गया, पर, उनके (राहुल गांधी के) भाषण का काफी बड़ा हिस्सा, लगभग आधे से ज्यादा, सदन की कार्यवाही से निकला गया।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 जुलाई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को लिखे एक पत्र में लोकसभा में विपक्ष के नेता व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इस बात को लेकर चिन्ता प्रकट की है कि सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उनके द्वारा दिए गए भाषण में से कुछ महत्वपूर्ण अंशों को सदन की कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटा दिया गया है।

इस कार्यवाही पर दुःख और निराशा प्रकट करते हुए गांधी ने कहा कि जिस तरीके से उनकी टिप्पणियों को अधिकारिक कार्यवाही से हटाया गया है उससे यह संकेत मिलता है कि इस तरह की कार्यवाही संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांतों का तथा निर्वाचित जनप्रतिनिधि के अधिकारों का हनन होता है।

संसदीय परम्पराओं व प्रक्रियाओं के विषय विशेषज्ञों व वरिष्ठ जानकारों को इस बात से आश्चर्य हुआ है कि लोकसभा अध्यक्ष सदन के पहले दिन से ही पक्षपात पूर्ण भूमिका निभा रहे है।

इससे यह बिल्कुल साफ है कि मोदी सरकार विपक्ष के साथ जंग की मुद्रा में है और वह विपक्ष के प्रति अपने अड़ियल रवैये को बदलने के लिए तैयार नहीं है परन्तु सदन के पीठासीन अधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि वे एक संयमित नियंत्रक की भूमिका को अदा करें तथा ईमानदारी से मध्यस्थता करें परन्तु बिड़ला इसके ठीक विपरीत आचरण कर रहे है।

विपक्ष के नेता ने माना कि आसन को यह अधिकार है कि वह लोकसभा में कामकाज का संचालन व प्रक्रिया के नियम 380 के अनुसार कुछ टिप्पणियां रिकॉर्ड से हटा सकते हैं, राहुल ने इस पर तर्क दिया कि उनके भाषण से हटाया गया अंश तथाकथित नियम का उल्लंघन नहीं करता है।

गांधी ने लिखा कि ''मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि भाषण का जो भाग विचारणीय था उसे निष्कासन की आड़ में कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटा दिया गया।''

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दो हजार के 97.87 प्रतिशत नोट रिज़र्व बैंक के पास वापस आए

नयी दिल्ली, 2 जुलाई (वार्ता)। रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया ने कहा है कि, 2000 रुपये के 97.87 प्रतिशत नोट उसके पास वापस आ गए हैं। ये नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

रिजर्व बैंक ने एक विज्ञिप्त में कहा कि 19 मई को कारोबार की समाप्ति पर

- रिजर्व बैंक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 19 मई को कारोबार की समाप्ति पर 2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। जिसमें से 97.87 प्रतिशत नोट आर. बी. आई. को पुनः मिल चुके हैं।

2000 रुपये के बैंक नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था। अब 28 जून को कारोबार की समाप्ति कुल 7581 करोड़ रुपये के 2000 रुपये के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जयपुर में एयरोसिटी, कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनेगा

### मुख्यमंत्री भजनलाल की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने महत्वपूर्ण निर्णय लिये

- किशनगढ़, झालावाड़, भीलवाड़ा में फ्लांइग स्कूल खुलेंगे।
- अक्षय ऊर्जा के लिये भूमि आवंटन नियमों में संशोधन।
- गहलोत सरकार के गाँधी वाटिका अधिनियम को समाप्त करने के लिये विधेयक लाया जायेगा।

जयपुर, 2 जुलाई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में कई मुद्दों पर फैसले लिए गए, जिनमें प्रदेश में विमानन क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का विकास, बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दृष्टि से नियमों में संशोधन और गांधी दर्शन संग्रहालय के संचालन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा, उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी।

उप मुख्यमंत्री एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द्र बैरवा ने बताया कि दानदाताओं को सम्मानित करने एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चूरू जिले के राजकीय महाविद्यालय, साहवा का नामकरण मोहनी देवी चाचान राजकीय महाविद्यालय, साहवा, बाड़मेर जिले के राजकीय महाविद्यालय, धोरीमन्ना का नामकरण शांति देवी उदयराज गांधी राजकीय महाविद्यालय, धौरीमन्ना एवं बीकानेर जिले के राजकीय कन्या महाविद्यालय, श्रीडूंगरगढ़ का नामकरण राजकीय सदू देवी पारख कन्या महाविद्यालय, श्रीडूंगरगढ़ करने की स्वीकृति मंत्रिमंडल ने दी है।

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में अक्षय ऊर्जा नीति, 2023 एवं राजस्थान भू-राजस्व (अक्षय ऊर्जा पर आधारित विद्युत संयत्रों की स्थापना हेतु राजकीय भूमि का आवंटन) नियम, 2007 के प्रावधानों में संशोधन किये जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। उन्होंने बताया कि अब तक राज्य सरकार की ओर से विद्युत क्षेत्र में करीब सवा दो लाख करोड़ रुपए के एमओयू किए जा चुके हैं। अब इन संशोधनों से प्रदेश में बिजली क्षेत्र में 2 लाख करोड़ के नए निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में उपलब्ध सौर विकिरण का समुचित उपयोग करने हेतु आवंटन नियमों में प्रासंगिक बदलाव किया गया है जिससे सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन डीएलसी दर के 7.5 प्रतिशत पर किया जा सकेगा। साथ ही, अब 2 हैक्टेयर भूमि पर एक मेगावाट की दर से सौर ऊर्जा उत्पादन हो सकेगा।

कर्नल राठौड़ ने बताया कि प्रदेश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क में सुधार करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नागरिक विमानन नीति 2024 को मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की है। यह नीति विमानन प्रशिक्षण सुविधाओं, विमानन रखरखाव सेवाओं को बढ़ाने और एयरोस्पेस गतिविधियों को विकसित करने पर केन्द्रित है।

इसके अंतर्गत किशनगढ़, झालावाड़ और भीलवाड़ा में फ्लाइंग स्कूल खोले जाएंगे और कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि, जयपुर में एयरोसिटी बनाई जाएगी, जिसमें होटल, रेस्त्रां सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रदेश के विभिन्न हवाई अड्डों पर कार्गो सुविधा प्रारम्भ की जाएगी।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता में बताया कि गांधी वाटिका न्यास, जयपुर अधिनियम-2023 को समाप्त करने के लिए विधानसभा में विधेयक लाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 2023 में लाए गए अधिनियम की विभिन्न धाराओं में उपाध्यक्ष को असीमित वित्तीय शक्तियां दी गई थीं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि गांधी दर्शन संग्रहालय का संचालन जारी रहेगा तथा अन्य विभागों के अधीन संचालित संग्रहालयों का संचालन संबंधित विभाग द्वारा ही किया जा रहा है, ऐसी स्थिति में गांधी दर्शन संग्रहालय के संचालन एवं प्रशासनिक क्रियान्वयन हेतु पृथक गांधी वाटिका न्यास की आवश्यकता नहीं है।

## 6 आई.ए.एस. अफसरों का तबादला

जयपुर, 2 जुलाई (कासं)। राजस्थान सरकार ने मंगलवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 6 अधिकारियों के तबादले किए हैं। आदेश के मुताबिक प्रवीण गुप्ता को मुख्य

- नवीन महाजन को राज्य का मुख्य निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है तथा पूर्व मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता को पी.डब्ल्यू.डी. में भेज दिया गया है।

निर्वाचन अधिकारी के पद से हटाकर सार्वजनिक निर्माण विभाग (पी.डब्ल्यू.डी.) में प्रमुख शासन सचिव के पद पर लगाया है। संदीप वर्मा को पी.डब्ल्यू.डी. से हटाकर राजस्थान राज्य भंडारण निगम में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का जिम्मा दिया गया है। नवीन महाजन को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

अज्ञानी होना मनुष्य का असाधारण अधिकार नहीं है बल्कि स्वयं को अज्ञानी जानना ही उसका विशेषाधिकार है। –राधाकृष्णन

# आज़ादी का अमृतकाल आ गया मगर असमानता नहीं मिटी

संविधान में समानता और न्याय को स्वतंत्र भारत का आदर्श बना देने के बाद भी समता वाले राज्य और समाज की रचना अब भी दिवास्वप्न ही बनी हुई है। सबको बराबरी का हक़ और संपन्नता में सबकी बराबर भागीदारी की पोल तो सरकारी आंकड़े ही खोलते हैं। ये आंकडे बताते हैं कि जहां गरीबी और असमानता व्यापक रूप से मौजूद है वहीं एक छोटा सा तबका धन–धान्य में खेल रहा है। भारत में सिर्फ दस प्रतिशत लोगों के पास देश की आधे से भी ज्यादा 57 प्रतिशत संपत्ति है जबकि देश की आधी आबादी सिर्फ 13 प्रतिशत संपत्ति पर गुजारा करने को मजबूर है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि राजनैतिक दलों की प्राथमिकता केवल सत्ता पाना रह गया है। सदियों से चले आ रहे सामंती व्यवहार वाले समाज को बदल कर उसे लोकतान्त्रिक मूल्यों से पोषित करने का काम राजनेताओं और राजनीति ने बहुत पहले ही छोड़ दिया। दुनिया में पहली बार राजनीति को पवित्र बनाने का प्रयत्न करने वाले महात्मा गांधी ने इसीलिए यह तज़बीज दी थी कि कांग्रेस को अपने को बदल कर ज़मीनी स्तर पर समाज को बदलने के काम करने में लग जाना चाहिये। वे जानते थे कि एक बराबरी वाला समाज बनाने के लिए समाज सेवा करने वालों को धरती पर जड़ों में काम करके लोगों के दिलों को बदलना होगा। बदलना भी जोर जबरदस्ती से नहीं बल्कि प्रेम से। लेकिन ब्रितानवी शासन की रुखसत के बाद जब गणतांत्रिक भारत बना तब संविधान की किताब तो हम भारत के लोगों के हाथ में आ गई मगर आगे की राह दिखाने के लिए गांधी न रहे और राजनीति भटकती ही चली गई। यह विडंबना ही है कि संवैधानिक की बेहतरीन व्यवस्थाओं के बावजूद सामाजिक और आर्थिक समानता वाला समाज देश के अमृतकाल के बाद भी नहीं बन सका है। अवसरों तथा आर्थिक असमानता तो सर्वत्र नज़र आती है। राजनीति से सेवा का भाव तिरोहित हो गया है। आज राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर लोकतान्त्रिक संस्थाओं का जैसा स्वरूप बन गया है वह राजनीतिक अर्थव्यवस्था की प्रक्रिया का ही परिणाम हैं। जब यह कहा जाता है कि देश में लोकतंत्र कमजोर हो रहा है तब उसका आशय संविधान प्रदत्त लोकतांत्रिक संस्थाओं के क्षरण से होता है जिनमें संसद तथा विधानसभाएं भी शामिल है। लोकसभा तथा राजस्थान विधान सभा का पिछला पूरा कार्यकाल सदनों के उपाध्यक्ष का चुनाव किये बिना बीत गया, किसी के कोई फर्क नहीं पड़ा। कहने को तो लोकतंत्र संविधान की किताब से चलता है मगर असल में वह उसके नियंताओं की नीयत से चलता है। लोकतंत्र को तानाशाही हथकंडों से नहीं चलाया जा सकता। वह अत्यंत मुलायम सहमति से चलता है। लोकतंत्र से हमने सत्तावादी राजतंत्र जैसी पुरानी सामंती व्यवस्थाओं से आजादी पाने का हक़ पाया है। संविधान ने अपने अनुच्छेद 15 के जरिए भारत के लोगों को बुनियादी अधिकार दिए हैं जिसमें सब नागरिकों के बीच समानता की उद्घोषणा है। लेकिन समस्या आती है प्रतिस्पर्धी राजनीति में वर्ग, जाति और सामाजिक–धार्मिक समुदायों से जो राजनीति में घुन की तरह लग गए हैं। इन सारे वर्गों में उनके आंतरिक स्वरूप में भी भेदभाव वाले कड़े पदानुक्रम मौजूद हैं। न केवल बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समूहों के बीच, बल्कि कमजोर समुदाय के भीतर भी पदानुक्रम असमानता है जो संवैधानिक प्रावधानों से नहीं सामाजिक अभियानों से ही हटाई जा सकती है, मगर राजनेताओं ने अपने हित साधने के लिए चुनावों में इस सामाजिक भेद का उपयोग करते हुए उसे अनौपचारिक रूप से संस्थागत बना रखा हैं। समतावादी समाज की रचना में राजनेताओं की कोई रुचि नहीं नहीं नज़र आती। इससे समस्त वैधानिक व्यवस्थाओं के बावजूद अंत्योदय की बात किताबों में पढ़ने तक सीमित रह जाती है और व्यवहार में नहीं आती।

संविधान राज्य से अपेक्षा करता है कि वह सबके साथ समता से व्यवहार करेगा। किन्तु विडंबना यह है कि राज्य ने खुद वर्गों के पैमाने बना दिए हैं। जैसे वह एक वर्ग सरकारी कर्मियों के जीवन यापन के लिए अलग पैमाना तथा दूसरे वर्गों के लिए अलग पैमाना रखता है। देश की 70 प्रतिशत जनता गरीब है, यह प्रधानमंत्री भी मानते हैं। कोई पूछे कि ऐसे में सरकारी कर्मचारियों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों तथा कॉर्पोरेट जगत के लोगों की प्रतिव्यक्ति आय गरीबों की प्रतिव्यक्ति आय से कितनी गुना अधिक है और क्यों है? मानव विकास के संकेतक लगातार इस आर्थिक असमानता की तरफ हमारा ध्यान खींचते हैं लेकिन दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने तथा उच्च आर्थिक विकास दर के बावजूद असमानता की यह खाई बनी हुई है। नई बाज़ारोन्मुख अर्थव्यवस्था में देश के विभिन्न सामाजिक–आर्थिक समूह अपने–अपने लिए कुछ लाभ प्राप्त करने और उन्हें सुरक्षित रखने के प्रयत्न में ही लगे नज़र आते हैं। यह भी सामने दिखता है कि राजनीतिक लामबंदी के माध्यम से राजनेता अपने–अपने समुदायों के नाम पर खुद अपने और अपने परिवारों के हितों की रक्षा करने की जुगत में लगे रह कर गैरसमतावादी समाज को पुष्ट करने में लगे रहे हैं। जातियों के समूहों को भी इसी में अपना हित लगने लगता है, भले ही मलाई उन जातियों के नेता ले उड़ें। नागरिक समाज के संगठन भी इसी बहती गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। इस खेल का सैद्धांतिक ढांचा ऐसा है कि जिनके पास अधिक शक्ति है वे लाभ का अनुपातहीन हिस्सा हासिल कर लेते हैं। इसलिए इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होनी चाहिए कि आज भी भारतीय समाज में राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक असमानताएं बनी हुई हैं। जिनके पास सत्ता और धन की ताकत है सत्ता की संरचनाएं उनके अनुकूल होती चली जाती हैं। इसीलिए सभी लोग सत्ता के गलियारे में अपनी जगह बनाने की जुगत में लगे रहते हैं। स्पष्ट रूप से, वर्तमान संस्थानों की कार्यप्रणाली आर्थिक शक्ति के असमान वितरण और राजनीतिक शक्ति तक आम जन की असमान पहुंच से संचालित होती है। इसके परिणामस्वरूप सामाजिक हैसियत में भी असमानता अपनी जड़ें जमा लेती है। इसने एक दुष्चक्र पैदा कर दिया है। असमान शक्ति संरचना संस्थानों की प्रकृति और कार्यप्रणाली और उनकी नीतियों को प्रभावित करती है। यह स्थितियां देश की बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था में गरीब की लोकतांत्रिक भागीदारी को बाधित करती हैं।

> **भारत में सिर्फ दस प्रतिशत लोगों के पास देश की आधे से भी ज्यादा 57 प्रतिशत संपत्ति है जबकि देश की आधी आबादी सिर्फ 13 प्रतिशत संपत्ति पर गुजारा करने को मजबूर है। ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि राजनैतिक दलों की प्राथमिकता केवल सत्ता पाना रह गया है। सदियों से चले आ रहे सामंती व्यवहार वाले समाज को बदल कर उसे लोकतान्त्रिक मूल्यों से पोषित करने का काम राजनेताओं और राजनीति ने बहुत पहले ही छोड़ दिया।**

लोकतंत्र एक ऐसी शासन व्यवस्था है, जिसमें कोई भी बालिग नागरिक निर्वाचन में खड़ा हो सकता है या खड़े हुए व्यक्तियों में से किसी एक को अपनी स्वेच्छा से मत देकर अपना प्रतिनिधि चुन सकता है। इसे लोकतंत्र में नागरिक की शक्ति का प्रयोग कहते हैं। नागरिक जब मतदान करता है तो वह अपना शासक नहीं चुन रहा होता है, अपना प्रतिनिधि चुन रहा होता है जिससे वह अपेक्षा होती है कि वह संसद या विधान सभाओं में जाकर नागरिक जो चाहते हैं वह बात करे। आज़ादी के बाद गणतांत्रिक व्यवस्था में ऐसा नहीं हो पाया है। निर्वाचित प्रतिनिधि निर्वाचित होकर शासक बन बैठता है और अपेक्षा करता है कि नागरिक उसके हिसाब से व्यवहार करे। यह लोकतंत्र के शीर्षासन की स्थिति है। इस देश का कोई नागरिक नहीं चाहता कि उसका निर्वाचित प्रतिनिधि सदनों की कार्यवाही बाधित करे, वहां शोर मचाए या धरना दे। देश का नागरिक चाहता है कि उसका प्रतिनिधि विधि निर्माता के रूप में प्रत्येक बहस में गंभीर भागीदारी करे और सदनों में नागरिकों के जीवन से जुड़े मुद्दों के हल के लिए हां पक्ष और ना पक्ष के बीच मोटी सहमति हो, न कि झगड़ा हो। कोई उलझा हुआ मुद्दा हो तो निर्वाचित प्रतिनिधि नागरिकों के पास आये और जानें कि आम अवाम क्या चाहता है। मगर यहां सवाल स्वाभाविक ही उठ खड़ा होता है कि निर्वाचन की संविधान सम्मत व्यवस्था के बाहर प्रबुद्ध नागरिक समाज के केंद्र कहां हैं? भारतीय समाज धर्मों, जातियों और पंथों में बिखरा हुआ है। निर्वाचन प्रणाली में इस बिखराव का चतुर राजनेता लाभ उठाते हैं और एक सुंदर लोकतंत्र सपना ही बना रह जाता है। इस बिखराव से निर्वाचित राजनेताओं पर नागरिकों का अंकुश नहीं रह पाता। चुनाव के लिए प्रत्याशी चुनने में भी नागरिकों की कोई भूमिका नहीं होती। जनतान्त्रिक समाज की आदर्श व्यवस्था तो यह होती है कि नागरिक ही अपने प्रत्याशी चुनें और फिर बहुमत से उनमें से किसी एक को सदनों में भेजे। मगर प्रत्याशियों के चयन का काम राजनैतिक दल करते हैं और नागरिकों को उन्हीं के चयन पर मतदान करना होता है। जयप्रकाश नारायण की सम्पूर्ण क्रांति की ललकार के बाद सभ्य समाजों ने ऐसे थोड़े बहुत प्रयास जरूर किये कि नागरिक अपने प्रत्याशी खुद चुनें। मगर दलविहीन राजनीति का यह प्रयोग सम्पूर्ण क्रांति की भांति असफ़ल रहा। इसके लिए जिस प्रकार की ज़मीन तैयार करने की जरूरत होती है वैसा करने वाला कोई सशक्त संगठन नहीं बन पाया। जेपी आंदोलन से निकल कर राजनीति में गये युवाओं में से भी अनेक बाद में जाकर बुरे राजनेता साबित हुए। पिछले दो दशकों में ऐसे आंदोलन भी उभरे जिनसे लोगों को लगा कि नई सुबह आने ही वाली है, मगर उन्हें निराश ही हाथ लगी। लोकतंत्र की सफलता के लिए आम अवाम का भी संजीदा और समझदार होना अपेक्षित होता है। हमारे देश में अवाम की वैसी शिक्षा कभी हो नहीं पाई। जनता को लोकतान्त्रिक व्यवस्था के लिए जागरूक करने में राजनीतिक दलों व उनके कार्यकर्ताओं की प्रमुख भूमिका होती है। ऐसा नेतृत्व का उभरना तभी संभव है जब आमजन लोकतन्त्र और राजनीति के प्रति उदासीनता त्याग कर आभासी सोशल मीडिया पर आलोचनाओं और बहसों से आगे बढ़कर ज़मीनी स्तर पर काम करे और राज्य के संचालकों से दृढ़ता से सवाल करे और जवाब मांगे।

–अतिथि संपादक,
राजेन्द्र बोड़ा
(वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक)

# विश्वविद्यालय वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का निर्माण करें : राज्यपाल

■ कोटा विश्वविद्यालय का 10वां दीक्षांत समारोह आयोजित



राज्यपाल कलराज मिश्र ने कोटा विश्वविद्यालय में 60 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं 49 विद्यावाचस्पति उपाधियां प्रदान की।

**कोटा,** (निसं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालय वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार करते हुए रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों का निर्माण करें। उन्होंने विश्वविद्यालयों को कौशल विकास से संबंधित शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए 'विकसित भारत 2047' की संकल्पना को साकार करने का आव्हान किया।

राज्यपाल मंगलवार को कोटा विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं विद्या वाचस्पति अभ्यर्थियों को गोल्ड मेडल एवं उपाधियां प्रदान करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में कन्या छात्रावास, धनवन्तरी भवन एवं बॉस्केबॉल, वॉलीबॉल, टेनिस कोर्ट का लोकार्पण भी किया। राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं बल्कि नव–जीवन का प्रारंभ है। यह वह अवसर है जब विद्यार्थी प्राप्त शिक्षा का राष्ट्र और समाज के उत्थान में उपयोग करने के लिए तैयार होता है। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने साक्षी जैन को कुलाधिपति पदक, पूजा साहू को कुलपति पदक जबकि 60 छात्र–छात्राओं स्वर्ण पदक एवं 49 विद्यावाचस्पति उपाधियां प्रदान की। कोटा विश्वविद्यालय की ओर से कुल 88 हजार 692 उपाधियां प्रदान की गई हैं। इनमें 43 हजार 677 छात्र (49 प्रतिशत) एवं 45 हजार 15 छात्राएं (51 प्रतिशत) शामिल हैं। राज्यपाल ने 51 फीसदी छात्राओं के उपाधि हासिल करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ ने पर खुशी जताते हुए कहा कि बेटियों को अवसर प्रदान किए जाएं तो वे किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। छात्राएं अपनी प्रतिभा का समुचित सदुपयोग कर निरंतर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने आव्हान किया कि छात्र–छात्राएं सामूहिक सहयोग से विकसित भारत का संकल्प पूरा करें। उन्होंने कहा कि इस समय हमारा देश अपने अमृत काल में है।

जी–20 की अध्यक्षता भारत को मिली है और इस कार्यकाल ने भारत को एक महाशक्ति के रूप में उभारा है। भारत इस समय विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है। भारत के भविष्य को गढ़ ने के सबके प्रयास एक नए भारत की नींव का निर्माण करने वाले है। मुझे विश्वास है कि 2047 में भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में समुचित विश्व का नेतृत्व करेगा।

राज्यपाल ने कहा कि नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति कौशल विकास आधारित शिक्षा पर केन्द्रित है। यह रोजगारोन्मुखी होने के साथ चरित्र-निर्माण, ज्ञान–विज्ञान व आध्यात्मिक विकास के साथ देश और समाज की सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा और संरक्षण से जुड़ी है। कोटा विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत क्रेडिट आधारित सेमेस्टर प्रणाली लागू करने तथा इस ग्रेडिंग प्रणाली में सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन के साथ-साथ नैतिक मूल्य आधारित कौशल विकास से संबंधित पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान देने की उन्होंने सराहना की।

उन्होंने कहा कि कोटा विश्वविद्यालय ने स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए सतत् मूल्यांकन को जोड़कर प्रदेश में एक अनूठी पहल की है। समारोह की शुरूआत में राज्यपाल ने संविधान की उद्देशिका एवं मूल कर्तव्यों का वाचन किया। दीक्षान्त भाषण में वनस्थली विद्यापीठ की कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री ने कहा कि शिक्षा का ध्येय मात्र पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करना नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य मनुष्य का चारित्रिक निर्माण तथा ज्ञान के माध्यम से उसके व्यक्तित्व का विकास है। विश्वविद्यालय की कुलपति, प्रो नीलिमा सिंह ने विश्वविद्यालय प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में कुलपति प्रो.नीलिमा सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया। अंत में कुलसचिव प्रो.रीना दाधिच ने धन्यवाद ज्ञापित किया। दीक्षान्त समारोह में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो.एसके सिंह, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.अभय कुमार व्यास सहित कला, समाज विज्ञान, विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, विधि संकाय व जीव विज्ञान के अधिष्ठाता उपस्थित थे।

# ग्वार की अवैध खेती से वन्यजीवों के संरक्षण में आई बाधा

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जैसलमेर जिले में वन विभाग की जमीन पर अतीकर्मियों द्वारा ग्वार की खेती कर के अरबों रूपये कमाने के दौरान वन्यजीवों के जीवन पर भारी संकट आया उस दौरान ग्वार के भाव 6 गुना बढ कर 3सौ रुपए प्रति किलोग्राम हो जाने से स्वार्थी लोगों ने वन विभाग के कर्मचारियों से मिल कर वन्यजीवों की जमीन को भी नही बक्सा सरकारी जमीन पर वन्यजीवों के शत्रु बन कर कानून को अपने हाथ में लेकर गोडावण व अन्य जीवों के संरक्षण को धता बताते हुए कृत्य करने वालों को कोई आंच नहीं आई।

हालांकि वन्य एरिया में लगी हाइटेंशन लाइनें भी गोडावण की मौत के लिए जिम्मेदार है। जिसे लेकर वन्यजीव प्रेमियों द्वारा कई बार विरोध भी जताया जा चुका है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने इन हाइटेंशन लाइनों को अंडरग्राउंड करने को लेकर कई बार पाबंद भी किया है। लेकिन इसके बावजूद अब तक हाइटेंशन लाइनों को अंडरग्राउंड नहीं किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने गोडावण व अन्य जीवों के सरंक्षण के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करके जैसलमेर भेजा। सुप्रीम कोर्ट ने इस समिति का गठन कर उन्हें वन्यजीवों के संरक्षण के उपायों के साथ ही ओवरहेड व अंडरग्राउंड केबल व दायरे का निर्धारण करने का काम सौंपा। 30 जून को समिति के पदाधिकारी जैसलमेर पहुंचे। उन्होंने सोमवार को फील्ड विजिट कर अपनी रिपोर्ट तैयार की।

गौरतलब है कि अब तक हाइटेंशन लाइन से टकराने पर करीब 9 गोडावणों की मौत हो चुकी है। 2021 में पर्यावरणविद और वन्यजीव विशेषज्ञ एमके रंजीत ने एक रिट याचिका पेश कर समिति के गठन की बात की थी। उन्होंने ऊर्जा संयंत्रों के पास हाइटेंशन वाले तारों से टकराने पर वन्यजीवों व गोडावण की मौत पर प्रकाश डाला था। जिस पर मामले में संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस साल मार्च में सात सदस्यीय कमेटी बनाने का निर्देश दिया था।जैसलमेर के डीएनपी एरिया के आस पास सोलर प्लांट आ गए हैं। जिससे नए जीएसएस का निर्माण किया जा रहा है। इन्हीं जीएसएस तक बिजली आपूर्ति करने के लिए हाइटेंशन लाइनें बिछाई गई है। डीएनपी क्षेत्र में कुछ जगह अंडरग्राउंड केबल करना असंभव है।

ऐसे में उन जगहों को चिन्हित कर वहां बर्ड डायवर्टर लगाएं जाएं। हालांकि कुछ जगह बर्ड डायवर्टर लगाए जा चुके हैं। लेकिन कुछ जगह अंडरग्राउंड केबल भी बिछाई जा सकती है। वन्यजीवों के लिहाज से हाइटेंशन लाइन उनकी उड़ान में बाधा बन रही है। वहीं जैसलमेर के लिहाज से सोलर प्लांट भी काफी महत्वपूर्ण है।

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के निदेशक राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड के सदस्य डॉ हरिशंकर सिंह, पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ निरंजनकुमार वासु, पूर्व मुख्य वन्यजीव वार्ड और महाराष्ट्र प्रधान मुख्य वन संरक्षक बी मजूमदार, कार्बेट फाउंडेशन उपनिदेशक डॉ देवेश गढ़वी, ऊर्जा विभाग के नवीन और नवीनीकरण संयुक्त सचिव ललित बोहरा तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त सचिव को जैसलमेर भेजा है। इनके साथ केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के सदस्य अशोककुमार राजपुर व सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी पीसी गर्ग को विशेष आमंत्रित सदस्य बना कर भेजा है। गोडावण संरक्षण के लिए गठित विशेषज्ञ टीम ने मुख्य रूप से बिजली लाइनों पर स्थापित बर्ड डायवर्टर की गुणवत्ता को चेक किया साथ ही बर्ड डायवर्टर के लिए उच्च मानक तय किया। इसके अलावा यह भी देखा कि फील्ड में लगे सभी बर्ड डायवर्टर अपनी मानकों पर खरे उतर रहे है या नहीं। समिति ने बर्ड डायवर्टर के साथ ही अंडरग्राउंड केबल का भी निरीक्षण किया।

जिले के वरिष्ठ नागरिक कमल ने बताया कि ज्यादातर सर्वे करने वाली टीमों में आने वाले यहाँ मौज मस्ती करके चले जाते है इस बार सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई टीम आई है तो वन्यजीवो के हित में कुछ समाधान होने की उम्मीद की जा सकती है।

डीएफओ डीएनपी आशीष व्यास ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार गठित हुई कमेटी के सदस्यों ने जैसलमेर पहुंच कर दो दिन तक फील्ड विजिट किया। हाइटेंशन लाइनों को अंडरग्राउंड करवाने की बात कहते हुए कमेटी के सदस्यों ने गोडावण संरक्षण की रिपोर्ट बनाई है।

# छबड़ा से कडैयानोहर को जोड़ने वाली संपर्क सड़क का हाल बेहाल, आवागमन बाधित

**छबड़ा** (निसं)। आज भी ग्रामीण अंचलों में सड़क की समस्या महत्वपूर्ण समस्या बनी हुई है।

छबड़ा से कडैयानोहर को जोड़ने वाली संपर्क सड़क का हाल खस्ता होने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर वाहन चलाने को मजबूर हैं।

छबड़ा से कडैयानोहर को जोड़ने वाली सम्पर्क सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण खांकरा, कडैयानोहर, कुण्डी, पटना, लोधपुरिया, अमीनपुरा, खेरखेड़ानाथूराम, युसुफपुरा आदि गांव के ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही हैं और यह समस्या वर्षा के दिनों ओर अधिक बढ़ जाती है। इस क्षतिग्रस्त सड़क पर से वाहन लेकर चलना तो दूर की बात है पैदल चलना भी मुसीबत से कम नहीं है। कहीं–कहीं तो इस सड़क पर बड़े–बड़े गड्ढे हो चुके हैं। राहगीर इस रास्ते से जान जोखिम में डालकर गुजरने को मजबूर हैं। सड़क का खस्ताहाल रोजाना हादसों को न्यौता दे रहा है। सड़क जर्जर होने के कारण षिक्षक, ग्रामीण कमर दर्द से पीड़ित होने लगे हैं।

**स्कूल आने–जाने वाले बच्चों को परेशानी:–** ग्रामीणों के अनुसार बारिश के सीजन में स्कूल आते–जाते समय इस क्षतिग्रस्त सड़क से गुजरने वाले विद्यार्थी कीचड़ में फिसल कर अनेकों बार गिर चुके हैं। उनकी यूनीफार्म तक खराब हो जाती हैं। मार्ग में पानी जमा होने व दलदल की वजह से विद्यार्थी स्कूल नहीं जा पाते, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो जाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षा का मौसम उनके लिए वनवास जैसा हैं। ना साइकिल चल पाती हैं ना दोपहिया वाहन।



छबड़ा से कडैयानोहर को जोड़ने वाली संपर्क सड़क का हाल खस्ता होने के कारण लोग जान जोखिम में डालकर वाहन चलाने को मजबूर है।

**मरीज चिकित्सालय तक नहीं पहुंच पाते:–** ग्रामीणों का कहना है कि अगर कोई बीमार हो जाएं तो गांव तक एम्बुलेंस नहीं आ पाती। मुख्यालय तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पडता हैं। बरसात में जहरीले जीव जंतुओं का डर हमेशा बना रहता हैं। इसके अलावा आसपास के गांवों की आबादी भी इस खराब सड़क की वजह से परेशानी झेल रही है। यह सड़क गांव के लोगों के लिए मुख्य सड़क है। सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण जरा सी बरसात में यह मार्ग न केवल कीचड़ में तब्दील हो जाता, बल्कि सामान्य मौसम में भी ऊबड खाबड़ के हालात बने रहते हैं। बारिश की वजह से कई स्थानों पर जलभराव जैसी नौबत बन जाती है।

## राशिफल बुधवार 3 जुलाई, 2024



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, द्वादशी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, रोहिणी नक्षत्र रात्रि 4:07 तक, शूल योग प्रातः 9:01 तक, तैतिल करण प्रातः 7:11 तक, चन्द्रमा वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–वृष, मंगल–मेष, बुध–कर्क, गुरू–वृष, शुक्र–मिथुन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन–रात है। आज प्रदोष व्रत, रोहिणी व्रत (जैन) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:06 तक, शुभ 10:48 से 12:30 तक, चर 3:56 से 5:18 तक, लाभ 5:18 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:41, सूर्यास्त 7:20

### मेष




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष



मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मिथुन



आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य के संबंध में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### कर्क




आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

### सिंह




व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### कन्या




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### तुला



व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

### वृश्चिक




परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### धनु




स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा है।

### मकर




व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### कुंभ



घर–परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### मीन



परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

# ऑटो रिक्शा चालकों ने यातायात ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया



300 से अधिक ऑटो चालकों ने यातायात ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया।

- दरगाह क्षेत्र में सवारियों को लेकर जाने की अनुमति मांगी

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर ऑटो रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में मंगलवार को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के ऑटो रिक्शा चालकों ने कोतवाली थाना के पास स्थित यातायात ऑफिस कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और दरगाह क्षेत्र में सवारियों से भरे ऑटो रिक्शा ले जाने की अनुमति देने की मांग की है।

अजमेर ऑटो रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों कालूराम मंत्री सहित ऑटो चालकों ने मीडिया को बताया कि शहर के करीब 300 से अधिक ऑटो रिक्शा, ईरिक्शा चालक एकत्रित होकर आज यातायात पुलिस ऑफिस पहुंचे। उन्होंने बताया कि दरगाह क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के लिए यातायात पुलिस ने ख्वाजा साहब की दरगाह जाने वाले मार्गों पर ऑटो चालकों के प्रवेश पर रोक लगा रखी है, जबकि पूर्व में यूनियन और यातायात पुलिस के बीच हुए बातचीत में हाल निकालने की बात कर आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक उन्हें अनुमति प्रदान नहीं की जा रही है।

उन्होंने कहा कि एक ओर तो पुलिस बस स्टैंड व स्टेशन से सवारियां भर कर दरगाह आने वाले ऑटो चालकों को रोक रही है, वहीं दूसरी ओर धानमंडी ऑटो यूनियन के ऑटो को दरगाह तक जाने दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा भेदभाव हमारे साथ ही क्यों किया जा रहा है, सभी ऑटो चालकों को दरगाह तक जाने की अनुमति दी जाए अन्यथा किसी को भी अनुमति नहीं दी जाए। पदाधिकारी सहित ऑटो चालकों ने बताया कि हनुमान मंदिर दूध वाली गली से पट्टी कटला होते हुए धानमंडी तथा मम्मिया चौक होते हुए ऑटो रिक्शा जा सकते हैं, लेकिन उन्हें दरगाह तक आगे नहीं जाने दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अजमेर में ख्वाजा साहब की दरगाह के चलते जियारत के लिए अजमेर जायरीन की भीड़ आती है, जिसकी वजह से ऑटो चालकों को गुजारा होता है, सवारी भर कर जब जाते हैं और दरगाह तक नहीं छोड़ते तो सवारियों लड़ाई झगड़ा करती है।

यातायात पुलिस द्वारा एक माह से उन्हें आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन उनकी मांगों पर कोई गौर नहीं किया जा रहा है, जिससे आज सभी ऑटो चालकों ने यातायात ऑफिस के बाहर प्रदर्शन कर यातायात पुलिस से दरगाह क्षेत्र में ऑटो चालकों को सवारियां छोड़? की अनुमति देने की मांग की है। यदि उन्हें अनुमति नहीं दी जाती है तो यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

## ट्रांसफार्मर को अन्यत्र लगाने की मांग

**अजमेर, (कासं)।** मदार शक्ति नगर के क्षेत्रवासियों की ओर से नगर निगम के वार्ड नंबर 54 मदार में लगे ट्रांसफार्मर को अन्य स्थान पर लगाने के सम्बन्ध में मदार डिस्कॉम की सहायक अभियन्ता पूजा आर्य को ज्ञापन सौंपा। गणेशी लाल जोशी व प्रवीण राठौड ने ज्ञापन में बताया कि मदार स्थित शक्ति नगर में सामुदायिक भवन के पास दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं जो कि जमीन की सतह से लगभग ढाई फूट कि ऊंचाई पर लगे हुए है इससे कभी भी अनहोनी तथा अप्रिय घटना घटित हो सकती है, इसलिए उपरोक्त ट्रांसफार्मर को ऊंचाई पर लगाना अति आवश्यक है ताकि भविष्य मे कभी अनहोनी तथा अप्रिय घटना से बचा जा सकें। इस पर सहायक अभियन्ता ने विश्वास दिलाया कि उपरोक्त प्रकरण कि शीघ्र ही मौका दिखाकर उचित कार्रवाई कर समाधान करा दिया जाएगा। ज्ञापन देने वालो मे वार्ड नंबर 54 के भाजपा के वार्ड अध्यक्ष प्रवीण राठोड, भाजपा नेता मुन्नाभाई मंसूरी, गणेशी लाल जोशी, सुनिल नेलसन, हाजी रज्जाक मोहम्मद अंसारी इत्यादी मौजूद रहें।

## कार्यशाला में कानूनों की जानकारी दी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग में कार्यशाला का आयोजन कर 1 जुलाई से लागू हुई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम का प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने उपस्थित कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में लागू हुए नए कानून आयोग में काम करने वाले कार्मिक आसानी से समझ और अपना सकें इसके दृष्टिगत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

कार्मिकों की कानूनी बदलावों से संबंधित जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों का जवाब विशेषाधिकारी चेतन त्रिपाठी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी आयोग के कामकाज संबंधित कानूनों पर जानकारी के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाता रहेगा।

कार्यशाला में नवनियुक्त कनिष्ठ विधि अधिकारी राजेश बजाड़ ने भारतीय न्याय संहिता की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने परीक्षाओं में प्रतिरूपण, रिकार्ड में जालसाजी जैसे अपराधों एवं सजाओं के संबंध में भी विस्तार से बताया।

## सार-समाचार

### एडीए ने अतिक्रमण हटाए



**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को बडी कार्यवाही करते हुए कई स्थानों से अतिक्रमण हटाए। एडीए के अधिकारियों ने मंगलवार को गश्ती दल के साथ सराधना, तबीजी, अर्जुनपुरा आदि गावों का मौका निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही सराधना में कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनियों के निर्माण हटाए गए। गांव सराधना के खसरा नम्बर 8431/2412 पर बालूराम द्वारा काटी गई अवैध कॉलोनी के पिलर हटाए व रोड की खुदाई की गई। इसी तरह राजगढ रोड पर खसरा नम्बर 2862, 2867, 2864 व 2865 पर काटी गई अवैध कॉलोनी के पिलर हटाए गए। इसके साथ ही तबीची के खसरा नम्बर 2218 खातेदारी कृषि भूमि पर काटी गई अवैध कॉलोनी के पिलर हटाए गए।

### विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**ब्यावर** (निसं) विधुत लाईनो के अतिआवश्यक कार्य करने हेतु बुधवार को प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक 11 के वी तालाब की पाल फिडर से जुडे क्षैत्र की विधुत आपूर्ती बंद रहेगी। जिसके अंतर्गत तंवर कॉलोनी, श्याम नगर, अजय नगर, आज़ाद नगर, बसंत कॉलोनी, पारस कॉलोनी, लौहार बस्ती, सांख्ला कॉलोनी ,मारोठिया का कुँवा, चौहान कॉलोनी , विजयनगर रोड( बाँके बिहारी बगिची से दादा बाड़ी के पहले)आदि सम्बंधित क्षैत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी ।

### आज बिजली बंद रहेगी

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा विद्युत वितरण निगम के सहायक अभियंता ने बताया कि आवश्यक रखरखाव के चलते 3 जुलाई बुधवार को33/11 केवी जीएसएस रामगढ पर आवश्यक रखरखा व मरम्मत कार्य के कारण विद्युत सप्लाई प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी । उक्त जीएसएस से निर्गत11केवी फीडर तथा 11 केवी फीडर रामगढ़ शहरी ,रामगढ़ ग्रामीण ,देवास ,जीवाणा, दौलतपुरा सेकंड ,नाकोड़ा, आशापुरा माइंस से जुड़े क्षेत्र की विद्युत सप्लाई उक्त समय अंतरकाल में बंद रहेगी।

## विधायक भदेल ने केन्द्रीय रेल मंत्री से की शिष्टाचार भेंट

- रेल मंत्री से अजमेर में चल रहे बड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर की चर्चा

**अजमेर, (कासं)।** दिल्ली प्रवास के दौरान मंगलवार को अजमेर दक्षिण से भाजपा विधायक भदेल ने नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात कर प्रदेश में रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं, सम्पर्क सुविधाओं व रेल कनेक्टिविटी के बेहतर संचालन के लिए आभार व्यक्त किया। भदेल ने अजमेर में रेलवे स्टेशन के विस्तार, निर्माणाधीन आरओबी-आरयूबी के लिए धन्यवाद देते हुए पुष्कर- मेड़ता रेल लाइन के उद्घाटन के लिए अजमेर आने का आमंत्रण दिया।

भदेल ने एलसी-1 सुभाषनगर आरओबी व एलसी-2 डेयरी आरओबी निमार्ण प्रारंभ के लिए आभार प्रकट किया तथा एलसी-44 आरओबी आरयूबी गुलाबबाड़ी निर्माण कार्य की प्रगति की चर्चा करते हुए शीघ्र तकनीकि खामियों को दूर कराने का आग्रह किया। जोंसगंज आरओबी के शीघ्र निर्माण में आ रही बाधाओं का निस्तारण करते हुए कैरिज वर्कशॉप में आरओबी निमार्ण हेतु जगह उपलब्ध कराने का निवेदन किया।

भदेल ने रेल डवलपमेंट ऑथरटी के अधीन प्रोजेक्ट हजारीबाग कार्य में आ रही तकनीकी खामियों को दूर कर कार्य शीघ्र शुरू कराने का आग्रह किया। जिस पर रेल मंत्री ने शीघ्र ही हजारीबाग प्रोजेक्ट आ रही समस्या का निराकरण कराने का आश्वासन दिया। अजमेर-जोधपुर यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए नई ट्रेन चलाने का निवेदन किया। जिस पर रेलमंत्री वैष्णव ने बताया कि रेल लाइन का इलैक्ट्रिफिकेशन कार्य पूर्ण होते ही अजमेर-जोधपुर के लिए नई रेल प्रारंभ की जाएगी तथा रूके हुए कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा अटके पड़े प्रोंजेक्ट्स को शीघ्र प्रारभ कराने का आश्वासन दिया।

## पांच वर्षीय मासूम के शरीर में लगी एयर गन की गोली निकाली



चिकित्सकों ने उपचार के बाद मासूम बच्ची को अस्पताल से छुट्टी देदी।

- जेएलएन के चिकित्सकों ने साढ़े पांच घंटे ऑपरेशन कर बचाई मासूम की जान

**अजमेर, (कासं)।** संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के चिकित्सकों ने पांच वर्षीय मासूम बच्ची का साढ़े पांच घंटे ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई। नील गाय को भगाने के लिए काम में आने वाली एयर गन को खेल-खेल में बच्चों ने चला दिया, गन से निकली गोली (छर्रा) बच्ची की छाती में जाकर अटक गया। 7 दिन आईसीयू में रहने के बाद मंगलवार को चिकित्सकों ने बच्ची अस्पताल से छुट्टी दे दी। बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है।

जेएलएन अस्पताल के सीटीवीएस सर्जन डॉ.प्रशांत कोठारी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर मीडिया को बताया कि 25 जून को डेगाना नागौर निवासी पांच वर्षीय मासूम को गोली लगने पर परिजन जेएलएन अस्पताल लेकर आए। परिजन ने चिकित्सकों को बताया कि घर में बच्चे नील गाय को भगाने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली एयरगन बंदूक से गोली दाग दी। गोली (छर्रा) बच्ची की पीठ से होकर फेफड़ों में आकर रुक गया। मसूम की नाजुक हालत को देखते हुए तत्काल चिकित्सकों ने सीटी स्कैन कराया। उन्होंने बताया कि वे स्वयं और उनकी टीम ने रात 9 बजे ऑपरेशन थियेटर ले गए, जहां उसका पांच घंटे चले ऑपरेशन चला। ऑपरेशन के बाद मासूम के शरीर से गोली (छर्रा) बाहर निकाला।

गोली बच्चे की छाती में आगे जाकर मसल्स के बीच अटकी थी, जो की दबाने पर भी महसूस नहीं की जा रही थी, लेकिन सिर्फ एक्सरे पर दिखाई दे रही थी। रेडियोलोजी विभाग के प्रोफेसर डॉ अविनाश की मदद से उसके एक्सरे थिएटर के अंदर लिए गए। जिसमें यह दिखा की गोली एक्ससीला में है, जिसे काफी मशक्कत के बाद निकाला जा सका। यह पूरा ऑपरेशन करीब साढ़े घंटे चला था। प्रिंसिपल ने बताया कि एक्ससिलरी डिसेक्शन काफी जटिल होता है, जिसमें की हाथ की पैरालिसिस भी हो सकती है।

प्रेसवार्ता में मेडिकल कॉलेज प्रचार्य डॉ.वीर बहादुर सिंह ने बताया कि यह एक्सिलरी डिसेक्शन काफी जटिल होता है। ऑपरेशन के दौरान गोली बच्ची के शरीर में नजर नहीं आ रही थी। ऑपरेशन के दौरान एक्स-रे लिया और इसके बाद गोली को बाहर निकाला जा सका। ऑपरेशन के बाद शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.जयप्रकाश नारायण की देख रेख में उसे पीडियाट्रिक्स आईसीयू में रखा गया। आईसीयू में सात दिन रखने के लिए स्वास्थ्य में सुधार के बाद मंगलवार को उसे डिस्चार्ज दिया गया।

## बाइक को आग लगाई

**मकराना, (निसं)।** शहर के माताभर क्षेत्र में स्थित एक बाड़े में रविवार रात को अज्ञात लोगों ने एक सीडी डीलक्स बाइक को आग लगा दी। सुबह उधर से गुजर रहे राहगीरों ने बाड़े में बाइक को जली हालात में देखा।

मामले के अनुसार माताभर रोड़ पर इकबाल सिसोदिया का घड़ाई का कारखाना मौजूद हैं। जिसके सामने ही इकबाल सिसोदिया का एक खाली बाड़ा है जहां मार्बल घड़ाई के काम के बाद बचने वाले मार्बल पत्थर टुकड़े आदि रख दिए जाते हैं। इस तरफ मार्बल के बाड़े है और कम आबादी के कारण रात में क्षेत्र सूना ही रहता हैं। यहां कोई कैमरे भी नहीं लगे हैं। सूने बाड़े के बाउंड्री वॉल भी नहीं है। जिसके चलते खुले बाड़े में से होकर लोगों का माताभर से इकबालपुरा की ओर आवागमन होता है। लेकिन रात के समय इस ओर का क्षेत्र सूना रहता है।


**आम सूचना**

मेरे भाई रोडू ( अविवाहित ) पुत्र मोठू माली का स्वर्गवास दिनांक 30 अक्टुबर 2007 को मेरे निवास स्थान सरवाड़ी गेट, किशनगढ़ जिला अजमेर पर हो गया, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-जीतू सैनी पुत्र मोठू माली

**आम सूचना**

मेरी मां श्रीमती गीता देवी माली का स्वर्गवास दिनांक 15 अप्रैल 1996 को एवं मेरे पिता मोठू पुत्र छोटू माली का स्वर्गवास दिनांक 11 फरवरी 2003 को मेरे निवास स्थान सरवाड़ी गेट, किशनगढ़ जिला अजमेर पर हो गया, जिनके मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे।

प्रार्थी-जीतू सैनी पुत्र मोठू माली


## सम्मान समारोह स्थगित

**अजमेर, (कासं)।** राजस्व मंडल की ओर से आगामी 10 से 12 जुलाई तक अजमेर के आरआरटीआई सभागार में आयोजित होने वाली पीठासीन अधिकारियों की निर्णय लेखन कार्यशाला आगामी आदेशों तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

राजस्व मंडल अध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने बताया कि राजस्थान विधानसभा सत्र के चलते यह कार्यक्रम स्थगित किया है। इसी प्रकार राजस्व मंडल की ओर से वर्ष 2024 के लिए आयोजित राज्य स्तरीय निबंध एवं सर्वश्रेष्ठ निर्णय लेखन प्रतियोगिताओं के विजेताओं का चार जुलाई को राजस्व मंडल में आयोजित होने वाला सम्मान समारोह भी स्थगित कर दिया गया है। यह दोनो कार्यक्रम विधानसभा सत्र के पश्चात नई तिथियां तय करते हुए आयोजित किए जाएंगे।

## विधायक चौधरी ने चुनौती दिवस के रूप में मनाया जन्मदिन



विधायक चौधरी ने कार्यकर्ताओं के साथ रक्तदान किया।

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** विधायक डॉ विकास चौधरी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण किशनगढ़ क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाओं से महरूम किया जा रहा है। विधायक चौधरी ने अपना जन्म दिन चुनौती दिवस के रूप में मनाया।

उन्होंने सांकेतिक उपहास के अंतर्गत अम्बेडकर सर्किल पर बड़ी संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं संबोधित करते हुए कहा कि आमजन की पीड़ा को मद्देनजर रख सांकेतिक उपहास रखना पड़ा। अघोषित बिजली कटौती से आमजन परेशान है, गुपचुप रूप से बिजली की दरो में अत्याधिक बढ़ोतरी करने से उपभोक्ता को दोहरी मार का सामना करना पड़ रहा है। बिजली दर बढ़ने से मार्बल व पावरलूम उद्योग भी प्रभावित हो रहा है। विधायक चौधरी ने कहा विधानसभा क्षेत्र में पानी की विकट समस्या होने के बावजूद राज्य सरकार द्वारा राहत के लिये कोई उपाय नहीं किये जा रहे हैं। शहरी क्षेत्र में 4-5 दिन के अंतराल में जलापूर्ति किये जाने से हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण इलाकों में हाल बेहाल है, महीने में केवल दो या तीन दिन पानी दिया जा रहा है। कई गांवो में तो पाईप लाईन नहीं डाली गई। स्वास्थ्य सेवा सहित अनेक जनहित से जुडी समस्याओ का समाधान नहीं होने पर विधानसभा में ध्यान आकर्षित किया जायेगा।

विधायक डॉ. विकास चौधरी ने प्रातः बालाजी मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। यज्ञनारायण अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर रक्तदान किया। सुग्रीव मंदिर गौशाला में गायों को चारा व गुड खिलाया। अंबेडकर सर्किल पर संविधान के रचयिता बाबासाहेब डॉ अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण कर नमन किया।

## दो बालिकाओं का स्कॉलरशिप परीक्षा में चयन

**ब्यावर, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेंदड़ा की कक्षा 8 वी की दो छात्राओं पायल और प्रिया कुमारी का नेशनल मींस कम- मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा 2024 में चयन हुआ जिसे लेकर संपूर्ण विद्यालय परिवार एवं बालिकाओं के अभिभावकों में हर्ष का माहौल है।

इस स्कॉलरशिप में चयनोपरांत कक्षा 9 वी से 12 तक लगातार विद्यार्थी के उत्तीर्ण होते रहने पर प्रतिवर्ष 12000 की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य भीकम परिहार एवं छात्रवृत्ति प्रभारी मोहम्मद यूनुस के द्वारा विगत चार वर्षों से छात्रों को इस स्कॉलरशिप से संबंधित उपलब्ध करवाये जा रहे सकारात्मक माहौल एवं जानकारी के चलते पूर्व में भी सत्र 2021-22 में तीन विद्यार्थियों छात्र चेतना, रुखसाना, मनीषा त्रुवेश तथा सत्र 22-23 में एक छात्र रुद्रप्रताप कटारिया का चयन हो चुका है। जिन्हें इस छात्रवृत्ति का लाभ मिल रहा है। इन बालिकाओं के चयन हो जाने पर संपूर्ण विद्यालय परिवार द्वारा इनका माला एवं साफा पहनकर स्वागत ,सत्कार एवं उत्साह वर्धन किया गया।राजस्थान सरकार शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को शिक्षा संकुल में नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम चयन परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम जारी किया।


**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर - 305001 (राज.)

क्रमांक :एफ.14 (18)( )/ननिअ/उद्यान/विजयलक्ष्मी/2024-25/131 दिनांक- 01/07/2024

**निविदा सूचना**

नगर निगम, अजमेर द्वारा विजयलक्ष्मी मैरीज गार्डन का संचालन एवं संधारण इत्यादि का कार्य 3+2 वर्ष की अवधि के लिए निविदा पर दिये जाने हेतु निर्धारित परिपत्र में ऑनालाईन निविदा आमंत्रित करती है। जिसकी अनुमानित आय प्रतिवर्ष राशि रू. 125.00 लाख /- (अक्षरे रूपये एक करोड पच्चीस लाख) होगी। निविदा प्रपत्र दिनाक 02/07/2024 को प्रातः 11.00 बजे से अन्तिम दिनांक: 22/07/2024 को सांय 6.00 बजे तक निर्धारित पोटर्ल से डाउनलोड किये जा सकेंगे। नोट- राज्य लोक उपापन पोर्टल (www.eproc.rajasthan.gov.in) (www.sppp.rajasthan.gov.in) पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त नगर (वि.) निगम अजमेर

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की शास्त्री नगर योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या T-17 क्षैत्रफल 266. 66 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति (1) दिनेश कुमार शर्मा पुत्र ओम प्रकाश शर्मा निवासी 394/36 जवाहर नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 23/12/23 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः (1) कौशल्या शर्मा पत्नि स्व. दिनेश कुमार शर्मा (2) सुश्री स्वाति शर्मा पुत्री स्व. दिनेश कुमार शर्मा निवासी T-17 जवाहर नगर अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार कौशल्या शर्मा पत्नि स्व. दिनेश कुमार शर्मा निवासी T-17 शास्त्री नगर अजमेर के पक्ष में निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 16/6/24 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नही होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की जे.पी. नगर सेक्टर I मदार योजना के आवासीय क्वार्टर नं. 327 क्षेत्रफल 50 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति ओमप्रकाश सेन पुत्र भंवर लाल सेन निवासी धोलाभाटा अजमेर की मृत्यु दिनांक 30/6/2023 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत/अपंजीकृत) दिनांक 16/10/1992 सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री गोपाल गर्ग पुत्र स्व. देवीलाल गर्ग जे.पी. नगर सेक्टर I मदार अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावे उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदको के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण


## बिड़ला सिटी वाटर पार्क के रेस्टोरेंट में मिली अनियमितताएं



फूड सेफ्टी टीम ने अजमेर के बिड़ला सिटी वाटर पार्क पर कार्यवाही की।

- रेस्टोरेंट में बेहद घटिया तेल में व्यंजन बनाए जा रहे थे

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के जाने माने बिरला सिटी वाटर पार्क जिसमें अजमेर शहर, नसीराबाद, किशनगढ़ व पुष्कर सहित जिले के अन्य उपखंड से व नेशनल हाईवे से गुजरने वाले यात्री व युवक-युवतियों सहित बच्चे वाटर पार्क में लुफ्त उठाकर अपनी भूख मिटाने के लिए बिरला सिटी वाटर पार्क के रेस्टोरेंट में ही छोले भटूरे, ब्रेड पकोडों सहित अन्य व्यंजनों का लुफ्त उठाते हैं। लेकिन यहां व्यंजन बेहद घटिया तेल में बनाए जा रहे है, जिसकी वजह से लोगों के स्वास्थ के साथ खिलवाड किया जा रहा है।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं ड्रग कंट्रोल इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा के निर्देशानुसार प्रदेश में चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत फूड सेफ्टी टीम ने आज अजमेर के बिड़ला सिटी वाटर पार्क पर कार्यवाही की। सी एम एच ओ डॉ ज्योत्सना रंगा ने बताया कि जिला प्रमुख कार्यालय से प्राप्त शिकायत पर फूड सेफ्टी टीम को कार्यवाही के लिए भेजा गया था। टीम के निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट में जिस खाद्य तेल में छोले भटूरे, ब्रेड पकोड़ा आदि तैयार किए जा रहे थे, इस तेल की टी पी सी मीटर द्वारा जांच करने पर जो रीडिंग अधिकतम 25 होनी चाहिए उसके स्थान पर रीडिंग 43 देखकर टीम के सदस्य चकित रह गए। टीम द्वारा पिछले दिनों अजमेर जिले के लगभग 30 संस्थानों पर तेल की जांच की गई, लेकिन इतनी खराब स्थिति कहीं नहीं पाई गई। टी पी सी की रीडिंग 43 होने का मतलब है कि खाद्य तेल अनुपयोगी है, जिसमें स्वास्थ्य के लिए अनेक प्रकार के अत्यंत हानिकारक पदार्थ बन जाते हैं। रेस्टोरेंट मैनेजर रामनिवास शर्मा से पूछने पर बताया कि सुबह कड़ाई में तेल भरते हैं देर शाम तक गर्म होता रहता है ऑर्डर के अनुसार छोले भटूरे और ब्रेड पकोड़ा रोजाना करीब 300-400 प्लेट तैयार होता है। लगातार गर्म होने से तेल की क्वालिटी बहुत ज्यादा खराब हो जाती है। मौके पर कड़ाई में रखे तेल का नमूना लेकर शेष तेल को उपयोग में नहीं लेने हेतु पाबंद करते हुए स्टोर में रखवाया गया।

## निराश्रित 250 व्यक्तियों को भोजन कराया

**अजमेर, (कासं)।** दिगम्बर जैन महासमिति के विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी में आज सर्वप्रथम सी. ए. दिवस पर ए. एस. इंस्टिट्यूट पर शॉल और माला पहनाकर सी. ए. का स्वागत किया गया। महासमिति के तत्वाधान में आज स्व. विद्या देवी जैन की पुण्यस्मृति में उनके पौत्र मनीष सेठी, सागर सेठी द्वारा जे. एल. एन. अस्पताल की इंद्रा रसोई में निराश्रित 250 व्यक्तियों को भोजन कराया गया।

तत्पश्चात मीनू स्कूल चाचियावास के 100 दिव्यांग विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की गई। विद्यालय के 36 वें स्थापना दिवस समारोह में दिगम्बर जैन महासमिति के सदस्यों को सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बड़ा धड़ा अध्यक्ष श्री प्रदीप पाटनी के जन्मदिन के उपलक्ष में अध्यापक एवं विधार्थियों की उपस्थिति में केक काटा गया एवं विद्यालय को तीन पंखे भेंट कर अपने जन्मदिन को श्री प्रदीप पाटनी ने सार्थक किया। उपाध्यक्ष श्री प्रकाश पाटनी ने विद्यालय में अपने संबोधन में विद्यालय परिवार को 36 वें स्थापना दिवस की बधाई दी तथा बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया तथा महासमिति अध्यक्ष रूपश्री जैन ने सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में मनोज मोडासिया, अजय दोशी, राजेंद्र पाटनी, अनुभा जैन, सुनीता गंगवाल, रिंकू सेठी, कुसुम जैन, अंजू जैन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**

**कब्जा नोटिस**

**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 15.04.2021 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. हनुमान रंजीत, 2. ममता हनुमान, 3. रंजीत नाथ को दिया गया था, जिसमें 14.04.2021 को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रूपये 1158547.45/- (रूपये ग्यारह लाख अठावन हजार पांच सौ सैंतालीस और पैसा पैंतालीस मात्र) का भुगतान नोटिस प्राप्ती की तिथी से 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज जून 2024 के 28वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतदद्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तो के अधीन रूपये 1158547.45/- (रूपये ग्यारह लाख अठावन हजार पांच सौ सैंतालीस और पैसा पैंतालीस मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

रिहायशी सम्पत्ति पट्टा नं. 43, क्षेत्रफल 187 वर्गगज, ग्राम घूघरा, ग्राम पंचायत घूघरा, पंचायत समिति श्रीनगर, जिला अजमेर, राजस्थान-305001 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है उत्तर-लादूनाथ का मकान, दक्षिण-सुखपाल नाथ का मकान, पूर्व-कल्याण नाथ का मकान, पश्चिम-12' चौडी रोड

दिनांक- 28 जून 2024
स्थान- अजमेर
ऋण खाता संख्या- 22098972

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

# ट्रेलर-पिकअप और जीप की टक्कर में दो की मौत, नौ जने घायल

## चौमूं-रेनवाल मार्ग पर स्थित कानरपुरा बस स्टैंड पर हुआ हादसा



कानरपुरा बस स्टैंड पर हुए हादसे में घायलों को कालाडेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया।

■ गंभीर घायल 6 लोगों को जयपुर रेफर किया, 3 को उपचार के बाद डिस्चार्ज किया

**चौमूं/कालाडेरा,** (निसं)। चौमूं-रेनवाल मार्ग पर स्थित कानरपुरा बस स्टैंड पर मंगलवार सुबह लगभग 7.30 बजे ट्रेलर-पिकअप और जीप की हुई भीषण टक्कर में 2 लोगों की मौत व 9 लोग घायल हो गये।

हादसा ओवरटेक करने के दौरान हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर कालाडेरा थाना पुलिस ने पहुंचकर घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से कालाडेरा समुदाय स्वास्थ्य केन्द्र पर भिजवाया गया। कालाडेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों के द्वारा उपचार के दौरान गम्भीर रूप से घायल 6 लोगों को जयपुर के लिए रेफर किया, वहीं 3 घायलों को उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया।

जानकारी के अनुसार पिकअप चौमूं मण्डी से सब्जी लेकर रेनवाल जा रही थी पिकअप में सिर्फ ड्राइवर था। वहीं जीप रेनवाल से सवारियों को लेकर चौमूं की तरफ आ रही थी चौमूं रेनवाल रोड पर स्थित कानरपुरा बस स्टैंड के पास जीप ड्राइवर नूरदीन मणियार ने सवारियां लेने के लिए ब्रेक लगाया इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रेलर ने जीप को ओवरटेक किया इसी दौरान सामने से आ रही पिकअप और ट्रेलर की भीषण भिड़ंत हो गई, बेकाबू ट्रेलर ने जीप को भी अपने चपेट में ले लिया जिसके बाद जीप पलट गई। जीप में सवार यात्री उछलकर सडक पर गिर गये और कई लोग बेहोश भी हो गए। घटना के बाद आसपास में अफरा तफरी का माहौल हो गया। मौके पर पहुंची कालाडेरा थाना पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में करवाकर यातायात को सुचारू करवाया। वहीं जीप ड्राइवर नूरदीन मणियार पुत्र भोमाराम मणियार उम्र 48 वर्ष निवासी रेनवाल और यात्री रामगोपाल मीणा पुत्र मदन लाल मीणा उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई पुलिस ने दोनों के शवों को चौमूं अस्पताल की मोचडी में रखवा कर परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम करवा कर मृतकों के शवों को परिजनों को सौंप दिए। जिसके बाद परिजनों ने मृतकों के शवों का दाह संस्कार कर दिया गया। सड़क हादसे में घायल महेन्द्र मीणा पुत्र नारायण मीणा उम्र 32 वर्ष निवासी बाई का बास, कैलाश पुत्र भीमाराम उम्र 45 वर्ष निवासी सबलपुरा, सुरेन्द्र यादव हनुमान सहाय यादव उम्र 30 वर्ष निवासी सबलपुरा, हरिपुरी पुत्र जयरामपुरी उम्र 36 वर्ष निवासी जायल नागौर, मानसिंह पुत्र अर्जुन सिंह शेखावत उम्र 60 वर्ष निवासी मंडा भिंडा, पदमाराम पुत्र गिरधारी रैगर उम्र 45 वर्ष निवासी हरसोली, गुलाबचंद पुत्र सोहनलाल मीणा उम्र 40 वर्ष निवासी घिनोई, केसर पुत्र सत्यनारायण दरोगा उम्र 45 वर्ष निवासी सबलपुरा, रामानंद पुत्र देवाराम रैगर उम्र 46 वर्ष निवासी दातारामगढ़ सीकर के रहने वाले है तीनों वाहनों को कालाडेरा थाना पुलिस के द्वारा थाने पर लाया गया। गौरतलब है कि चौमूं – रेनवाल सड़क मार्ग की चौड़ाई कम होने व तेज रफ्तार व ओवर लोड वाहनों के चलने के कारण अक्सर ये हादसे होते है।

## हादसे में श्रमिक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। डबोक थाना क्षैत्र में स्थित सिमेंट फेक्ट्री में काम करते समय बॉयलर से गिरने पर श्रमिक की मौत हो गई। इसकी सूचना मिलने पर मुआवजें की मांग को लेकर परिजनों ने हंगामा किया। पुलिस ने समझाईश कर मामला शांत किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात में डबोक थाना क्षेत्र डबोक मावली रोड़ नाहरमगरा बजाज नगर पर स्थित उदयपुर सिमेंट फेक्ट्री में काम करते समय श्रमिक मेडता निवासी गजेन्द्र गमेती (20) पुत्र भेरूलाल की मौत हो गई। गजेन्द्र फेक्ट्री में सेम्पल बॉय के पद पर काम करता था। सोमवार रात में वह ड्यूटी पर था। इसी दौरान वह 200 फिट उचाई पर स्थित चिमनी पर सेम्पल लेने के लिए गया था। जहां संतुलन बिगडने पर वह निचे गिर पड़ा। इसको देख साथी श्रमिक उसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले कर पहुंचे। जहां उसकी मौत हो गई।

## आरएएस मुख्य परीक्षा 20 व 21 जुलाई को

**अजमेर,** (कासं)। आरपीएससी की ओर से राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा 2023 का आयोजन 20 और 21 जुलाई को पांच जिला मुख्यालयों अजमेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर जिला मुख्यालय पर होगा। आयोग के सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि परीक्षा 905 पदों के लिए होगी, इसमें राज्य सेवाओं के लिए 424 और अधीनस्थ सेवाओं के लिए 481 पद शामिल है।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर

क्रमांक-एफ()/निविदा/OFFICE EXP/2024-25/332-339 दिनांक- 26.06.2024

NOTCE INVITING BID

NIT NO. 01-02/2024-25

Bids for Hiring men with machine of estimated Value INR 14.00 Lacks And hiring of Office vehicles of estimated value INR 2.65 Lacks invited from interested bidders Up to 2.00 PM 05.07.2024, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https//eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.

| S.No. | NIT NO. | NIB NO. | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | NIT-1/2024-25 - Hiring men with machine | WSC2425A0088 | WSC2425SSRC00169 |
| 2 | NIT-2/24-25 - Hiring of Office vehicles | WSC2425A0090 | WSC2425SSRC00172 |

(Arun Kumar Ameta)
SE & PMWCDC, ZILA PARISHAD, JALORE
DDO CODE NO. 28606

DIPR/C/5144/2024

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

टाउनहॉल लिंक रोड, उदयपुर (राज.) 313001

दुरभाष स. 0294-2421255, 2420013, Helpline no.0294-2426262 वेबसाइट- www-udaipurmc.org

क्रमांक : निविजा/2024-25/ई -04 दिनांक :- 29.06.2024

(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 04/2024-25

नगर निगम कार्यालय उदयपुर द्वारा विभिन्न विकास कार्यो हेतु कुल राशि रु0 30.00 लाख के कुल 01 कार्यो हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा के कार्यो की प्रारम्भ तिथि 01.07.2024 समय प्रातःकाल 11.00 बजे से एवं अंतिम तिथि 05.07.2024 समय प्रातःकाल 11.00 बजे तक एवं भौतिक रूप से डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कराने का अंतिम दिनांक 05.07.2024 को समय दोपहर 12.00 बजे तक का रहेगा तथा निविदा खुलने की तिथी 05.07.2024 समय दोपहर 02.00 बजे तक रहेगी। निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।

UBN No. UNP2425WSOB00026

राज.संवाद/सी/24/1581 अधीक्षण अभियन्ता, नगर निगम, उदयपुर

कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

क्रमांक : HA/CN/2024-25/1103 दिनांक :- 28.06.2024

(ई-भुगतान) बोली आमन्त्रण सूचना संख्या - ई 02/2024-25 (स्वास्थ्य शाखा)

उदयपुर शहर के जोन चतुर्थ से कचरा संग्रहण एवं परिवहन के कार्य के लिए इच्छुक व पात्र निविदादाताओं से ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रारम्भ तिथि 30.06.2024 एवं अंतिम तिथि 22.07.2024 तथा निविदा खुलने की तिथी 23.07.2024 रहेगी तथा कार्य की प्री-बीड मिटिगं दिनांक 10.07.2024 समय 3.00 PM बजे आयोजित की जायेगी। कार्य की 02 वर्ष (दो वर्ष) हेतु अनुमानित लागत 127.33 लाख रू0 है। निविदा से संबंधित अन्य समस्त विवरण इंटरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। UBN No. UNP2425WSOB00025

राज.संवाद/सी/24/1577 आयुक्त, नगर निगम, उदयपुर

राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, जयपुर।

(राजस्थान सरकार का उपक्रम)

CIN : U45201RJ2013SGC043014

756, पुलिस मुख्यालय, लालकोठी, जयपुर-302015 (राजस्थान)

फोन नं. 0141-2740784, ई-मेल rpidcl@rajasthan.gov.in

क्रमांकः-RPHCCL/NIT/469/919 दिनांक : 01.07.2024

निविदा सूचना संख्या-03/2024-25

राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, जयपुर के विभिन्न कार्यो के पर्यवेक्षण हेतु 08 कनिष्ठ अभियंता सिविल माह अगस्त 2024 से 11 माह तक की अवधि के लिए अनुबन्ध पर लेने हेतु योग्य सेवा प्रदाता/फर्मो से मुहर बंद निविदाएं (वित्त जी एण्ड टी) विभाग के परिपत्र दिनांक 30.04.2018 से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसार) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र राजस्थान पुलिस की वेबसाईट www.police.rajasthan.gov.in स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल (SPPP) की वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

| | |
|---|---|
| कार्य | 08 कनिष्ठ अभियंता सिविल |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | 500/- |
| निविदा अमानत राशि | 46000/- |
| अनुमानित लागत | 23.00 लाख |
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की दिनांक | दिनांक 01.07.2024 प्रातः 9.30 से 16.07.2024 सायं 4 बजे तक |
| निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 16.07.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| निविदा खोले जाने की तिथि व समय | 18.07.2024 3.00 PM तक |
| निविदा जमा कराने का स्थान | भरी हुई निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रॉनिक फोरमेट में वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड किया जाना है। |

निविदा सम्बधित शर्ते एवं अन्य जानकारी राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड, कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में निविदाओं में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाईटों पर ही प्रेषित किया जावेगा।

राज.संवाद/सी/24/1592 महाप्रबन्धक


# 289 किलो घी, 133 किलो पॉम ऑयल किया सीज



जालोर शहर के निकट सारणेश्वर डेयरी पर खादय सुरक्षा टीम ने दुध व घी के सेम्पल भरे गये।

**जालोर,** (कासं)। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान एवं जिला कलेक्टर पूजा पार्थ के निर्देशानुसार आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने एवं खाद्य पदार्थो में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल जालोर द्वारा मेडा उपरला में कार्यवाही की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रमाशंकर भारती ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी हनवन्त सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा सोमवार दोपहर पश्चात को सारणेश्वर मिल्क डेयरी फार्म मेडा उपरला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य का अवलोकन किया गया एवम् भैंस का दूध, खुला घी, मिल्क क्रीम तथा पॉम ऑयल के जांच के लिए 5 नमूने लिए गए। साथ ही डेयरी पर पॉम ऑयल के 9 डिब्बे पाए जाने एवं पॉम ऑयल से घी बनाने की संदिग्धता की आशंका पर 289 किलो घी एवं 133 किलो पॉम ऑयल को मौके पर ही सीज क्या गया। लिए गए सभी नमूने जांच हेतु जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जोधपुर भिजवाएं गए है, जांच रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेंगी।

# सेवारत चिकित्सक संघ ने पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के खिलाफ मोर्चा खोला

**झुंझुनूं,** (निसं)। पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा द्वारा सरकारी चिकित्सकों के लिए अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करने पर मंगलवार को अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ जिला झुंझुनूं इकाई ने जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल को सीएम के नाम ज्ञापन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। जिस पर जिला कलेक्टर ने ज्ञापन सीएम तक भेजकर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

ज्ञापन में बताया गया है कि पूर्व विधायक राजेंद्र गुढ़ा ने 28 जून को बीडीके अस्पताल में धरना लगाकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तर के सबसे उच्च पद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं अन्य चिकित्सकों के लिए अमर्यादित, अशोभनीय और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए चिकित्सकों के आत्म सम्मान को गहरी ठेस पहुंचाई है। जिससे पूरा चिकित्सकीय समुदाय की भावनाएं आहत हुई है। ज्ञापन में बताया गया है कि चिकित्सक निरंतर आमजन की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

बीडीके अस्पताल की ओपीडी प्रतिदिन लगभग 3000 से ऊपर रहती है। बीडीके अस्पताल में प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन किए जाते हैं एवं 15 से 20 प्रतिदिन संस्थागत प्रसव कराएं जाते हैं। इसके अलावा जिलेभर में चिकित्सकों द्वारा प्रतिदिन हजारों मरीजों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती है। चिकित्सक दिन रात आमजन की सेवा में लगे हुए हैं। फिर भी चिकित्सकों के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग पूर्व विधायक द्वारा किया जाना चिकित्सकों के मनोबल को कमजोर करता है। जिससे न केवल जिले के बल्कि पूरे प्रदेशभर के चिकित्सकों एवं चिकित्सकीय सेवा से जुड़े लोगों के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।



सरकारी चिकित्सकों ने कलेक्टर चिन्मयी गोपाल को सीएम के नाम ज्ञापन दिया।

■ चिकित्सकों के लिए अमर्यादित बोलने पर कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा

ज्ञापन में चिकित्सकों के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी और अस्पताल में धरना प्रदर्शन से अशांति फैलाने एवं मरीज के इलाज में व्यवधान करने पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही मांग की गई है कि प्रशासन द्वारा अस्पताल में मरीजों की सेवा को मध्य नजर रखते हुए धरना प्रदर्शन नहीं होने दिया जाए। ताकि अस्पताल की सेवाएं निर्बाध रूप से मरीज को उपलब्ध कराई जा सके। राजकीय अस्पतालों में पोस्टमार्टम के लिए साथ आने वाले लोगों को भी धरना प्रदर्शन से रोका जाए। इससे मरीजों की सेवाएं बाधित होती है।

तीन दिन तक कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में चिकित्सकीय कार्य का बहिष्कार किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। ज्ञापन देने उपचार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कमलचंद सैनी, आईएमए अध्यक्ष डॉ. लालचंद ढाका, अरिशदा जिलाध्यक्ष डॉ. एस. जब्बार, महासचिव डॉ. राजेंद्र ढाका, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, आरसीएचओ डॉ. दयानंद सिंह, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. अभिषेकसिंह, डीपीसी डॉ. जितेंद्र सिंह, पीएमओ डॉ. संदीप पचार, ब्लॉक प्रतिनिधि डॉ. रेखा, डॉ. राहुल सुमन, डॉ. तेजपाल कटेवा, डॉ. प्रहलाद, डॉ. शैलेश कुमार, प्रवक्ता डॉ. कैलाश राहड़ सहित जिलेभर से सरकारी सेवारत एवं निजी चिकित्स्क पहुंचे।


कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग, खण्ड केकडी

बघेरा रोड पी.एच.ई.डी. कोलानी केकडी

क्रमांक-अअ/केकडी/2024-25/867-896 दिनांक-26.06.2024

E-mail: eep.pis.ajm.phed@rajasthan.gov.in

निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु नियमानुसार सक्षम श्रेणी में राज्य सरकार/केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों जो राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। इछुक संवेदकों द्वारा निविदा फॉर्म ऑन लाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से दिनांक 11.07.2024 तक सायं 6.00 बजे तक डाउनलोड की जाकर उसी दिन 6.00 बजे तक ऑन लाईन अपलोड की जा सकती है। धरोहर राशि, टेण्डर फीस व Tender Processing Fee (M.D. RISL) की की राशि ई-ग्लान के माध्यम से ऑन लाईन जमा करवाना है। कार्यालय में प्रथम लिफाफा दिनांक 12.07.2024 को सुबह 11.00 बजे खोला जावेगा।

ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में वे ही संवेदक भाग ले सकेंगे जिनके पास डिजिटल हस्ताक्षर होने के साथ ही उक्त वेबसाईट पर पंजीकृत होंगे। निविदा प्रपत्र www.sppp.rajasthan.gov.in साईट पर देखें जा सकते है। निविदा से संबंधित विवरण http://www.eproc.rajasthan.gov.in वेबसाइट पर देखे जा सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 28/2023-24 से 31/2023-24 |
| 2 | कार्य का नाम | खण्ड केकडी के अधीन विभिन्न सिविल कार्य। |
| 3 | अनुमानित लागत | 161.16 लाख |
| 4 | धरोहर लागत | 322320.00 |
| 5 | निविदा डाउनलोड करने की अन्तिम तिथी | 11.07.2024 को 6.00 वजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथी (प्रथम लिफाफा खोलने की तिथि) | 12.07.2024 को सुबह 11.00 बजे |

निविदा को एस.पी.पी. पोर्टल पर आई.डी. नम्बर निम्नानुसार है।

| NIB CODE | PHE2425A0985 |
|---|---|
| NIT NO. | UBN Number |
| 20/24-25 | PHE2425WSOB02145 |
| 21/24-25 | PHE2425WSOB02146 |
| 22/24-25 | PHE2425WSOB02147 |
| 23/24-25 | PHE2425WSOB02148 |

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
खण्ड केकडी

DIPR/C/5141/2024


# आयुष्मान कार्ड वितरण करने में श्रीगंगानगर सिरमौर

## स्वास्थ्य कर्मी कर रहे कार्ड वितरण, विभाग कर रहा ई-केवाईसी, जिला प्रथम स्थान पर

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राज्य सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत पंजीकृत सामाजिक आर्थिक जनगणना 2011 के जिले में एक लाख 90 हजार 661 पात्र परिवारों को चिकित्सा विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड वितरण किए जा रहे हैं, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करते हुए जिला प्रथम स्थान पर रहा है। जिला कलेक्टर लोकबंधु के निर्देशों पर सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला के नेतृत्व में डीपीसी डॉ. सुनील बिश्नोई व आशा प्रभारी रायसिंह सहारण सहित सभी स्टाफ और आशा सहयोगिनियों का इसमें अहम योगदान रहा है।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुनील बिश्नोई ने बताया कि सामाजिक आर्थिक जनगणना 2011 के तहत श्रीगंगानगर जिले के 190661 पात्र परिवारों की ईकेवाईसी एवं आयुष्मान कार्ड वितरण का कार्य स्वास्थ्य विभाग के फिल्ड स्तरीय कार्मिक कर रहे हैं। राज्य सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ सभी पात्र परिवारों को मिले, इसके लिए विभाग की ओर से ई केवाईसी का कार्य लगातार किया जा रहा है और कार्ड भी वितरण किए जा रहे हैं। इसमें विभागीय टीम ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विभाग की ओर से अब तक करीब 73 फीसदी लोगों तक कार्ड पहुंचा दिया है, जो राज्य में सर्वाधिक है। टीम में आचार संहिता हटने के बाद विगत माह के 20 दिन में ही करीब 73 हजार से अधिक कार्ड वितरण कर यह उपलब्धि हासिल की है। वहीं शेष कार्ड वितरण करने का कार्य जारी है, जो इसी माह वितरण कर दिए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके चलते राज्यस्तरीय अधिकारियों ने जिला टीम की सराहना की है।

सीओआईईसी विनोद बिश्नोई ने बताया कि प्रिन्टेड आयुष्मान कार्ड निदेशालय से जिला मुख्यालय और यहां से खण्डस्तर पर भिजवाने के बाद खण्ड से ग्राम पंचायत स्तर तक कार्ड वितरण किए जा रहे हैं। आमजन अपने स्तर पर आधार के माध्यम से एप से या नजदीकी ईमित्र केंद्र पर जाकर भी यह कार्ड बना सकते हैं। कार्ड केवल सामाजिक आर्थिक जनगणना 2011 में पंजीकृत परिवारों का ही बनेगा। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में 100 कार्ड वितरण किया जा चुका है वहां की आशा सहयोगिनियों को जिलास्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

# लक्ष्मणगढ़ पुलिस थाने के हैडकांस्टेबल रिश्वत लेते ट्रैप

**अलवर,** (निसं)। एसीबी की टीम ने अलवर के लक्ष्मणगढ पुलिस थाने के हैड कांस्टेबल मुरारी लाल मीणा को 40 हजार रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

आरोपी हैड कांस्टेबल ने मुकदमा दर्ज करने के एवज में रिश्वत ली। पुलिस ने हैड कांस्टेबल को अरेस्ट किया है। वहीं दलाल को भी पकडा है। एसीबी को शिकायत मिली की एक मारपीट के मामले में रिश्वत मांगी गई थी जिस पर एसीबी ने कार्यवाही करते हुए अंजाम तक पहुंचा दिया। इस प्रकरण में एक दुकानदार की भूमिका संदिग्ध बताई गई है जिसकी जांच चल रही है।


कार्यालय नगरपालिका रावतभाटा, जिला-चित्तौडगढ़ (राज.)

क्रमांक/नपारा/स्टोर/निविदा/2024-25/221 दिनांक :- 26/06/2024

ई-निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25

नगरपालिका रावतभाटा द्वारा कार्य की प्रकृति अनुसार सक्षम व्यक्ति/संस्था/कम्पनी/संवेदक से वित्तीय वर्ष 2024-25 मे निम्नांकित कार्य के लिए 03 वर्ष की दर अनुबंध पर उनके निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फॉर्म एवं ई-निविदा से संबंधित विवरण व शर्ते वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखी व प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा का NIB Code :- DLB2425AB0593 है। कार्य का UBN NO. :- DLB2425WSOB01887 है।

राज.संवाद/सी/24/1606 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी


## अवैध शराब से भरी कार जब्त

**उदयपुर,** (कासं)। शहर के हिरणमगरी थाना क्षेत्र में तलाशी अभियान के दौरान पकडे जाने के भय से चालक अवैध शराब से भरी कार छोड़ कर फरार हो गया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी के निर्देशन में हेडकांस्टेबल राजेन्द्रसिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल अशोक कुमार, सतीश, रामधन, नन्दकिशोर सोमवार रात में रिको कलडवास क्षैत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान पुलिस वाहन को देख चालक कार छोड़ कर भागा। जिसका पिछा किया लेकिन पहाड़ियों की तरफ फरार हो या।

# तबीयत बिगड़ने से पांच दुधारू पशुओं की मौत

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले के कौलारी कस्बे में मंगलवार सुबह के समय घर के बाहर बंधी पांच दुधारू मवेशियों की अचानक देखते ही देखते तबियत बिगड़ी और सभी पशुओं ने एक साथ दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर एकजुट हुए लोगों में घटना को लेकर चर्चा का विषय बना रहा। घटना के बाद पोस्टमार्टम कार्रवाई को लेकर लोगों ने काफी समय तक हंगामा किया। मुआवजा सहित उचित कार्यवाही की मांग को लेकर लोगों ने रोष जताया। तभी पुलिस की मौजूदगी में समझाइश करते हुए डॉक्टर मुकेश त्यागी की ओर से चिकित्सा टीम के साथ पोस्टमार्टम किया गया।

कौलारी निवासी फूल सिंह पुत्र रामजीलाल लोधा के घर के बाहर पशु बंधे हुए थे। पशुपालक की ओर से सभी पशुओं को भली भांति रोजाना की तरह चारा डाल दिया था। तभी अचानक थोड़ी देर बाद चारा खाते ही एक के बाद एक पशु जमीन पर गिरते गए, जिनकी मौत हो गई। पशुओं की मौत से पीड़ित का बड़ी तादात में नुकसान हो गया है। पशुओं की मौत को लेकर किसी जहरीला पदार्थ खाने का अनुमान लगाया जा रहा है। पीड़ित पशुपालक सहित अन्य लोगों ने पुलिस थाने पर पहुंचे घटना को लेकर शिकायत दी है तथा आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस की ओर से पशुओं का चिकित्सा टीम से पोस्टमार्टम कराते हुए घटना को लेकर जांच की जा रही है।


कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, ''विशिष्ठ अ'' श्रेणी, प्रतापगढ़

क्रमांक/निविदा/2024-25/189-196 दिनांक : 27.06.2024

ई-निविदा सूचना 2024-26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस मण्डी समिति में निम्न व्यवस्थाओं/सेंवाओंहेतु निम्नानुसार ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बोली प्रतिभूति राशि | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फीस | ऑन लाईन निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अन्तिम दिनांक एवं समय | ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चौकीदारी व्यवस्था ठेंका | 22.00 | 44000/- | 500/- | 500/- | 27.06.2024 Time 01;00 P.M. to 08.07.2024 Time 05;00 P.M. | 10.07.2024 Time 03;00 P.M. |
| 2 | सफाई व्यवस्था ठेका | 13.00 | 26000/- | 500/- | 500/- | | |
| 3 | ई-नाम परियोजना | 13.00 | 26000/- | 500/- | 500/- | | |

(1) उक्त निविदा म-निविदा प्रणाली के द्वारा ONLINE ही स्वीकार की जायेगी। (2) ONLINE निविदा हेतु बोली प्रतिभूति राशि एवं निविदा शुल्क केवल डी.डी./बैंकर चैक के रूप मे कृषि उपज मण्डी समिति, प्रतापगढ़ के पक्ष में तथा प्रोसेसिंग फीस का डी.डी./बैंकर चैक Managing Director RISL Jaipur के पक्ष में दिनांक 09.07.2024 को दोपहर 03.00 बजे तक भौतिक रूप से सचिव कृषि उपज मण्डी समिति प्रतापगढ़ के कार्यालय मे जमा करवाना होगा। जिसके अभाव में निविदा नहीं खोली जायेगी। (3) निविदा से संबन्धित विवरण इंटरनेट साईट eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in, http://agriculture.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है। (4) बोली प्रतिभूति राशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं होगी। (5) निविदाओं हेतु गठित कमेटी द्वारा बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मण्डी समिति के पास सुरक्षित रहेगा। UBN-DAM2425SLOB00327, DAM2425SLOB00328, DAM2425SLOB00329

राज.संवाद/सी/24/1609 प्रशासक सचिव

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड जालोर

Tel: 02973-222272 E-mail:xenhed_jal@yahoo.in

क्रमांक-जालोर/निविदा/ /2024-25/632-37 दिनांक-26.06.2024

बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 1-7/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु लोक निर्माण और वित्तीय नियम के पार्ट-4 नियम 334 (ए) (iii) के तहत रू. 150.00 लाख तक निविदाओं हेतु केवल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत एवं इससे अधिक लागत की निविदाओं हेतु जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं हेतु नियमानुसार छूट के साथ एवं केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकृत विभागों/संगठनों, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूर संार विभागों में उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से पूर्ण धरोहर राशि के साथ ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है।-

| बिड संख्या | NIB No. PHE2425A0992 | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रूपये) | ई-प्रक्रिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/2024-25 | UBN NO.-PHE2425WSOB00661 | 25.00 | 50000/- | 1000/- | 1000/- | 2 माह |
| 02/2024-25 | UBN NO.-PHE2425WSOB00662 | 21.00 | 42000/- | 1000/- | 1000/- | 2 माह |
| 03/2024-25 | UBN NO.-PHE2425WSOB00663 | 25.00 | 50000/- | 1000/- | 1000/- | 2 माह |
| 04/2024-25 | UBN NO.-PHE2425WSOB00664 | 29.50 | 59000/- | 1000/- | 1000/- | 2 माह |
| 05/2024-25 | UBN NO.-PHE2425WSOB00665 | 29.00 | 58000/- | 1000/- | 1000/- | 2 माह |
| 06/2024-25 | UBN NO.-PHE2425WSOB00666 | 28.00 | 56000/- | 1000/- | 1000/- | 2 माह |
| 07/2024-25 | UBN NO.-PHE2425WSOB00667 | 39.60 | 79200/- | 1000/- | 1000/- | 2 माह |
| ऑनलाईन बिड उपलब्ध होने की तिथि | | 28.06.2024 | | | | |
| ऑनलाईन बिड डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | | 12.07.2024 को 6.00 पी.एम. | | | | |
| ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि | | 15.07.2024 को 2.00 पी.एम. | | | | |

बिड से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

(जितेन्द्र त्रिवेदी)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग,
खण्ड जालोर

DIPR/C/5196/2024

# सभी को मिलेगा बराबर मौका, नियमों व मर्यादाओं से चलेगा सदन : देवनानी

## विधानसभा में सर्वदलीय बैठक में अध्यक्ष का लंच ब्रेक का सुझाव, सभी दलों की सहमति

**जयपुर।** सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के द्वितिय सत्र की बैठकें बुधवार से आरम्भ होंगी। इससे पहले मंगलवार को विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधान सभा में सर्वदलीय बैठक बुलाई। देवनानी की राजस्थान विधान सभा में सदन चलाने के लिए सर्वदलीय बैठक का आयोजन एक ऐतिहासिक पहल है। देवनानी ने सदन को शांतिपूर्ण चलाने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की है।

इस दौरान कई सुझाव आए उनमें से बैठक में सदन में पहले से चल रही पर्ची पर बोलने की व्यवस्था को फिर से लागू किये जाने। समितियों की रिपोर्ट पर बहस कराये जाने, महत्वपूर्ण मुद्दों को शून्यकाल से पहले अध्यक्ष के ध्यान में लाने और अधिकारियों की उपस्थिति को सुनिश्चित किये जाने के सुझाव भी आये।

देवनानी ने कहा कि सदन की कार्यवाही को आम जनता देखती है। प्रदेश की जनता से चुनकर आये जनप्रतिनिधिगण अपने आचरण और व्यवहार को जन आकांक्षाओं के अनुकूल प्रस्तुत करें, ताकि विधान सभा का नाम रोशन हो सके। देवनानी ने कहा है कि विधान सभा सदन नियमों व मर्यादाओं से चलेगा। उन्होंने सभी दलों से सदन को शांतिपूर्वक चलाने में सहयोग करने और सार्थक बहस में अपनी बात समय सीमा में रखने के लिए कहा। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए। सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिलेगा।



विधानसभा के सत्र की बैठक से पहले मंगलवार को अधक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली सहित अन्य दलों के नेता मौजूद थे।

विधान सभा का सदन अधिक से अधिक दिन चले इसके लिए सभी दलों के सभी सदस्यों को सकारात्मक सोच रखनी होगी। उन्होंने कहा कि सदन को चलाने की जिम्मेदारी सोलहवीं विधान सभा के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों की है।

देवनानी ने बैठक में मध्यान्ह भोजन अन्तराल के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोक सभा की तर्ज पर विधान सभा में भी भोजन अन्तराल का निश्चित समय तय किया जा सकता है। इससे एक ही समय पर सभी विधायक भोजन कर सकेंगे और उसके बाद पुन: सदन में सभी सदस्य कार्यवाही में भाग ले सकेंगे। देवनानी के इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद सभी दल के प्रतिनिधियों ने इसे अच्छी पहल बताते हुए सहमति व्यक्त की। अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि प्रथम सत्र के 2054 प्रश्नों में से 92 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब विधान सभा को प्राप्त हो गये है। अब 177 प्रश्नों के जवाब आना शेष है। देवनानी ने कहा कि यह शुभ लक्षण है। शेष रहे प्रश्नों के जवाब भी विधान सभा को शीघ्र प्राप्त होने की उम्मीद है। बैठक में तय किया गया कि नया सत्र आरम्भ होने से पहले गत सत्र के सभी प्रश्नों के जवाब विधान सभा को आवश्यक रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए।

विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि सभी दलों को चर्चा के लिए नियमानुसार समय आवंटित किया जायेगा। समय सीमा में ही सदस्य अधिक से अधिक अपनी बात रखें। उन्होंने कहा कि यह दलों के नेताओं कि जिम्मेदारी होगी कि उनके दल का सदस्य सदन में अपनी बात को आवंटित समय में ही रखने का प्रयास करे। देवनानी ने कहा कि सभी सदस्यगण शालीनता से मुद्दे उठाये। देवनानी ने कहा कि यह सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने का पवित्र स्थल है। इस स्थल की गरिमा को बनाएँ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी। इसके लिए यदि सदन को देर तक चलाने की आवश्यकता होगी तो सदन को देर तक चलाया जायेगा। उन्होनें कहा कि समस्याओं का हल बातचीत से होता है। सदन में समस्याओं के निस्तारण का प्रयास होगा। यहां पर सदस्यों की बातों को गम्भीरता से लिया जायेगा। उनके द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण भी कराया जायेगा।

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आश्वस्त किया कि प्रतिपक्ष सदन संचालन में सहयोग करेगा। प्रतिपक्ष के सदस्य सदन में मर्यादापूर्ण व्यवहार से अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि सदन में रखी गयी बातों को सरकार गंभीरता से ले। सदन चलाने की जिम्मेदारी पक्ष के साथ प्रतिपक्ष की भी है।

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि विधान सभा में अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की यह ऐतिहासिक पहल है। सदन संचालन में इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। उन्होनें बैठक में उपस्थित होने वाले पक्ष व प्रतिपक्ष के नेता का आभार ज्ञापित किया।

बैठक में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, बसपा के मनोज कुमार, भारत आदिवासी पार्टी के थावर चन्द और रालोद के डॉ. सुभाष गर्ग भी मौजूद थे।

# राहुल गांधी और कांग्रेस का चरित्र हिंदु विरोधी : भजनलाल शर्मा

- ‘हिंदुओं को हिंसक, असत्यवादी और नफरती कहकर एक समुदाय विशेष को खुश करना चाह रहे राहुल गांधी’
- ‘नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को नहीं है सदन की परंपरा और नियमों की जानकारी’

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदु धर्म और हिंदुओं पर की गई घृणास्पद टिप्पणी पर पलटवार किया। इस दौरान मंच पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ और प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी ने देश के बहुसंख्यक हिंदु समाज को हिंसक, असत्यवादी और नफरती कहकर 125 करोड़ हिंदुओं का अपमान किया है। राहुल गांधी को देश की जनता ने रिजेक्ट कर दिया और लगातार तीसरी बार भी उनकी लॉंचिंग फेल रही। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी का पहला भाषण ही झूठ निराशा और तथ्यहीन बातों से भरा हुआ था। अपने पूरे भाषण में राहुल गांधी ने अभिभाषण पर एक शब्द तक नहीं बोला, चर्चा के दौरान उन्होने केवल और केवल झूठ ही बोला। राहुल ने अपने भाषण में हिंदओं का घोर अपमान किया और हिंदु समाज को नफरती, हिंसक और झूठा बताया जो कि पूरी तरह निंदनीय और दयनीय है।

शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की नीति रही है कि तुष्टिकरण की नीति अपनाकर वोटों का ध्रुवीकरण कर सके। कांग्रेस के नेता सदैव हिंदु समाज के खिलाफ बोलते रहे हैं। वर्ष 2010 में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने और वर्ष 2013 में तत्कालीन गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने जयपुर में हिंदुओं को भगवा आतंकवादी बताया जिसके बाद उन्हे माफी मांगनी पड़ी थी। संसद में बार बार ईश्वर के चित्रों को सामने रखना और इस पर राजनीति करना एक नेता प्रतिपक्ष को शोभा नहीं देता। भजनलाल शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी को यह नहीं पता कि हिंदु कौन है? हिंदु वसुधैव कुटुंबकम की भावना रखने वाला और सर्वे भवंतु सुखिन सर्वे संतु निरामया की कामना करने वाला होता है। जीव प्रकृति जड़ चेतन में ब्रहम का साक्षात्कार करने वाला धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सदभाव हो, विश्व का कल्याण हो ऐसे मंत्र को जीने वाला हिंदु प्राण मात्र में ईश्वर का वास देखता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी संसद में भगवान शिव की तस्वीर दिखा रहे थे जिसे वे तो महज पांच-सात साल से ही देखने लगे हैं। जबकि हिंदु परिवार में जन्मा बच्चा जन्म से लेकर मृत्यु तक भगवान शिव की तस्वीर को अपने सीने में बसाकर रखता है, इसलिए किसी भी हिंदु को उनसे प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं है। राहुल गांधी ने तो सांसद पद की शपथ तक बिना ईश्वर के ली थी, अपनी ओछी राजनीति और एक वर्ग विशेष को खुश करने के लिये हिंदुओं को गाली देना राहुल गांधी और कांग्रेस की आदत बन चुकी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राहुल गांधी के अग्निवीर योजना पर की गई टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि अग्निवीर योजना में शहीदों को मुआवजा नहीं मिलने की बात कहकर राहुल गांधी ने अग्निवीर सैनिकों का अपमान किया है। संसद में अग्निवीर योजना पर राहुल गांधी के झूठ की पोल खोलते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि अग्निवीर शहीद के परिजनों को एक करोड़ रूपये की राशि दी जाती है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता तो बन गये, लेकिन उन्हे सदन की परंपरा और नियमों की जानकारी नहीं है, इसलिए उन्होने लोकसभा अध्यक्ष पर भी गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी की जो कि लोकतंत्र में बेहद गलत और दु:खद है। राहुल ने किसानों और अयोध्या पर भी झूठ बोला इससे ऐसा लगता है कि राहुल गांधी ने झूठ की दुकान खोल रखी है।

# ‘गौ तस्करी में जब्त वाहनों को लंबे समय तक नहीं छोड़ने पर पुनर्विचार किया जाए’

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से कहा है कि वह गौ तस्करी के मामले में जब्त वाहनों को लंबे समय तक नहीं छोड़ने पर पुनर्विचार करे। इन वाहनों को छोड़ने के बदले कलक्टर पूरी राशि जमा शर्त रखते हैं। अदालत ने कहा कि इन वाहनों को लंबे समय तक थाने में रखने से न केवल वाहन मालिक को नुकसान होता है, प्रदेश को राजस्व की हानि भी होती है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश रामेश्वर व अन्य की चार याचिकाओं पर दिए।

अदालत ने गौ तस्करी कानून के तहत कलक्टर को सुनवाई के लिए सक्षम माना, लेकिन ऐसे वाहनों को लंबे समय तक जब्त रहने से राजस्व को होने वाले नुकसान के आधार पर राज्य सरकार से कानून पर पुनर्विचार करने को कहा है। याचिकाओं में भरतपुर, झालावाड़ और ब्यावर में कलक्टरों के गौ तस्करी में जब्त वाहनों को नहीं छोड़ने को चुनौती दी थी। कलक्टरों ने राजस्थान दुधारू पशु अधिनियम, 1995 के प्रावधानों का हवाला देकर वाहन मालिकों के वाहन की कीमत जमा कराने पर ही वाहन छोड़ने की शर्त लगा दी थी। याचिकाओं में कहा गया कि वन अधिनियम में भी वाहन जब्त करने का प्रावधान है, लेकिन वन अधिकारी की अपील पर किए गए निर्णय को रिवीजन के जरिए न्यायालय में चुनौती देने का प्रावधान है।

# सोने की शुद्धता और मानकों की जानकारी के लिए चलेगा अभियान

**जयपुर,** (का.सं.)। सोने एवं सोने से बने आभूषणों में शुद्धता-मानकों में गड़बड़ी की सूचना/शिकायतों को गभीरता से लेते हुए उपभोक्ताओं के सार्वकालिक हितों को सुरक्षित करने के लिए उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने भारतीय मानक ब्यूरो और उपभोक्ता मामले विभाग को समन्वय के साथ काम करते हुए राज्य व्यापी उपभोक्ता जागृति अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।




उपभोक्ता मामले मंत्री गोदारा ने कहा कि आम उपभोक्ता सोने की शुद्धता, गुणवत्ता, मानक एवं हॉलमार्किग से अनभिज्ञ होने के कारण सोने और उससे बने आभूषणों की खरीद में बड़े स्तर पर शोषण का शिकार हो रहा है। इसे रोकने के लिए प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों से यथा इलेक्ट्रोनिक, प्रिन्ट-सोशियल मीडिया पर व्यापक अभियान चलाया जाना आवश्यक है।

गोदारा के निर्देशों के पश्चात उपभोक्ता मामले विभाग एवं भारतीय मानक ब्यूरों द्वारा कार्य योजना बनायी जा रही है। इसी क्रम में दोनों विभागों के संयुक्त तत्वावधान में 9 जुलाई को एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए सावंत तथा भारतीय मानक ब्यूरो की क्षेत्रीय निदेशक, कनिका कालिया ने संयुक्त रूप से बताया कि भारत सरकार ने सोने के आभूषणों पर वर्ष 2021 से हॉलमार्क लागू कर दिया है। इससे हॉलमार्क किये हुए आभूषण ही जेवरातियों द्वारा बेचे जा सकते हैं। हॉलमार्किग शुद्धता की गारंटी देता है। प्रमुख शासन सचिव, भास्कर ए सावंत ने जानकारी देते हुए बताया कि हॉलमार्किग वाले आभूषणों को खरीदते समय भारतीय मानक ब्यूरो का लोगो और केरेट के साथ 6 अंको का अल्फान्यूमेरिक कोड अवश्य जांचे।

भारतीय मानक ब्यूरो की निदेशक, कालिया ने बताया कि उपभोक्ता स्वर्ण आभूषण खरीदते समय बीआईएस के रजिस्ट्रेशन की जांच करने के साथ उसका पक्का बिल अवश्य लें। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए सोने की शुद्धता की जांच किये जाने हेतु राज्य में 92 हॉलमार्किंग सेन्टर है। प्रमुख शासन सचिव, भास्कर ए सावंत ने बताया कि उपभोक्ताओं से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन नम्बर 1800-180-6030 पर पंजीकृत करायी जा सकती है।

# फर्जी लैब टेस्टिंग रिपोर्ट देने वाले आरोपी को जमानत नहीं

**जयपुर,** (का.सं.)। अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम- एक, महानगर द्वितीय ने विदेशी महिला को हीरे के स्थान पर सस्ता पत्थर बेचने से जुड़े मामले में फर्जी लैब रिपोर्ट देने वाले आरोपी नंदकिशोर वाल्मीकि की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि आरोपी ने बिना नापतोल और बिना उचित मशीनों से जांच के बिना फर्जी लैब टेस्टिंग रिपोर्ट जारी की। जिसके चलते विदेशी महिला को करीब 4.50 करोड रुपए की हानि हुई है। ऐसे में उसे जमानत का लाभ नहीं दिया जा सकता।

जमानत अर्जी में कहा गया कि प्रार्थी को मामले में झूठा फंसाया गया है। एफआईआर में उसका नाम भी नहीं है। प्रार्थी द्वारा जो डायमंड को जांचा गया था, वह सही था और प्रार्थी ने उसमें किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की थी। ऐसे में उसे जमानत पर यह किया जाए। इसका विरोध करते हुए सरकारी वकील ने कहा कि आरोपी ने अन्य आरोपियों से मिलीभगत कर फर्जी लैब टेस्टिंग रिपोर्ट जारी की है।

# ‘राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम ने “डी-बार” कंपनी को क्यों दिया टैंडर?’

- **मामले के तथ्यों के अनुसार, इस निविदा में भाग लेने के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त यह थी कि, जो फर्म इस टैंडर में भाग लेगी, वह पिछले 3 वित्तीय वर्ष से नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए थी। साथ ही पिछले 7 वर्षों से लगातार किसी सरकारी कंपनी अथवा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में रजिस्ट्रर्ड कंपनी को ‘‘कन्वेयर बेल्ट’’ बेचने वाली होनी चाहिए।**
- **याचिकाकर्ता कंपनी सोमी कन्वेयर्स बेल्टिंग्स लि. ने अदालत को बताया कि, निविदा में शामिल हुई एन.आर.सी. इंडस्ट्रीज़ के दस्तावेजों में साफ जाहिर है कि एन.टी.पी.सी. ने इस कंपनी को 3 वर्ष के लिए ‘‘डी-बार’’ कर रखा है। इसके बावजूद विद्युत उत्पादन निगम ने कंपनी के पक्ष में ‘‘लेटर ऑफ इंटेंट’’ जारी कर दिया**

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. द्वारा विभिन्न पावर प्लांट्स में उपयोग के लिए ‘‘कन्वेयर बेल्ट’’ की खरीद के टैंडर प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। विभाग ने इस टैंडर में एन.आर.सी. इंडस्ट्रीज़ प्रा. लि. के पक्ष में 10 जून 2024 को ‘‘लेटर ऑफ इंटेंट’’ जारी किया था। जिसके खिलाफ निविदा में भाग लेने वाली एक अन्य कंपनी सोमी कन्वेयर्स बेल्टिंग्स लि. ने अदालत में चुनौती दी थी। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने सुनवाई के बाद टैंडर प्रक्रिया पर रोक लगाई।

इस मामले में याचिकाकर्ता की तरफ ने अधिवक्ता सुशील डागा, अनुराग कलावटिया और उनकी सहायक वकील पारूल सिंघल पैरवी के लिए पेश हुए थे।

मामले के तथ्यों के अनुसार, इस निविदा में भाग लेने के लिए एक महत्वपूर्ण शर्त यह थी कि, जो फर्म इस टैंडर में भाग लेगी, वह पिछले 3 वित्तीय वर्ष से नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एन.टी.पी.सी) से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। साथ ही पिछले 7 वर्षों से लगातार किसी सरकारी कंपनी अथवा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में रजिस्ट्रर्ड कंपनी को ‘‘कन्वेयर बेल्ट’’ बेचने वाली होनी चाहिए।

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में कहा गया कि, निविदा में एन.आर.सी. इंडस्ट्रीज़ प्रा. लि. के दस्तावेजों में साफ जाहिर है कि एन.टी.पी.सी. ने इस कंपनी को 3 वर्ष के लिए ‘‘डी-बार’’ कर रखा है। यानि कि यह कंपनी टैंडर प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकती।

इसके बावजूद राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. के मुख्य अभियंता और प्रबंध निदेशक ने इस कंपनी पर मेहरबानी दिखाते हुए इसके पक्ष में ‘‘लेटर ऑफ इंटेंट’’ जारी कर दिया। अदालत ने इस प्रकरण की सुनवाई करते हुए सभी पक्षकारों को नोटिस जारी किया है। साथ ही 5 सप्ताह बाद इस प्रकरण की सुनवाई तय की है। हाईकोर्ट के इस आदेश की कॉपी मुख्य सचिव और वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी भेजी जायेगी।

# ‘लो फ्लोर’ बस की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत

- **पति और बेटे के साथ बाइक पर जा रही थी; गोनेर रोड पर बस ने रौंदा**

**जयपुर।** खोह नागोरियान इलाके में लो-फ्लोर बस की चपेट में आने से बाइक सवार एक महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि हादसे में महिला पति व बच्चा घायल हो गया। गुस्साए लोगों ने बस रुकाई और चालक के साथ जम कर मारपीट की, जिस के बाद चालक को पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोग महिला को लेकर एसएमएस के ट्रोमा सेंटर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित किया जिसके बाद शव को एसएमएस मोर्चरी में रखवा दिया हैं।

पुलिस ने बताया कि गोनेर रोड के पास बाबाजी गेट के पास बस ने बाइक पर बैठी महिला को अपनी चपेट में लिया जिस से महिला का सिर बस के नीचे आ गया। इससे महिला की मौके पर मौत हो गई। महिला रिजवाना (28) बाइक पर अपने पति निशार आलाम(32) और बच्चे अलसफा (डेढ साल) के साथ घर जा रही थी।


इस दौरान पीछे से स्पीड में आ रही लो फ्लोर बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों नीचे गिरे। रिजवाना बीच सड़क पर गिरी। उसका सिर बस के पहियों के नीचे आ गया। बस उसे घसीटते हुए ले गई। मौके पर ही रिजवाना की मौत हो गई। हादसे के बाद बस ड्राइवर भागने की कोशिश कर रहा था। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ लिया और पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर मुकेश को डिटेन कर लिया। रिजवाना का शव एसएमएस हॉस्पिटल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। अलसफा के पैर में फ्रैक्चर है। निसार के सिर में चोट लगी है। दोनों एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट हैं। बस गोनेर से वाटिका जा रही थी। निसार वेल्डिंग का काम करता है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने बस रुकवाई और चालक को खोह नागोरियान थाना पुलिस के सुपुर्द किया। महिला का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

देखा जाए तो जयपुर शहर में लो फ्लोर बस के संचालन और मेंटेनेंस की जिम्मेदारी जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की है। इन बसों के स्टीयरिंग और ब्रेक फेल होने की पहले भी शिकायतें मिल चुकी हैं। प्रबंधन मेंटेनेंस में लापरवाही बरत रहा है। 5 दिन पहले ट्रांसपोर्ट नगर स्थित टनल के पास एक लो फ्लोर बस का स्टीयरिंग फेल हो गया था। हादसे में बस ने एक बाइक सवार के दोनों पैरों को कुचल दिया था।

# स्मार्टफोन का आई.एम.ई.आई. नंबर बदलने वाली शातिर गैंग पकड़ी

## आरोपी रायसर प्लाजा में दुकान चलाते थे; गैंग उन फोन के नंबर को क्रेक करती, जो ग्राहक किस्त पर फोन लेते थे

**जयपुर** (कासं)। राजधानी की कोतवाली थाना पुलिस ने स्मार्ट फोन के लॉक तोड़ने के साथ उनके आईईएमआई नंबर को बदलने वाली गैंग के चार सदस्यों को पकड़ा है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपित उन फोन के नंबर को क्रेक करते थे, जो ग्राहक किस्त पर फोन लेते थे। पुलिस जानकारी में सामने आया कि यह लोग कबाड़ और एक्सचेंज वाले फोन से ये सारा डाटा चुराते थे।




- **आरोपितों ने जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण में भी अपने कस्टमर बना रखे थे।**
- **पुलिस ने कम्प्यूटर, डेस्कटाप, लॉक तोड़ने और आई.ई.एम.आई. नंबर क्रेक करने का सॉफ्टवेयर डिवाइस और 250 से ज्यादा मोबाइल जब्त किए है।**
- **पुलिस को आरोपितों के कब्जे से करीब 100 से अधिक बदले गए मोबाइल के आई.एम.ई.आई. नंबर का रिकॉर्ड ट्रेस आउट भी मिला है।**

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने रायसर प्लाजा में कार्रवाई करते स्मार्ट फोन के लॉक तोड़ने के साथ उनके आईईएमआई नंबर को बदलने वाली गैंग के अतुल गुप्ता (36) निवासी सूर्यनगर गोपालपुरा महेश नगर, लोकेश गर्ग उर्फ लालू (30) निवासी महावीर कॉलोनी विस्तार करतारपुरा महेश नगर हाल मांग्यावास मानसरोवर, गौतम सैनी उर्फ गोलू (38) निवासी रविन्द्र नगर जगतपुरा प्रतापनगर और महेश मुरजानी (53) निवासी सेक्टर-16 प्रताप नगर को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपित रायसर प्लाजा में दुकान चलाते थे और इन लोगों ने आस-पास ग्रामीण इलाकों में भी अपना नेटवर्क फैला रखा था। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से कम्प्यूटर, डेस्कटाप, लॉक तोड़ने और आईईएमआई नंबर क्रेक करने का सॉफ्टवेयर डिवाइस और 250 से ज्यादा मोबाइल जब्त किए है। पुलिस को आरोपितों के कब्जे से करीब 100 से अधिक बदले गए मोबाइल के आईईएमआई नंबर का रिकॉर्ड ट्रेस आउट भी मिले है।

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि जो ग्राहक किस्त पर फोन लेते है और समय पर वे उसे चुका नहीं पाते हैं तो उनका फोन लॉक हो जाता है। ऐसे में ये लोग कम्प्यूटर सिस्टम से मोबाइल का लॉक तोड़ देते और फिर आईईएमआई नंबर बदल देते थे। इससे पहले कोतवाली थाना पुलिस को सूचना मिली कि रायसर प्लाजा में कुछ शॉपकीपर मोबाइल लॉक-अनलॉक करने और आईईएमआई नंबर क्रेक करने का काम कर रहते है। कोतवाली पुलिस ने डीएसटी नॉर्थ के साथ मिलकर रायसर प्लाजा में छापेमारी की। इनके पास कम्प्यूटर सिस्टम में (यूएमटी टूल, एमटीके-2, नया एएमटी, अनलॉक टूल-2, बोर्नियो, जेड डब्यू एक्स) सॉफ्टवेयर इंस्टॉल था। जबकि 20-25 हजार रुपये कीमत का हार्डवेयर डिवाइस (हार्डवेयर टूल यूएफएस, यूएफआई, ईएएसवाई जेटीएजी) का यूज करते थे। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के जरिए ये पूरा काम होता था। आरोपितों ने बताया कि जिस मोबाइल का आईएमईआई नंबर बदलना होता उसे पहले कंप्यूटर से कनेक्ट करते थे। कम्प्यूटर से कनेक्ट करने के बाद इन सॉफ्टवेयर के जरिए पूरे फोन को रिस्टोर कर देते थे। इसके बाद जब इसमें मोबाइल की डिटेल मांगी जाती तो मॉडल नंबर और दूसरी जानकारी तो उसी फोन की रखते थे। लेकिन, जब आईईएमआई नंबर सॉफ्टवेयर मांगता तो ये किसी पुराने कबाड़ हुए या फिर एक्सचेंट में आए फोन के आईईएमआइ नंबर डाल कर उसे अपडेट कर देते थे। आरोपितों की दुकान से बड़ी संख्या में पुराने मोबाइल भी बरामद किए है।

# जयपुर में 3200 किलो अचार-मुरब्बा जब्त, 1500 किलो नकली घी पकड़ा

**जयपुर।** प्रदेश में मिलावट के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की गई।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मालवीय नगर इंडस्ट्रियल एरिया में अपेक्स सर्किल के पास श्रीनाथ अचार फैक्ट्री पर खाद्य सुरक्षा दल द्वारा कार्रवाई की गई। यहां निरीक्षण के दौरान अनेक कमियां पाई गईं। फैक्ट्री में साफ-सफाई की स्थिति असंतोषजनक होने के साथ ही बिना निर्माण तिथि के केमिकल्स पाए गए।

फैक्ट्री में आंवला मुरब्बा के 18-18 किलो के 81 टिन तथा लाल मिर्च अचार के 15-15 किलो के 120 टिन मौके पर रखे हुए थे। विक्रेता ने बताया कि इन्हें हाथरस से खरीद कर लाया गया था, परंतु इन पर किसी प्रकार की कोई निर्माण तिथि, निर्माता का नाम आदि सूचना अंकित नहीं थी। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नमूने लेने के बाद माल को सीज किया गया।

इसी प्रकार फैक्ट्री में लाल मिर्च पाउडर के 10 बैग मिले, जिनमें 500 किलो लाल मिर्च पाउडर रखा हुआ था, जो अचार बनाने के काम लिया जा रहा था। इस मिर्च पाउडर की गुणवत्ता में कमी का अंदेशा होने पर एक नमूना लेने के पश्चात लाल मिर्च पाउडर को भी सीज किया गया। मौके पर एक प्लास्टिक के ड्रम में लगभग 100 किलो कैर का अचार रखा हुआ था, जिसमें फफूंद लगी हुई थी। इसे मौके पर ही नष्ट करवाया गया। इसके अतिरिक्त मौके से वेजिटेबल सॉस एवं मिक्स अचार का भी एक-एक नमूना जांच के लिए लिया गया, जिनकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मौके पर मिली कमियों पर धारा 32 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है। इसकी पालना नहीं करने पर फूड लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

इसी प्रकार दूसरी बड़ी कार्रवाई में 1500 किलो नकली घी पकड़ा गया। अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि गुप्त सूचना पर इंटरसिटी ट्रैवल्स, पोलो विक्ट्री पर खाद्य विभाग की टीम पहुंची। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश चेजारा एवं रतन गोदारा मौके पर पहुंचे तो पाया कि 1500 किलो नकली घी, जिसकी कीमत 290 रुपए किलो है, इंदौर में बनवाकर श्रीराम मिल्क फूड द्वारा जयपुर में झोटवाड़ा रोड स्थित पिंक सिटी टावर में मंगवाया गया था। इसे जयपुर शहर में बेचा जाना था। यह नकली घी ट्रैवल्स बसों से मंगवाया जा रहा था। नकली घी को सीज किया गया है।

श्रीराम मिल्क फूड द्वारा मिल्क क्रीम मदर चॉइस और मिल्क क्रीम के नाम से घी बनाया जा रहा था। श्रीराम मिल्क फॉर डेयरी इंडस्ट्रीज द्वारा इंदौर में घी बनाकर किसी और नाम की फर्म द्वारा झोटवाड़ा में ट्रेवल्स से लाकर बेचा जा रहा था।

# पडौसी ने किया बच्चे से कुकर्म

**जयपुर।** रामगंज थाना इलाके में पडौसी युवक द्वारा काम के बहाने बुलाकर नाबालिग लड़के से कुकर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस को पीडित के पिता ने बताया कि 14 साल के बेटे को करीब 3 महीने पहले पडोसी ने काम के बहाने अपने घर बुलाया था। पडोसी ने डरा-धमकाकर बेटे के साथ कुकर्म किया। किसी को बताने पर मारने की धमकी दी। उसके बाद लगातार काम के बहाने अपने घर बुलाने लगा और गलत काम करता रहा। बेटे को तनाव में देखकर उससे दबाव डालकर कारण पूछा, तब बेटे ने आपबीती आपबीती सुनाई। आरोपी पडोसी की करतूत का पता चलने पर रामगंज थाने में उसके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई गई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजयुमो ने राहुल गांधी का पुतला जलाया

**जयपुर।** भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आज कांग्रेस प्रदेश कार्यालय के बाहर राहुल गांधी का पुतला फूंका और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची के नेतृत्व में मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेसी नेताओं से माफी मांगने की मांग की। भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक बताया और हिन्दुओं का अपमान किया। कांग्रेस पार्टी की ओर से एक समुदाय विशेष के लोगों के लिए हिन्दुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में राहुल गांधी को सार्वजनिक रूप से हिन्दुओं के खिलाफ दिए गए इस बयान को वापस लेते हुए माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी के बयान के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में आक्रोश देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंककर विरोध जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी हाय हाय, गर्व से कहो हम हिन्दू हैं, राहुल गांधी माफी मांगों जैसे नारे लगाए। इस दौरान जयपुर शहर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरूवंशी, विक्रम चौधरी, कमल स्वामी, भुवनेश गुप्ता, भीमराज मीणा, भरत सिंह, सुरज घोडीवाल, राजवीर राठौड, विजेंद्र महावा, अमित चौधरी, अर्पित शर्मा, पवन शर्मा, दीपक शर्मा, लोहित सिंह, आशीष शर्मा, हर्षित तिवाड़ी सहित युवा मोर्चा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लगातार दो दिन की बारिश के बाद चूरू शहर के हालात बदतर, घर से निकलना मुश्किल

## पानी निकासी के अभाव में शहर के निचले इलाके सहित मुख्य बाजार पानी से लबालब हुये

**चूरू, (कासं)।** चूरू में गत शाम से लेकर आज सुबह तक हुई लगातार बारिश के बाद शहर के मुख्य बाजार सहित अधिकांश इलाके पानी से लबालब भर गये। जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को बारिश का दौर शुरु हुआ जो कि करीब एक घंटे तक चला। इसके बाद रात को करीब नौ बजे फिर से बारिश का दौर शुरु हुआ जो कि रातभर रुक रुक कर चलता रहा। रिमझिम बारिश के कारण मौसम सुहावना हो गया। लोगों को भयंकर गर्मी से निजात भी मिल गयी और किसानों के चेहरे खिल उठे। लेकिन शहरवासियों के लिए बारिश परेशानी का सबब बन गई जहां पर पानी भराव की समस्या आज से नहीं बरसों से चली आ रही है। बारिश के कारण मुख्य बाजार सुभाष चौक, झारिया मोरी, नेत्र चिकित्सालय, राजकीय भरतीया अस्पताल, डाक बंगले के पास, पंचायत समिति, चांदनी चौक आदि अनेक स्थानों पर पानी भर गया। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



**चूरू शहर में डाक बंगले के पास टाऊन हॉल की गली में बारिश के पानी ने नदी का रूप धारण कर लिया जिससे लोगों का अपने घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया।**

दुकानों के आगे पानी भरने से दुकानों को मजबूरन बंद रखना पड़ रहा है। इसी के साथ नेत्र चिकित्सालय के पास पानी भरने की समस्या इस कदर है कि वाहन चालकों को अस्पताल के पीछे से होकर पंखा सर्किल तक पहुंचना पड़ रहा है। जिससे गलियों में वाहन चालकों की लंबी कतार लगी हुई है। गौरतलब है कि यहां पर बिना बारिश के भी पानी भराव की समस्या बनी रहती है। अनेक बाद नालियों का पानी सड़क पर आ जाने से मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। बारिश आने के बाद नगर परिषद के दावों की पोल खुलकर सामने आ गई। यहां पर भाजपा व कांग्रेस दोनों का ही बोर्ड रहा लेकिन बारिश के पानी निकासी का समूचित प्रबंध आज तक नहीं हो पाया। जिसका खामियाजा आमजन का भुगतना पड़ रहा है।

**■ बाजार में दुकानदार दुकान बंद करने पर मजबूर**

जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने मंगलवार को चूरू शहर में जल भराव समस्या को लेकर चूरू उपखण्ड अधिकारी बिजेन्द्र सिंह व चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह के साथ चर्चा कर समस्या के निस्तारण के लिए समुचित निर्देश दिए। इसी के साथ आज विधायक हरलाल सहारण के निर्देश पर मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, नगरपरिषद नेता प्रतिपक्ष विमला गढ़वाल व आयुक्त अभिलाषा सिंह ने सुभाष चौक में बरसाती पानी से भरे हुऐ इलाको का ट्रेक्टर पर दोरा किया एवम् पानी निकासी के बारे में चर्चा की।

# होटल में आग लगने से दो युवक गंभीर रूप से झुलसे

## घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया



**भीलवाड़ा में अज्ञात कारणों के चलते कीड़ी माल चौराहे पर स्थित एक होटल में आग लग गई।**

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले के करेड़ा थाना के क्षेत्र में कीड़ी माल चौराहे पर स्थित एक होटल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग से दो युवक गंभीर रूप से झुलस गये जिन्हें पहले आसींद सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।

करेड़ा थाना प्रभारी अर्जुन लाल गुर्जर ने बताया कि मनोहर लाल सालवी निवासी किडिमाल ने रिपोर्ट दी जिसमें उसने बताया कि भीम-गुलाबपुरा नेशनल हाईवे पर स्थित किडिमाल निवासी हरफूल सुथार की होटल पर मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे वह चाय पी रहा था, इसी दौरान अज्ञात कारणों के चलते वहा धमाकें की आवाज के साथ आग लग गई। आग की चपेट में आने से होटल में कार्य कर रहे सलीम खान और जुनेद खान दोनों घायल हो गए। घायल को आसींद सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां से दोनो को जिला मुख्यालय स्थित एमजी हॉस्पिटल के लिए रेफर किया गया। आग के कारण मौके पर सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया वही तीन से चार बाइक भी आग की चपेट में आ गई। मौके पर अवेध रूप से जमा किए गए बायोडीजल के ड्रम भरे हुए थे, जिनके आग की चपेट में आने से आग ने विकराल रूप ले लिया। आग इतनी विकराल थी कि कई किमी दूर से ही लपटे दिखाई दे रही थी। करेड़ा पुलिस एवं अग्नि शमन सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और करीब 3 घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आगजनी की जांघ के लिए एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। टीम ने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है।

# विष्णु वनस्पति घी भंडार से दो बार घी का लिया सैम्पल, दोनों बार ही अनसेफ

**हनुमानगढ़, (कासं)** खाद्य सुरक्षा दल द्वारा पीलीबंगा के एक खाद्य विक्रेता से घी के दो बार सैम्पल लेने पर खाद्य प्रयोगशाला द्वारा दोनों बार की रिपोर्ट में सैम्पल अमानक (अनसेफ) पाए गए हैं। पहला सैम्पल 2 नवम्बर 2018 को लिया गया था जबकि दूसरा सैम्पल 13 मार्च 2023 को लिया गया। पहली बार अनसेफ सैम्पल का प्रकरण सीजेएम कोर्ट में प्रक्रियाधीन हैं। बीकानेर से संयुक्त निदेशक से अभियोजन स्वीकृति जारी होने के बाद अब 8 जुलाई को दूसरा प्रकरण सीजेएम कोर्ट में पेश किया जाएगा।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि जिला खाद्य सुरक्षा दल नियमित रूप से खाद्य विक्रेताओं से सैम्पल एकत्र किए जा रहे हैं। इसी के तहत एक ही दुकान से घी के दो बार सैम्पल लेने पर दोनों बार ही अनसेफ सैम्पल की रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिससे खिलाफ कोर्ट में प्रकरण दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि पीलीबंगा के मै. विष्णु वनस्पति घी भंडार से 2 नवम्बर 2018 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरिराम वर्मा ने वनस्पति घी का सैम्पल संग्रहित किया गया, जिसे जांच के लिए जयपुर स्थित प्रयोगशाला में भेजा गया। जयपुर स्थित प्रयोगशाला से 10 जनवरी 2019 को प्राप्त हुई रिपोर्ट में वनस्पति घी अनसेफ पाया गया। मै. विष्णु वनस्पति घी भंडार के प्रोपराइटर मुकेश कुमार पुत्र सेराराम बाजीगर ने वनस्पति घी की अन्य प्रयोगशाला से पुनः जांच के लिए आवेदन किया। विभाग ने वनस्पति घी के सैम्पल की दोबारा जांच के लिए उसे मैसूर स्थित रेफरल लैब में भेजा गया। 1 अप्रेल 2019 को मैसूर स्थित रेफरल लैब से प्राप्त रिपोर्ट में भी घी अनसेफ पाया गया। इस संबंध में 14 अक्टूबर 2019 को सीजेएम कोर्ट में वाद दायर किया गया, जो प्रक्रियाधीन है। डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि 13 मार्च 2023 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी रफीक मोहम्मद ने मै. विष्णु वनस्पति घी भंडार से घी सैम्पल लिया, जिसे जांच के लिए बीकानेर स्थित जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भेजा गया। जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला से 5 अप्रेल 2023 को प्राप्त हुई रिपोर्ट में घी का सैम्पल भी अनसेफ पाया गया।

# 35 हजार रुपये का इनामी बदमाश पकड़ा

**जोधपुर, (का.सं.)।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने जोधपुर के शताब्दी सर्कल से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त कुख्यात तस्कर महिपाल कांवा पुत्र भागुराम बिश्नोई (32) निवासी सरनाडा थाना डांगियावास जिला जोधपुर को दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार तस्कर जोधपुर ग्रामीण पुलिस एवं प्रतापगढ़ पुलिस से 35 हजार रुपए का इनामी है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन बताया कि उप महानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एजीटीएफ विद्या प्रकाश के सुपरविजन में गठित टीम के सदस्य हैड कांस्टेबल राकेश जाखड़ को सोमवार को मादक पदार्थों की तस्करी में कुख्यात महिपाल बिश्नोई के बारे में सूचना मिली थी।

आरोपी तस्कर महिपाल विश्नोई के विरुद्ध वर्ष 2021 में 30 क्विंटल डोडा पोस्त तस्करी के मामले में प्रतापगढ़ जिले के सुहागपुर थाने में एवं साल 2023 में जोधपुर ग्रामीण जिले के कापरड़ा थाने में 28 क्विंटल डोडा पोस्त तस्करी के मामले में एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज हुआ था। दोनों मामलों में आरोपी घटना के समय से फरार था। इसकी गिरफ्तारी के लिए जोधपुर ग्रामीण एसपी द्वारा 25 हजार और प्रतापगढ़ एसपी द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। दोनों टीमों ने संयुक्त कार्रवाई कर जोधपुर शहर में शताब्दी सर्किल के पास से आरोपी तस्कर महिपाल कांवा को देर रात घेराबंदी कर दबोच लिया।

# जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष

**भीलवाड़ा, (निसं)।** फूलियाकलां थाना क्षेत्र के पनोतिया गांव में जमीन को लेकर एक ही समाज के दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। जमीन को लेकर हुए झगड़े में दोनों पक्षों की चार महिलाओं सहित ग्यारह लोग घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए शाहपुरा ओर भीलवाड़ा स्थित चिकित्सालय ले जाया गया है। थानाधिकारी देवराज सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के पनोतिया गांव में एक पक्ष तुलसीराम कुमावत ओर दूसरे पक्ष कैलाश कुमावत के बीच जमीन को लेकर झगडा हो गया।

झगड़े में दोनों पक्षों की चार महिलाओं सहित ग्यारह लोग घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के लिए शाहपुरा ओर भीलवाड़ा स्थित चिकित्सालय ले जाया गया है। बताया जा रहा है उक्त जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच एक मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है।

# मसूदा में कुएं में गिरने से विवाहिता की मौत

**मसूदा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम चावंडिया में मंगलवार को विवाहिता के कुएं में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा शव पीहर पक्ष को सौंप दिया। ग्राम चावंडिया में मंगलवार को धनराज गुर्जर की पत्नी मनीषा (25) गांव के पास स्थित कुएं में गिर गई। जिसको लेकर किसी ने विवाहिता के परिजनों को जानकारी दी। जिस पर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे एवं विवाहिता को बचाने का प्रयास शुरू किया। सूचना मिलने पर मसूदा पुलिस मौके पर पहुंची एवं कुएं पर एक साथ तीन इंजन लगाकर व्पानी को निकालकर विवाहिता को कुएं से बाहर निकाला गया। तब तक पानी में डूब जाने से विवाहिता की मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने विवाहिता के शव को मसूदा चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। मौके पर पहुंचे पीहर पक्ष ने मामले को लेकर विवाहिता की हत्या की आशंका व्यक्त किया एवं मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कारवाई करने की मांग की। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करा शव विवाहिता के पीहर पक्ष को सौंप दिया।

ग्राम चावंडिया निवासी विवाहिता मनीषा का चार माह ही गौना हुआ था। जिसके चलते वह अपने ससुराल आई थी। लेकिन मंगलवार को विवाहिता के कुएं में गिरने से मौत होने से पीहर पक्ष में हड़कम्प मच गया। मौके पर पहुंचे विवाहिता के भाई ने बताया कि मंगलवार को प्रात उसकी बहन से दूरभाष पर वार्ता हुई थी। जिसके दौरान वह परेशान थी।

# दुष्कर्म पीड़िता ने कीटनाशक खाया, अस्पताल में भर्ती

**जोधपुर, (कासं)।** डॉ अम्बेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसियेशन (अजाक) राजस्थान और समता सैनिक दल की ओर से दुष्कर्म पीड़िता को न्याय दिलाने एवं इस घटना के दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री और गृहमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। समता सैनिक दल की राष्ट्रीय महासचिव कमला बुगालिया एवं अजाक के प्रदेश उपाध्यक्ष बसन्त रोयल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर जोधपुर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि 26 जून क अनुसूचित जाति की एक नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म कर उसे अलसुबह उसे घर के बाहर सड़क पर घायल अवस्था में फेंक दिया गया था।

लोकलाज़ के भय से पीड़िता ने कीटनाशक पी लिया जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई। पीड़िता गंभीर अवस्था में मथुरादास माथुर चिकित्सालय में उपचाराधीन है। यह एक जघन्य अपराध है, अमानवीय कृत्य है। घटना के कारण क्षेत्र के लोगों एवं अनुसूचित जाति समाज में रोष है। दुष्कर्म के आरोप में नामजद सुनील और उसके साथियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई है। ज्ञापन में पुलिस द्वारा आरोपियों को बचाने की बात कही गई है। ज्ञापन में पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने और पीड़िता को नौकरी ओर उचित मुआवजे की मांग की गई है। अजाक के प्रवक्ता देवीलाल चौहान, भंवरलाल बुगालिया, बीआर जोया, किशन खुडीवाल, हंसदास कामड़ सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**■ दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग पर सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा**

# दुकानदार के आंखों में मिर्ची झौंककर चेन लूटी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में एक दुकान से मिर्ची खरीदने के बाद दुकानदार की आंखों में मिर्ची झौंकते हुये दो अज्ञात बदमाशों ने गले से सोने की चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया है। आजाद नगर निवासी और जयश्री कृष्णा तेल घाणी एवं मसाला उद्योग के संचालक राहुल पुत्र रतनलाल साहू ने बताया कि एक जुलाई की शाम 5 बजे वह अपनी शॉप पर था। इसी दौरान आजाद नगर का ही कैलाश सुथार अपने एक साथी के साथ शॉप पर मिर्ची लेने आया। उसने 100 रुपये की मिर्ची खरीदी। राहुल ने मिर्ची तौल कर कैलाश को दे दी। उसने उक्त मिर्ची राहुल की ही आंखों में झौंक दी। इसके बाद ये आरोपित, उसके गले से सोने की चेन छीन कर बाइक पर सवार होकर फरार हो गया। वह, चिल्लाया तो आस-पास के लोग एकत्रित हो गये। राहुल का कहना है कि उसने वारदात की रिपोर्ट प्रताप नगर थाने में दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बेटे के इलाज के लिए पिता ने लगाई गुहार

## एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, अपीऑस्टिक अनैमिया नॉन सीवियर से पीड़ित है हरिराम

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड के रुंध का पुरा गांव निवासी एक 17 वर्षीय किशोर गंभीर बीमारी से पीड़ित है। किशोर के उपचार में परिवार अब तक 12 से 14 लाख रुपए की राशि खर्च कर चुका है। जिसमें सारी जमा पूंजी लगाने के साथ परिवार पर कर्ज भी चढ़ गया है। चिकित्सक अभी उपचार में ट्रांसप्लांट को लेकर 20 से 25 लाख रुपए का खर्चा बता रहे हैं। ऐसे में पुत्र की जिंदगी बचाने को लेकर गंभीर बीमारी से पीड़ित किशोर के पिता और ग्रामीणों ने मंगलवार एसडीएम राधेश्याम मीणा को एक ज्ञापन सौपा हैं। जिसमें सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

एसडीएम राधेश्याम मीणा को दिए ज्ञापन में गांव रुंध का पुरा निवासी विशंभर पुत्र नहनेराम कुशवाहा ने गुहार लगाई है कि उसका 17 वर्षीय पुत्र हरिराम पिछले एक वर्ष से गंभीर बीमारी अपीऑस्टिक अनैमिया नॉन सीवियर से



**पीड़ित हरिराम के पिता ने सरकारी सहायता की मांग की।**

पीड़ित है। पुत्र का उपचार वर्तमान में अपेक्स हॉस्पिटल जयपुर में चल रहा है। एक वर्ष में उपचार के दौरान चिकित्सकों की सलाह पर 6 से 7 लाख की कीमत का एटीजी इंजेक्शन भी लग चुका है। उसने बताया कि परिवार पर अब तक उपचार पर 12 से 14 लाख तक खर्च हो चुका है, जिसमें सारी जमा पूंजी लग गई है। साथ में लोगों का कर्ज चढ़ गया है। अभी भी हरिराम के स्वास्थ्य में सुधार नहीं है। चिकित्सक ट्रांसप्लांट की कह रहे हैं। जिसमें 20 से 25 लाख रुपए का खर्चा आएगा। ऐसे में परिवार सदमे में है और उपचार के लिए सरकार और प्रशासन से गुहार लगा रहा है। इसको लेकर पीड़ित विशंभर कुशवाह और रुंध का पुरा के ग्रामीणों ने बाड़ी एसडीएम को ज्ञापन सौपा है।

**■ इलाज पर 12-14 लाख हो चुके हैं खर्च, अभी जरूरत है करीब 25 लाख रुपये की**

विशंभर कुशवाहा ने बताया कि उनके बेटे की जिंदगी बचाने के लिए अब उनके पास कुछ भी नहीं है। उनके परिवार में एक पुत्री भी है, जो शादी योग्य है। उसने उच्च शिक्षा ग्रहण कर रखी है, लेकिन कोई रोजगार नहीं है। पीड़ित विशम्भर के साथ आए ग्रामीण पप्पू, लाखन, रामचरण आदि ने बताया कि विशंभर एक छोटा किसान है। जिसके पास कोई ज्यादा खेती भी नहीं है। जैसे-तैसे परिवार का पालन कर रहा है। उस पर यह पहाड़ टूट गया है। ऐसे में सहायता की जरूरत है।

# बुजुर्ग की टक्कर से मौत

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर जिले के दिहौली थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पास सोमवार शाम बाइक से घर लौट रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसे के बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से मृतक के शव को जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया गया।

मंगलवार सुबह जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि बाइक सवार 55 वर्षीय बुजुर्ग बनवारी लाल पुत्र रामलाल जाटव अपने गांव नादौरा से त्रयोदशी संस्कार में शामिल होने के लिए बाहरीपुरा गांव गया था। त्रयोदशी संस्कार में खाना खाकर वापस लौटते वक्त इंद्रावली मोड के पास उसकी बाइक को पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिस हादसे में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां से बुजुर्ग की पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी गई।

# एकादशी पर पुष्कर राज की महाआरती



**पुष्कर। एकादशी के पावन पर्व पर पुष्कर राज की महा आरती की गई। इस दौरान भजन कीर्तन का कार्यक्रम भी रखा गया। राष्ट्रवादी ब्राहमण महासंघ के प्रदेश सचिव दामोदर मुखिया ने बद्री घाट सदर बाजार पर आयोजित एकादशी के मौके पर पुष्कर सरोवर की महाआरती में भाग लिया महाआरती से पूर्व सरोवर का पूजन एवं दुग्धाभिषेक किया गया महाआरती पंडित शशांक पाराशर उर्फ बम बम द्वारा की गई भजन गायक पंडित रामपाल काला के सानिध्य मे आरती की गई इस मौके पर इन्द्र सिंह पंवार यश पाराशर, कार्तिक पाराशर, ऋषि पराशर, योगेश वैष्णव, पंकज आदि मौजूद रहे।**

# जे.एल.एन. अस्पताल में फिर हादसा, अधीक्षक कार्यालय के बाहर गिरा छत का प्लास्टर

## काम कर रहा कारीगर गंभीर रूप से घायल हुआ

**अजमेर, (कासं)।** संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में एक बार फिर हादसा हो गया। मंगलवार को अधीक्षक कार्यालय के पास हेल्प डेस्क के निर्माण कार्य का काम कर रहे मजदूर के ऊपर धमाके के साथ छत का प्लास्टर गिर गया, जिससे मजदूर के सिर पर गंभीर चोट आई, जिसे उपचार के लिए इमरजेंसी ले जाया गया, जहां उसके सिर में दस टांके आए हैं। अचानक हुए हादसे से अफार-तफरी मच गई। अस्पताल अधीक्षक डॉ.अरविंद खरे सहित नर्सिंग स्टाफ मौके पर पहुंच कर हादसे की जानकारी ली।

प्राप्त जानकारी अनुसार जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में अस्पताल अधीक्षक डॉ.अरविंद खरे के कार्यालय के पास हेल्प डेस्क का निर्माण कार्य चल रहा था, मजदूर चांदमल निर्माण कार्य व्यस्त था। इस दौरान धमाके के साथ अस्पताल की छत का प्लास्टर मजदूर भोपो का बाड़ा निवासी चांदमल पुत्र छोटू लाल के ऊपर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई है। धमाके की आवाज सुनकर अस्पताल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घायल को आपात कालीन वार्ड ले जाकर इलाज शुरू कराया, जहां चिकित्सकों ने उसके सिर का उपचार किया। मजदूर के सिर में दस टांके आए हैं। सूचना मिलते ही मौके पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविंद खरे स्टाफ के साथ मौके पर पहुंची और हादसे की जानकारी ली।

संभाग के सबसे बड़े जेएलएन अस्पताल में आम दिनों की तरह आपात कालीन विभाग में मरीजों की खासी भीड़ रहती है। गनीमत यह रही कि जिस स्थान पर छत का प्लास्टर गिरा, वहां पर मजदूर अकेला ही काम कर रहा था, अन्य था बड़ा हादसा घटित हो सकता था। हैरानी की बात यह है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे।

मालूम हो कि जेएलएन अस्पताल में पूर्व में भी कई वार्डो सहित पोर्च में छत का प्लास्टर गिरने से हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद भी अस्पताल प्रशासन ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है।



**घायल मजदूर का इलाज करते चिकित्सक।**



आप जानते हैं... मैं उस पल को महसूस कर रहा था। जब मैं पिच पर गया क्योंकि उस पिच ने हमें ये दिया। हमने उस विशेष पिच पर खेला और हमने गेम जीता, वह विशेष मैदान भी। मैं अपने डीवन में उस मैदान और उस पिच को हमेशा याद रखूंगा। - रोहित शर्मा

भारतीय कप्तान, टी-20 वर्ल्ड कप जीतने की खुशी में भावुक होने पर बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶



## मनु भाकर

हरियाणा की रहने वाली युवा निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस ओलंपिक गेम्स में क्वालीफाई करने में सफलता प्राप्त की है। युवा अवस्था में ही मनु भाकर रैंकिंग के माध्यम से भारत की शूटिंग स्टार बन गई। मनु भाकर की, हरियाणा के झज्जर में जन्मीं मनु भाकर ने स्कूल के दिनों में टेनिस, स्केटिंग और मुक्केबाजी मुकाबलों में हिस्सा लिया। इसके अलावा उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाली थान टा नामक एक मार्शल आर्ट में भी भाग लिया। भाकर पिछले 7 साल से शूटिंग कर रही हैं। वह ओलिंपिक 2020 का हिस्सा रह चुकी हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेयिा के मध्य 1877 में मेलोबर्न में खेला गया। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो फूट-फूटकर रोने लगे

नई दिल्ली, 2 जुलाई। पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रविवार को जर्मनी में यूरो कप 2024 राउंड ऑफ 16 मैच के पुर्तगाल और स्लोवेनिया मैच में पेनल्टी से गोल दागने में चूक गए, जिसके



बाद वह रोहित हुए दिखाई दिए। रोनाल्डो अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख पाए और रोने लगे। उनकी मां, मारिया को भी स्टैंड में रोते हुए देखागया था क्योंकि वह असहाय रूप से अपने सुपरस्टार बेटे की कोई मदद करने में असमर्थ थीं। हालांकि, इस दौरान रोनाल्डो की टीम ने उन्हें सपोर्ट किया। बता दें कि, रोनाल्डो अगर ये पेनल्टी गोल करने में कामयाब हो जाते तो पुर्तगाल मैच जीतने के लिए एक मजबूत स्थिति में आ जाती। उन्होंने खेल के आखिरी मिनटों में बढ़त दिलाने की कोशिश की जिसमें वह असफल रहे। दोनों टीमें एक्स्ट्रा टाइम में भी गोल करने में असफल रही थीं जिसके बाद नतीजा निकालने के लिए मैच पेनल्टी शूट आउट में गया। यहां पर रोनाल्डो का आत्मविश्वास झलका क्योंकि एक बार पेनल्टी मिस करने के बाद वह पेनल्टी शूट आउट के दौरान पुर्तगाल की तरफ से पेनल्टी लेने वाले पहले खिलाड़ी के रूप में आए और इस बार उन्होंने बॉल को गोल में डाल दिया। पुर्तगाल ने 3-0 से पेनल्टी शूट आउट अपने नाम कर ली। इसी के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल के लिए भी पुर्तगाल ने 3-0 से पेनल्टी शूट आउट अपने नाम कर ली। इसी के साथ उन्होंने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। अब 6 जुलाई को क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल का सामना फ्रांस से होने वाला है।

## टीम इंडिया टी-20 सीरीज के लिए जिम्बाब्वे रवाना

नई दिल्ली, 2 जुलाई। जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया मंगलवार की सुबह मुंबई से रवाना हुई। भारत को जिम्बाब्वे दौरे पर पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मुकाबला 6 जुलाई को हरारे में खेला जाएगा। टी-20 वर्ल्ड कप के बीच जिम्बाब्वे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया था। टीम का कप्तान शुभमन गिल को बनाया गया है। टी-20 वर्ल्ड कप खेलने गई टीम के कुछ खिलाड़ी भी इस टीम में शामिल हैं। हालांकि, वह इस वक्त बारबाडोस में तूफान की वजह से फंसे हैं, लेकिन बाकी जो खिलाड़ी भारत में ही थे वह हेड कोच वीवीएस लक्ष्मण (सिर्फ इस टूर के लिए) के साथ जिम्बाब्वे के लिए रवाना हो गए। अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट पर टीम की रवाना होने की कुछ फोटोज भी शेयर की हैं। बारबाडोस में फंसे खिलाड़ियों में यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे और संजू सैमसन शामिल हैं। ये खिलाड़ी भारत आने के बाद जिम्बाब्वे जाएंगे ।

## राजस्थान की टीम कराटे प्रतियोगिता में देश में तीसरे स्थान पर

उदयपुर, 2 जुलाई। राजस्थान के उदयपुर में वीएसकेएफ एकेडमी की ओर से आयोजित हुई दूसरी महाराणा प्रताप नेशनल कराटे चैंपियनशिप में राजस्थान की टीम ने 17 स्वर्ण सहित 33 पदक प्राप्त कर देश में तीसरे स्थान पर रही। राजस्थान के निदेशक संजू सिंह ने बताया कि राजस्थान के खिलाड़ियों ने 17 स्वर्ण पदक के साथ 33 पदक अर्जित किये। पदक विजेताओं में सीनीयर वर्ग में .राजकुमार सेन ने कुमिते में स्वर्ण, कमलेश सेन ने कुमिते में रजत,क्रेडिट वर्ग आदित्य सिंह ने कुमिते में स्वर्ण,दक्ष चांडालिया ने कुमिते में रजत, अक्षय लोगनथन ने कुमिते में रजत पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार सब जूनियर वर्ग में समिष्टा गहलोत ने कुमिते में स्वर्ण, काता में स्वर्ण, हिया चंडालिया ने कुमिते में स्वर्ण, संभवी लोगनथन ने कुमिते में स्वर्ण, हितांशी धरावत ने स्वर्ण, दिवित ने कांस्य, सोहित ने स्वर्ण, अरांश असावा ने स्वर्ण, मितांश दांगी ने स्वर्ण, परमदेव एस. चुंडावत एवं तुषांक ने रजत, अक्षित सोमानी ने रजत व काता में कांस्य, परी चतुर्वेदी ने सोना, देवांश टाटावत ने रजत, प्रिंस साहू ने कूमिते व काता में, कशिश टाटावत ने कुमिते स्वर्ण व काता में कांस्य, मनन ने कुमिते मे स्वर्ण व काता में कांस्य पदक प्राप्त किया।

## मरे ने विंबलडन में एकल स्पर्धा से नाम लिया वापस

लंदन, 2 जुलाई। तीन बार के ठौंड स्लैम चैंपियन और ब्रिटेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे ने मंगलवार को विंबलडन चैंपियनशिप में पुरुष एकल स्पर्धा से अपना नाम वापस ले लिया है। मरे आज यहां विंबलडन में पुरुष एकल स्पर्धा से अपने नाम वापस लेने की पुष्टि की। ऑल इंग्लैंड क्लब में चेक खिलाडी टॉमस मचैक के खिलाफ खेलने के लिए बेल्जियम के डेविड गोफिन मरे की जगह लेंगे। मरे की टीम यहां जारी एक बयान में कहा, दुर्भाग्य से, एक सप्ताह पहले अपने ऑपरेशन के बाद से अपनी रिकवरी पर अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत करने के बावजूद एंडी ने इस वर्ष एकल नहीं खेलने का बहुत कठिन निर्णय लिया है।

# तूफान के कारण बारबाडोस में फंसी टीम इंडिया के वतन वापसी की राह खुली

### चार्टर्ड फ्लाइट से आज लौटने के आसार

बारबाडोस, 2 जुलाई टीम इंडिया तूफान बेरिल की वजह से बारबाडोस में फंसी हुई है। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में रोमांचक जीत के अगले दिन टीम इंडिया को वापसी करनी थी, लेकिन तूफान के कारण टीम इंडिया भारत के लिए रवाना नहीं हो सकी। रिपोर्ट के मुताबिक, टीम इंडिया को चार्टर्ड फ्लाइट से वापस लाएगी।

सूत्रों के अनुसार टीम के ब्रिजटाउन से शाम 6 बजे स्थानीय समयानुसार (3 जुलाई, 3:30 भारतीय समयानुसार) रवाना होने और बुधवार को शाम 7.45 बजे (भारतीय समयानुसार) दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। यहां पहुंचने के बाद खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया जाएगा, लेकिन उस कार्यक्रम की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।





बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया मोटली ने बताया कि मैं वास्तव में एयरपोर्ट के स्टाफ के संपर्क में हूं और वे अब अपनी अंतिम जांच कर रहे हैं। और हम जल्द सामान्य फ्लाइट्स फिर से शुरू करना चाहते हैं।

## शतरंज के आखिरी चार दौर में प्रज्ञानानंदा और गुकेश लगायेंगे शीर्ष पर पहुंचने का जोर






नई दिल्ली, 2 जुलाई। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में एक दिन के विश्राम के बाद जब छठे दौर के अपने-अपने मुकाबल में उतरेंगे तो तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के लिए उन्हें आखिरी के चार दौर में अपने खेल के स्तर को और ऊंचा उठाना होगा। नौ दौर के टूर्नामेंट में पांच दौर के बाद दोनों भारतीय तीन-तीन अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। अमेरिका के फैबियानो कारूआना उनसे आधा अंक आगे तालिका में शीर्ष पर है। फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा और मैक्सिम वाचिएर-लाठोव, रूस के इयान नेपोम्नियाचची और अमेरिक के वेस्ले सो 2.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। यह चारों खिलाड़ी नीदरलैंड के अनीश गिरी और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से आधा अंक आगे हैं। स्थानीय खिलाड़ी डीक बोगदान-डेनियल 1.5 अंकों के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं। प्रज्ञानानंदा टूर्नामेंट में अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे है और बेहतर स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने कुछ मुकाबलों को ड्रॉ खेला है। छठे दौर में उनके सामने रोमानिया के बोगदान-डेनियल की चुनौती होगी। प्रज्ञानानंदा को इस मुकाबले में जीत का दावेदार माना जा रहा है क्योंकि वह सफेद मोहरों के साथ खेलेंगे। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर गुकेश के सामने छठे दौर में वाचिएर-लाठोव की चुनौती होगी। इस दौर में गुकेश काले मोहरों से खेलेंगे।

# सुमित नागल पहले दौर से हुए बाहर, सर्बिया के खिलाड़ी ने दी मात

नई दिल्ली, 2 जुलाई। टेनिस के सबसे पुराने टूर्नामेंट के 137वें एडिशन का आगाज हो चुका है। इस बार भारत की तरफ से पुरुषों के सिंगल इवेंट में स्टार खिलाड़ी सुमित नागल को भी खेलने का मौका मिला। मेन ड्रॉ में जगह बनाने वाले नागल को पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा, जिसमें उन्हें सर्बिया के खिलाड़ी मिओमिर केकेमनोविक ने मात दी। 48 मिनट तक चले इस मुकाबले में कुल 4 सेट का खेल हुआ जिसमें नागल को तीन सेटों में हार का सामना करना पड़ा। सुमित नागल जिन्होंने पिछले महीने ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाई किया था उनके खेल में इस मैच में बिलकुल भी निरंतरता देखने को नहीं मिली।



इस मुकाबले को लेकर बात की जाए तो सुमित नागल को सर्बिया के खिलाड़ी मिओमिर केकेमनोविक से पहले सेट में 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद नागल ने दूसरे सेट में शानदार तरीके से वापसी करने के साथ उसे 6-3 से अपने नाम किया और मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। तीसरे सेट में सुमित नागल ने बेहतर खेल तो दिखाया लेकिन उन्हें 3-6 से मात मिली तो अंतिम सेट भी काफी रोमांचक रहा हालांकि नागल इसे 4-6 से गंवा बैठे और उन्हें विम्बलडन 2023 में पुरुषों के सिंगल इवेंट के पहले राउंड से ही बाहर होना पड़ा।

## चीन के बैडमिंटन खिलाड़ी की कोर्ट में मौत

जकार्ता, 2 जुलाई। चीन के किशोर बैडमिंटन खिलाड़ी झांग झिजी की खेल के दौरान अचानक हृदयाघात से मौत हो गई। बीबीसी की आज जारी रिपोर्ट के अनुसार झांग झिजी की बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप में खेल के दौरान गिर गये, बाद में खिलाड़ी को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सको ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार इंडोनेशिया के बैडमिंटन एसोसिएशन अखिल इंडोनेशिया बैडमिंटन संघ ने कहा कि खिलाड़ी को खेलते समय दिल का दौरा पड़ा। देरी उपचार को लेकर अधिकारियों ने तीखी आलोचना हो रही है। पीबीएसआई के प्रवक्ता ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि मेडिकल टीमों को खेल के नियम के अनुसार कोर्ट में प्रवेश करने से पहले रेफरी की अनुमति की आवश्यकता होती है इसलिए मेडिकल टीम तुरन्त कोर्ट में नहीं पहुँच सकी। उन्होंने कहा कि पीबीएसआई अब महासंघ से इस नियम का पुनर्मूल्यांकन करेगा ताकि इस तरह की परिस्थिति तुरंत कार्रवाई जा सके।

# वॉन और फ्लिंटॉफ के बेटे अंडर-19 में इंग्लैंड के लिए एक साथ कर सकते हैं डेब्यू

नई दिल्ली, 2 जुलाई। इंग्लैंड के माइकल वॉन और एंड्रयू फ्लिंटॉफ की जोड़ी के अपने टेस्ट करियर को समाप्त करने के पंद्रह साल बाद उनके बेटों के श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों से आयु वर्ग स्तर पर पारंपरिक प्रारूप में अपनी यात्रा शुरू करने की उम्मीद है। पूर्व एशेज विजेता इंग्लैंड के कप्तान वॉन के बेटे आर्ची वॉन को मंगलवार को 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया जिसमें 16 वर्षीय रॉकी फ्लिंटॉफ भी शामिल हैं जिन्होंने पहले ही युवा एकदिवसीय मुकाबलों में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण कर लिया है। टीम में पारिवारिक संबंध साफ नजर आते हैं।



इंग्लैंड के मौजूदा लेग स्पिनर रेहान के भाई फरहान अहमद और इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जो डेनली के 17 वर्षीय भतीजे जेडन डेनली को भी टीम में जगह मिली है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाज और ऑफ स्पिनर 18 वर्षीय आर्ची ने इस सत्र की शुरुआत में अपने पहले पेशेवर अनुबंध में समरसेट का प्रतिनिधित्व किया। वह 2020 से टॉनटन में काउंटी के अकादमी ढांचे का हिस्सा रहे हैं। आर्ची को हालांकि अब तक समरसेट की शीर्ष टीम से खेलने का मौका नहीं मिला है।

पिछले हफ्ते आयु वर्ग स्तर पर उन्होंने इंग्लैंड अंडर-19 एकदिवसय टीम के खिलाफ अभ्यास मैच में यंग लायंस आमंत्रण एकादश के लिए 83 गेंदों में 85 रन बनाकर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। दाएं हाथ के ऑलराउंडर रॉकी इंग्लैंड की टीम के लिए 106 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

# वनडे वर्ल्ड कप 2023 में हार के बाद पद छोड़ना चाहते थे राहुल द्रविड़

नई दिल्ली, 2 जुलाई। भारत ने साउथ अफ्रीका को हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब 29 जून को अपने नाम र दिया है। लेकिन अभी तक इसकी खुशी टीम इंडिया के साथ-साथ पूरे देशवासियों के चेहरे पर नजर आ रही है। टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ का कार्यकाल भी इस टूर्नामेंट के साथ खत्म हो गया है। अब वह भारतीय टीम के हेड कोच नहीं रहे हैं। बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ का एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें उन्होंने खुलासा करते हुए कहा कि, पिछले साल ऑस्ट्रेलिया से वनडे वर्ल्ड कप 2023 हारने के बाद वो अपना पद छोड़ना चाहते थे, लेकिन रोहित शर्मा की एक कॉल ने सबकुछ बदल दिया। बीसीसीआई टीवी पर राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा को लेकर कहा कि, थैंकू यू रो, मुझे नवंबर में वो कॉल करने के लिए और मुझे रुकने के लिए कहने के लिए। मुझे लगता है कि टीम इंडिया में हर एक शख्स के साथ काम करना गर्व की बात है, मैं हर एक शख्स के लिए शुक्रगुजार हूं लेकिन रो तुमको शुक्रिया अपना इतना समय देने के लिए एक कप्तान के तौर पर। कई बार हमने बात की, हमनें कई चीजों पर चर्चा की, कई बातों पर हम सहमत थे, कई बातों पर हम एक- दूसरे से सहमत नहीं थे, लेकिन इन सबके बाद तुमको बहुत-बहुत शुक्रिया।

# भारतीय सेना से रोवर बलराज पंवार ने रचा इतिहास




चुंगजू, 2 जुलाई । बलराज पंवार ने पेरिस ओलंपिक के लिए नौकायन में भारत का पहला कोटा हासिल कर लिया है। 25 वर्षीय भारतीय सेना के नौकायन खिलाड़ी ने दक्षिण कोरिया के चुंगजू में आयोजित 2024 विश्व एशियाई और महासागरीय ओलंपिक और पैरालंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा में पुरुषों की एकल स्कल स्पर्धा में तीसरा स्थान हासिल करके यह उपलब्धि हासिल की। पंवार, जो पिछले वर्ष चीन में एशियाई खेलों में अपने पहले प्रयास में कांस्य पदक से चूक गए थे, ने 2000 मीटर की दौड़ 7 मिनट और 1.27 सेकंड के सराहनीय समय में पूरी करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे उन्होंने ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है।

हरियाणा के कैमला गांव के रहने वाले बलराज पंवार हमेशा से ही खेलों के प्रति आकर्षित रहे हैं, लेकिन रोइंग में उनका सफर अप्रत्याशित रूप से शुरू हुआ। गुरुवार को भारतीय ओलंपिक संघ और रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के साथ मिलकर भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा आयोजित एक मीडिया इंटरेक्शन में उन्होंने कहा, "मैं 2018 में भारतीय सेना में शामिल हुआ और वहीं रोइंग से मेरा परिचय हुआ।"

## सैमसन, जायसवाल और शिवम दुबे की जगह अन्य 3 खिलाड़ियों को मिला मौका

नई दिल्ली, 2 जुलाई। भारतीय टीम के जिम्बाब्वे दौरे के लिए पुरुष चयन समिति ने पहले दो टी20आई के लिए संजू सैमसन, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल को टीम से बाहर कर दिया है। अब इन तीन खिलाड़ियों की जगह साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को टीम में पहले दो टी20 मैच के लिए शामिल किया गया है।

दरअसल, मौजूदा समय में सैमसन, जायसवाल और दुबे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के साथ बारबाडोस में ही हैं। मौसम खराब होने के कारण ये खिलाड़ी स्वदेश नहीं लौट पाए, जिस कारण इन तीनों की जगह बोर्ड ने साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को मौका दिया है। 22 वर्षीय बल्लेबाज सुदर्शन भारत के लिए तीन वनडे खेल चुके हैं, जिसमें 63.50 की औसत से 127 रन बनाए। उन्होंने दिसंबर 2023 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वहीं 30 वर्षीय जितेश शर्मा ने 9 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 100 रन बनाए हैं। उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में डेब्यू किया था। वहीं, 22 वर्षीय हर्षित राणा पहली बार भारतीय टीम में चुने गए हैं।

# लगातार दूसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारतीय नाविक बने विष्णु सरवनन

नई दिल्ली, 2 जुलाई। भारत के प्रतिभाशाली नाविक विष्णु सरवनन ने लगातार दूसरी बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के साथ ही इतिहास रच दिया है। विश्व चैंपियनशिप में पेरिस खेलों के लिए कट बनाने के बाद उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। विश्व चैंपियनशिपस्थित आर्मी यॉटिंग नोड के 24 वर्षीय खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया में -7 विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों में से 26वां स्थान हासिल करके आगामी पेरिस खेलों के लिए क्वालीफिकेशन हासिल किया। विष्णु ने प्रतियोगिता 174 के स्कोर के साथ समाप्त की और मानक नियम के अनुसार, एक दौड़ में उनका सबसे कम स्कोर 49 घटा दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप उनका शुद्ध स्कोर 125 रहा। उनकी कई अन्य उपलब्धियों में से विष्णु 2019 अंडर-21 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता हैं।



24 फरवरी, 1999 को तमिलनाडु के वेल्लोर शहर में जन्मे, विष्णु सरवनन कम उम्र में ही नौकायन से रूबरू हो गए थे। उनके सेवानिवृत्त सैनिक पिता रामचंद्रन सरवनन ने उन्हें इस खेल से परिचित कराया था, जो एक पूर्व नाविक थे और इस खेल को पेशेवर रूप से आगे बढ़ाने में असमर्थ थे। हालांकि, उन्होंने अपने दोनों बच्चों विष्णु और राम्या में कुछ हुनर देखा और उनको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विष्णु ने नौ साल की उम्र में आर्मी यॉटिंग नोड, मुंबई में अपने पिता के मार्गदर्शन में नौकायन सीखा। जब विष्णु 17 वर्ष के थे, तब उन्हें 2015 में मद्रास इंजीनियर्स ग्रुप (एमईजी) ब्वॉयज़ स्पोर्ट्स कंपनी द्वारा एक कैडेट के रूप में चुना गया था।

# ओलंपिक खेलों के इतिहास में घुड़सवारी में पहली बार उतरेगा भारत

नई दिल्ली, 2 जुलाई। भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिए घुड़सवारी में अपना पहला कोटा हासिल कर लिया है। भारत को यह कोटा अनुश अग्रवाल ने ड्रेसेज स्पर्धा में दिलाया है। अनुश ने एफईआई के चार स्पर्धाओं व्रोकला, पोलैंड (73.485), क्रोनेनबर्ग, नीदरलैंड्स (74.4), फ्रैंकफर्ट जर्मनी (72.9) और मेकलेन, बेल्जियम (74.2) में अपने प्रदर्शन के आधार पर यह कोटा हासिल किया। घुड़सवारी में कोटा देश का होता है और पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ी का चयन ईएफआई करेगा। 24 साल के अनुश अग्रवाल एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार हैं। उन्होंने पिछले साल हांगझोउ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक व्यक्तिगत ड्रेसेज में कांस्य पदक जीते थे।

23 नवंबर 1999 को कोलकाता, भारत में जन्मे अनुश अग्रवाल अब घुड़सवारी खेलों की दुनिया में एक उल्लेखनीय व्यक्ति बन गए हैं। एशियाई खेलों में उनकी हालिया जीत ने इस युवा और प्रतिभाशाली सवार को सुर्खियों में ला दिया है,



जिससे वह अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी परिदृश्य में एक उभरता हुआ सितारा बन गया है। अनुष अग्रवाल का एक साधारण वीकेंड राइडर से लेकर एक अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी स्टार बनने का सफ़र किसी प्रेरणा से कम नहीं है। उनके माता-पिता ने उन्हें कोलकाता के टॉलीगंज क्लब में 3 साल की छोटी सी उम्र में घुड़सवारी से परिचित कराया था। उन्हें शायद ही पता था कि यह परिचय उनके बेटे में ऐसा जुनून जगाएगा जो उन्हें विश्व मंच पर ले जाएगा।

8 साल की उम्र में, उन्होंने औपचारिक घुड़सवारी की शिक्षा लेनी शुरू की और जल्दी ही स्थानीय बच्चों के कार्यक्रमों में भाग लेने लगे। उनके सपने स्थानीय प्रतियोगिताओं से आगे बढ़ गए; वह एशियाई खेलों और ओलंपिक जैसे प्रतिष्ठित खेल आयोजनों में भारत का प्रतिनिधित्व करना चाहते थे। इस सपने को पूरा करने के लिए, वह 11 साल की उम्र में नई दिल्ली चले गए, साथ ही उन्होंने ला मार्टिनियर फॉर बॉयज़ में अपनी शिक्षा का प्रबंधन भी किया। उनकी कड़ी मेहनत का फल उन्हें 2014 में प्रतिष्ठित दिल्ली हॉर्स शो में रजत और स्वर्ण पदक के रूप में मिला। 16 साल की उम्र में, उन्हें उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिए अरावली के श्री राम स्कूल में दाखिला मिल गया।

## मास्टर्स कप की मेजबानी करेगा हॉकी इंडिया

नयी दिल्ली, 2 जुलाई। हॉकी इंडिया ने मंगलवार को पहली बार पुरुष और महिला वर्ग के 40 वर्ष से अधिक आयु वाले अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों के आयोजित होने वाले मास्टर्स कप टूर्नामेंट की मेजबानी करने की घोषणा की। हॉकी इंडिया मास्टर्स कप अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों के जुनून और कौशल के जश्न मनाने का जरिया है। इस टूर्नामेंट का उद्देश्य पूर्व खिलाड़ियों को एक साथ अपने पसंदीदा खेल से फिर से जोड़ा है। हॉकी इंडिया से संबद्ध सभी राज्य सदस्य इकाइयां इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने के लिए पात्र हैं और टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए सभी पात्र अनुभवी खिलाड़ियों अपनी संबंधित सदस्य इकाइयों से संपर्क करना होगा।

# ‘बालकबुद्धि सवार हो जाये तो किसी के भी गले पड़ जाती है, किसी बात-व्यवहार का कोई ठिकाना नहीं रहता’

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नाम लिये बिना राहुल गांधी के भाषण को ‘‘बालकबुद्धि की बचकाना हरकत’’ करार दिया है

- मोदी ने कहा कि, कल सदन में जो कुछ भी देखा वो एक बालकबुद्धि का विलाप चल रहा था। बालकबुद्धि ने खुद को पीड़ित दिखा कर सहानुभूति बटोरने की खूब कोशिश की है।
- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि, कांग्रेस का पूरा ईकोसिस्टम राहुल गांधी को बहलाने का प्रयास में जुटा है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी आप फेल हुये हो आपके सौ में से 99 नहीं 543 में से 99 आये हैं।

नयी दिल्ली, 2 जुलाई (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सोमवार को सदन में भाषण को ‘बालकबुद्धि की बचकाना हरकत’ करार दिया है और कहा है कि कांग्रेस ‘‘झूठ को राजनीतिक हथियार’ बना कर देश को अराजकता एवं गंभीर संकट की ओर धकेल रही है जिसे रोकने के लिए कठोर कार्रवाई की जरूरत है।

मोदी ने यहां सदन में राष्ट्रपति अभिभाषण पर 18 घंटे तक चली चर्चा का लंबा जवाब देते हुए यह बात कही। मोदी ने कहा कि, कल सदन में जो कुछ भी देखा वो एक बालकबुद्धि का विलाप चल रहा था। बालकबुद्धि ने खुद को पीड़ित दिखा कर सहानुभूति बटोरने की खूब कोशिश की है लेकिन अपने अपराध और अपने दोष के बारे में कोई बात नहीं की। प्रधानमंत्री ने एक छोटे बच्चे की कहानियां सुना कर कहा कि कांग्रेस का ईकोसिस्टम बालक का मन बहलाने का काम कर रहा है।

उन्होंने कटाक्षपूर्ण लहजे में कहा, बालक बुद्धि में ना तो बोलने का कोई ठिकाना, ना ही कोई व्यवहार का ठिकाना है। जब बालकबुद्धि पूरी तरह से सवार हो जाये तो किसी के भी गले पड़ जाती है। बालक बुद्धि सीमा पार कर जाये तो किसी को आंख भी मारती है। उन्होंने कहा कि उनकी सच्चाई देश समझ चुका है। देश कह रहा है कि इनसे ना हो पायेगा।

प्रधानमंत्री ने गोस्वामी तुलसीदास को उद्धृत करते हुए कहा, झूठ ही लेना, झूठ ही देना, झूठ ही भोजन, झूठ चबैना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने झूठ को राजनीतिक हथियार बना लिया है। कांग्रेस के मुंह में झूठ ऐसे लग गया है जैसे किसी आदमखोर जानवर के दांत में इन्सान का खून।

मोदी ने कहा कि ऐसे समय जब देश विकास के रास्ते पर है, देश के विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए सबको एकजुट होकर समृद्धि का नया सफर शुरू करना है, उस समय यह हमारा दुर्भाग्य है कि देश में छह दशक तक राज करने वाली पार्टी अराजकता फैलाने में लगी है। उत्तर में दक्षिण के खिलाफ, पूर्व में पश्चिम के खिलाफ, भाषा, धर्म, जाति के आधार पर बांटने के बात कर रही है। एक जाति को दूसरी से लड़वाने के लिए नये नैरेटिव नयी अफवाहें फैलायी जा रहीं हैं। देश के एक हिस्से के लोगों को हीन बताने के कुत्सित प्रयास हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चुनाव में जो वादे किये हैं और कांग्रेस शासित राज्यों में जिस प्रकार के फैसले किये जा रहे हैं, वह देश को आर्थिक अराजकता में घसीटने का काम किया जा रहा है। यदि चुनाव में इनके मन का परिणाम नहीं आता तो देश में आग लगाने की तैयारी थी। भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर उंगली उठाना, सीएए को लेकर अराजकता फैलाना, पूरे ईकोसिस्टम इसके लिए काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव में माताओं बहनों को झूठ बोला। ईवीएम को लेकर, संविधान को लेकर, आरक्षण को लेकर, राफेल को लेकर, एचएएल को लेकर एलआईसी को लेकर बैंकों को लेकर और तो और इनका हौसला इतना बढ़ गया कि कर्मचारियों को भड़काने का प्रयास किया और कल सदन को भी गुमराह करने की कोशिश की। किसानों को एमएसपी नहीं मिल रही है, यह झूठ बोला, संविधान की गरिमा से खिलवाड़ किया।

मोदी ने कहा कि अनेक बार जीत चुके अनुभवी नेता को संविधान एवं सदन की गरिमा से खिलवाड़ करना शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि वे अराजकता और झूठ के सहारे देश को गंभीर संकट की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन हरकतों को बालकबुद्धि मान कर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

## भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया मेवाड़ दौरे पर

राजसमंद/जयपुर, 2 जुलाई। राजस्थान में भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने नाथद्वारा में कार्यकर्ताओं के साथ श्रीनाथजी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली एवं उन्नित की कामना की। डॉ. पूनिया ने कुंभलगढ़ से विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ की

- डॉ. पूनिया नाथद्वारा भी गए और श्रीनाथ जी के दर्शन किए
- डॉ. पूनिया ने कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़ की दिवंगत माता जी को श्रृद्धांजलि अर्पित की।

माताजी पारस कँवर के निधन पर आमेट में परिजनों को ढांढस बंधाया तथा माताजी को श्रद्धांजलि दी। पाली के मारवाड़ जंक्शन से पूर्व विधायक खुशवीर सिंह की भाभीजी गजेंद्र कंवर के निधन पर जोजावर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवारजनों को ढाँढस बंधाया एवं दुख की घड़ी में ईश्वर से सम्बल प्रदान करने की कामना की।

## दिल्ली बार काउन्सिल ने नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने का अनुरोध किया

नयी दिल्ली, 2 जुलाई (वार्ता)। दिल्ली बार काउंसिल ने एक जुलाई से लागू तीन नए आपराधिक कानूनों को वापस लेने का अनुरोध मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से किया।

दिल्ली बार काउंसिल के उपाध्यक्ष संजीव नसियार ने कहा कि नए कानून

- दिल्ली बार काउन्सिल के उपाध्यक्ष संजीव नसियार ने कहा कि, नए कानून लागू होने के समय पिछली सरकार का कार्यकाल समाप्त हो चुका था।
- बार काउन्सिल ने उदाहरण देते हुये कहा है कि, नये कानूनों में ‘‘ धारा 187(3) के तहत पुलिस हिरासत की अवधि को 15 दिनों से बढ़ाकर 60/90 दिन किया जाना एक प्रकार से अत्याचारी और दमनकारी है।’’

लागू होने के समय पूर्ववर्ती सरकार का कार्यकाल समाप्त हो चुका था।

नसियार ने देते हुए कहा, ‘‘संवैधानिक औचित्य के रूप में इन कानूनों को नई निर्वाचित संस्थाओं की मंजूरी और अनुमोदन के बिना बदली हुई परिस्थितियों में लोगों पर नहीं थोपा जा सकता।इसमें कोई संदेह नहीं है कि ये संशोधन संवैधानिक सिद्धांतों और उच्चतम न्यायालय के फैसले की पूरी तरह से अवहेलना करते हैं।’’

उन्होंने कहा,’’ धारा 187(3) के तहत पुलिस हिरासत की अवधि को 15 दिनों से बढ़ाकर 60/90 दिन करने को कम से कम कहने के लिए तो अत्याचारी और दमनकारी है।’’

उन्होंने कहा कि नए कानूनों के तहत अदालत की अनुमति के बिना हथकड़ी लगाने की शक्ति जनता के बीच राज्य (सरकार) के आतंक का संकेत देती है। इसलिए इन कानूनों को खत्म कर देना चाहिए। नसियार ने कहा कि अदालत की बिना अनुमति हथकड़ी लगाने की शक्ति न्यायमूर्ति कृष्ण अय्यर के फैसले के खिलाफ है। शीर्ष अदालत ने एकांत कारावास को मानवाधिकारों के लिए अस्थिर माना था।

## राहुल ने ओम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने आगे यह भी कहा कि उनकी टिप्पणियों को सदन की कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाना संसदीय लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है।

अपने पत्र में गांधी ने प्रक्रिया से टिप्पणी हटाने के नियम में दोहरे मापदंड प्रयोग करने की तरफ आसन का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के भाषण का उल्लेख किया जिसमें अनेक आरोप लगाए गए थे उसमें से सिर्फ एक शब्द हटाया गया है।

ससम्मान अनुरोध है कि ‘‘यह चुनिंदा निरस्तीकरण तर्क विरूद्ध है ‘‘उन्होंने जोर देकर कहा कि संसदीय भाषणों के कार्य में पक्षपात तरीके अपनाना तर्क विरूद्ध है।

उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ने अनुरोध किया कि वे सदन की कार्यवाही के रिकॉर्ड से हटाई गई टिप्पणियों को पुनः बहाल

करें। यह बात उन्होंने सांसदों के अभिव्यक्ति के अधिकारों को बरकरार रखने व निष्पक्षता की जरूरत पर जोर देते हुए पत्र में लिखी।

पिछले फरवरी 2023 में भी अध्यक्ष बिड़ला ने लोकसभा में राहुल गांधी के भाषण का एक बड़ा भाग इसी प्रकार कार्यवाही से काट दिया था।

## एयरपोर्ट पर लैंडिंग के वक्त प्लेन के पहिये में लगी आग

- लैंडिंग के वक्त प्लेन में 490 यात्री सवार थे, हालांकि प्लेन नियंत्रित तरीके से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने में सफल रहा।

नई दिल्ली, 2 जुलाई। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोमवार रात को म्यूनिख से आए लुफ्थांसा एयरलाइन के ए-380 विमान के एक पहिये में उतरते समय अचानक आग लग गई। सूत्रों ने बताया कि लैंडिंग के वक्त विमान में करीब 490 यात्री सवार थे। हालांकि विमान हवाई अड्डे पर नियंत्रित तरीके से उतरने में सफल रहा और सभी यात्री सुरक्षित रूप से बाहर आने में सफल रहे।

सूत्रों ने बताया कि उड़ान संख्या एल.एच-762 वाला विमान इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। सूत्रों के मुताबिक, चूंकि विमान की जांच की जानी थी और कलपुर्जे तुरंत उपलब्ध नहीं होने के कारण विमान की म्यूनिख की वापसी वाली उड़ान रद्द कर दी गई।

विमानन कंपनी के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा, उड़ान संख्या एल.एच-762 दिल्ली के एयरपोर्ट पर सुरक्षित तरीके से उतर गई। नियंत्रित तरीके से एयरपोर्ट पर उतरने के बाद जांच की आवश्यकता और स्पेयर पार्ट्स की अनुपलब्धता के कारण विमान को कुछ समय के लिए आगे की उड़ान के लिये ‘‘नोट अवेलेबल’’ की श्रेणी में रखा गया है।

सूत्रों ने बताया कि विमान के उतरते समय एक पहिये में आग की सूचना मिली थी। सूत्रों के मुताबिक, घटना के कारण वापसी की उड़ान संख्या एल.एच-763 रद्द कर दी गई, जबकि यात्रियों को बोर्डिंग पास जारी कर दिये गए थे।

## कांस्टेबल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

याचिकाकर्ता सहित अन्य कॉन्स्टेबलों के खिलाफ राधेश्याम दर्जी की हिरासत में मौत का मामला दर्ज हुआ था। निचली अदालत से आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट में उसकी अपील गई। सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल, 2016 को याचिकाकर्ता को बरी कर दिया। इससे पहले बिना बताए ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने के आरोप में झालावाड़ एसपी ने अक्टूबर 2000 में याचिकाकर्ता कॉन्स्टेबल को बर्खास्त कर दिया और बाद में उप गृह सचिव ने भी याचिकाकर्ता की अपील खारिज कर दी। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता को न तो कारण बताओ नोटिस दिया गया और न विभागीय चार्जशीट ही दी गई। वहीं ठीक ऐसे ही एक अन्य मामले में निचली अदालत से बरी हुए तेज सिंह को पूर्व में पुलिस सेवा में ही बहाल किया जा चुका है। याचिका में कोर्ट के इस फैसले का हवाला देते हुये ही कॉन्स्टेबल को वापस सेवा में लिये जाने की अपील की गई थी, जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को पुनः सेवा में लेने के आदेश देते हुए उसे समस्त परिलाभ देने के लिए कहा है।

## ‘सेबी निवेशकों की रक्षा करने के बजाय धोखेबाजों को बचाने की ज्यादा कोशिश कर रही है’

### अमेरिकी इन्वैस्टमैंट रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग ने कहा है कि, हमारी कंपनी ने अडानी ग्रुप पर खुलासे किये थे लेकिन सेबी ने उस पर एक्शन लेने की बजाय उल्टा हमें ही नोटिस भेज दिया है

नई दिल्ली, 2 जुलाई। सेबी ने अडानी मामले में अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग को नोटिस भेजा था, जिसके जवाब में हिंडनबर्ग ने कहा है कि सेबी निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने की जगह धोखेबाजों को बचाने की ज्यादा कोशिश कर रही है। अमेरिकी इन्वेस्टमेंट रिसर्च कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की वेबसाइट पर छपे एक लेख में दावा किया गया है कि कंपनी ने जनवरी 2023 में अडानी समूह को लेकर जो खुलासे किए थे, उनके जवाब में भारत में शेयर बाजार की नियामक संस्था सिक्यॉरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने उसे ही एक नोटिस भेज दिया है. हिंडनबर्ग के मुताबिक, सेबी ने 27 जून 2024 को ईमेल के जरिए उसे 39;कारण-बताओ39; नोटिस भेजा, जिसमें नियामक ने हिंडनबर्ग पर भारतीय नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। क्या हैं सेबी के आरोप नोटिस के मुताबिक, सेबी का आरोप है कि हिंडेनबर्ग और उसके एकमात्र मालिक नेथन एंडरसन ने अडानी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट जारी कर जानबूझ कर समूह का नुकसान कराया और अपने एक क्लायंट मार्क किंग्डन और उनकी कंपनी का मुनाफा करवाया। आरोप यह भी है कि खुद हिंडनबर्ग ने भी इस मुनाफे में से 25 प्रतिशत हिस्सा लिया। सेबी की जांच के मुताबिक, हिंडनबर्ग ने अडानी पर अपनी रिपोर्ट जारी करने से पहले किंग्डन को दिखाई, जिसके बाद किंग्डन ने अडानी के शेयरों में शॉर्ट-सेलिंग की तैयारी कर ली। रिपोर्ट जारी होने के बाद शॉर्ट-सेलिंग हुई और शेयर का मूल्य 59 प्रतिशत गिर गया।

क्या था अडानी के खिलाफ हिंडनबर्ग रिपोर्ट में रिपोर्ट ऐसे समय पर जारी की गई थी, जब अडानी समूह एक फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) के बीच में था. बाद में समूह को एफपीओ वापस लेना पड़ा था. सेबी के नोटिस के मुताबिक, रिपोर्ट छपने से कुछ ही दिन पहले 39;के. इंडिया अपॉरच्यूनिटीज फंड लिमिटेड - क्लास एफ39; नाम की एक विदेशी पोर्टफोलियो निवेश कंपनी (एफपीआई) ने भारत में ट्रेडिंग के लिए खाता खोला और अडानी के शेयरों में ट्रेडिंग शुरू की। एक भारतीय कंपनी की भी है भूमिका फिर इसी एफपीआई ने रिपोर्ट छपने के बाद अपने सारे शेयर बेच दिए और 183.24 करोड़ का मुनाफा कमाया।

सेबी ने अपने नोटिस में इस एफपीआई का पूरा नाम नहीं बताया है, लेकिन हिंडनबर्ग ने अपने जवाब में बताया कि यह कोटक बैंक का एफपीआई था जिसका किंग्डन ने अडानी के खिलाफ दांव लगाने के लिए इस्तेमाल किया। सेबी ने हिंडनबर्ग को 21 दिनों के अंदर जवाब देने के लिए कहा है। कारण-बताओ नोटिस जारी करने के बाद अगर सेबी आरोपी को दोषी पाता है, तो उसपर जुर्माना लगा सकता है और भारतीय शेयर बाजार में भाग लेने से प्रतिबंधित कर सकता है। हिंडनबर्ग ने अपनी वेबसाइट पर छपे लेख में सेबी के सभी आरोपों से इनकार किया है और सेबी पर ही सवाल उठाए हैं. कंपनी ने कहा है कि उसने पहले ही बताया था कि वह अडानी के शेयरों में शॉर्ट-सेलिंग कर रही है।

## धार्मिक आयोजन में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मालूम था कि इस स्थान पर इतनी बड़ी तादाद में लोग एकत्रित हो रहे हैं तो उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किये। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना के लिए प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। बसपा अध्यक्ष मायावती ने कहा कि हाथरस जिले में हुई इस भगदड़ की दुखांतिका में बड़ी संख्या में लोगों की जान चली गई। आगरा में एक बौद्ध भीम कथा के दौरान एक युवक की हत्या कर दी गई। ये अति दुर्भाग्यपूर्ण व दुःखद घटनाएं हैं। सरकार को इन घटनाओं की जांच करनी चाहिए और उचित कार्यवाही करनी चाहिए।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि वे यह जानना चाहते हैं कि राज्य प्रशासन इस प्रकार की आपात परिस्थिति के लिए तैयार क्यों नहीं था? उन्होंने यह भी कहा कि इस बारे में सूचित किया गया है कि अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में डॉक्टर्स व उचित सुविधाएं घायलों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। हम मृतकों के लिए न्याय की मांग करते हैं।

दुर्घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए आसपास के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। अन्य जिलों से भी डॉक्टर बुलाए गए हैं। दवा, ग्लूकोज का स्टाक मंगाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथरस के सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव फुलराई में भोले बाबा का प्रवचन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान उम्मीद से ज्यादा भीड़ आ गई थी। एक अनुमान के अनुसार सवा लाख लोग पहुंच गए थे। इसी दौरान लोग भीड़ के कारण परेशान होने लगे। भीड़ और गर्मी के कारण लोग बेहोश होने लगे तो भगदड़ मच गई। इसमें लोग जमीन पर गिरे तो उन्हें कुचलते हुए अन्य लोग निकलने लगे। सूचना पर पहुंचे पुलिस और प्रशासन के अफसरों ने सैकड़ों गंभीर लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में हादसे पर दुख जताया है।

## ‘नेहरु ने पूरा जोर लगाकर अंबेडकर को चुनाव हरवाया था’

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास ऐसी दलित विरोधी घटनाओं से अटा पड़ा है

- मोदी ने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की कैबिनेट से, तत्कालीन कानून मंत्री बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के इस्तीफे की चर्चा करते हुए कहा कि, अंबेडकर ने दलितों की उपेक्षा की वजह से उनकी कैबिनेट से इस्तीफा दिया था

नई दिल्ली, 2 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित और पिछड़ा विरोधी है। उसका इतिहास ऐसी दलित विरोधी घटनाओं से अटा पड़ा है। प्रधानमंत्र मोदी ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की कैबिनेट से तत्कालीन कानून मंत्री बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के इस्तीफे की चर्चा करते हुए कहा कि अंबेडकर ने दलितों की उपेक्षा की वजह से उनकी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ‘‘बाबासाहब ने नेहरू कैबिनेट से इस्तीफा देते समय जो कारण बताए थे, वह इनकी मानसिकता को दर्शाते हैं। बाबासाहब ने कहा था कि अनुसूचित जातियों की उपेक्षा के कारण अपने आक्रोश को रोक नहीं सका। नेहरूजी ने बाबासाहब का राजनीतिक जीवन खत्म करने के लिए पूरी ताकत लगा दी थी। पहले षड़यंत्र पूर्वक चुनाव में हरवाया गया। इतना ही नहीं, इस पराजय का जश्न मनाया गया।’’

पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि पंडित नेहरू ने पूरा जोर लगा दिया था कि अंबेडकर चुनाव नहीं जीत सकें। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू की दलित विरोधी मानसिकता की वजह से ही अंबेडकर ने उनके मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया था। पीएम इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने नेहरू के बाद लंबे समय तक सत्ता में रहीं उनकी बेटी और भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर भी हमला बोला और कहा कि इंदिरा गांधी भी दलित विरोधी थीं।

पीएम मोदी ने कहा कि आपातकाल के समय बिहार के बड़े दलित नेता जगजीवन राम के पीएम बनने की संभावना थी लेकिन इंदिरा गांधी ने उन्हें किसी भी कीमत पर पीएम नहीं बनने देने का संकल्प लिया था। पीएम ने कहा, ’’इमरजेंसी के बाद जगजीवन राम के पीएम बनने की संभावना थी। इंदिरा गांधी ने ये पक्का किया कि जगजीवन राम किसी भी कीमत पर पीएम न बन पाएं।

एक किताब में लिखा है कि अगर जगजीवन राम पीएम बन गए तो वे हटेंगे नहीं।’’ उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह के साथ भी यही व्यवहार किया था। पीएम ने कहा कि बिहार के ही पिछड़े समुदाय के नेता रहे सीताराम केसरी के साथ भी कांग्रेस ने अपमानजनक व्यवहार किया था, जबकि केसरी कांग्रेस के अध्यक्ष थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आरक्षण विरोधी रही है। उसनें मंडल कमीशन की रिपोर्ट लंबे समय तक दबा रखी थी लेकिन वीपी सिंह की सरकार ने उसे लागू किया।

## ए.सी.बी. ने हाई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एसीबी की रिपोर्ट में अदालत को बताया गया कि उन्होंने प्रारंभिक जांच में हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर व उनके पति सहित अन्य के खिलाफ जुर्म प्रमाणित मान लिया है। वहीं मेयर मुनेश के खिलाफ अभियोजन मंजूरी की फाइल प्रमुख यूडीएच सचिव के पास भेज रखी है, लेकिन वहां से अभी तक अभियोजन की मंजूरी नहीं मिली है। इस संबंध में आगामी दिनों में मीटिंग भी होने वाली है।

याचिका में अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने कहा कि रिश्वत मामले में एसीबी ने मेयर के पति व मेयर सहित अन्य के खिलाफ जांच पूरी कर उसे दोषी माना है। एसीबी ने मुनेश के खिलाफ अभियोजन मंजूरी की फाइल राज्य सरकार के पास भेज रखी है। लेकिन राज्य सरकार के पास अभियोजन की यह फाइल पेंडिंग चल रही है। इसलिए राज्य सरकार को निर्देश दिया जाए कि वह अभियोजन मंजूरी से जुड़े मामले को जल्द निस्तारित करे, ताकि एसीबी अपना अंतिम नतीजा संबंधित कोर्ट में पेश कर सके। ज्ञातव्य है कि हेरिटेज मेयर के पति सुशील गुर्जर की ओर से नगर निगम के पट्टे जारी करने की एवज में रिश्वत मांगने से जुड़े मामले में एसीबी की कार्रवाई के बाद राज्य सरकार ने मुनेश को निलंबित कर दिया था। इस निलंबन आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी। इसके बाद राज्य सरकार ने निलंबन आदेश वापस ले लिया था। बाद में राज्य सरकार ने जांच के बाद मुनेश गुर्जर को 22 सितंबर के आदेश से दुबारा निलंबिन कर दिया था, लेकिन हाईकोर्ट ने दिसंबर 2023 के आदेश से मुनेश का निलंबन रद्द कर दिया था।

## दो हजार के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नोट चलन में रह गए थे। रिजर्व बैंक ने कहा है कि 2000 रुपये के बैंकनोट वैध मुद्रा बने रहेंगे।

केंद्रीय बैंक ने दिनांक पिछले वर्ष 19 मई को 2000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंकनोट चलन से वापस लेने की घोषणा की घोषणा की थी और लोगों ने नोट बैंकों और रिजर्व बैंक की शाखाओं में नियमानुसार वापस जमा करने या बदलवाने का अवसर दिया है।

2000 रुपये के बैंकनोटों को जमा करने और/ या बदलने की सुविधा 7 अक्तूबर 2023 तक देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी।

गत नौ अक्टूबर 2023 से, भारतीय रिज़र्व बैंक के निर्गम कार्यालय, व्यक्तियों/ संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2000 रुपये के बैंकनोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, जन सामान्य अपने बैंक खातों में जमा करने हेतु देश के किसी भी डाकघर से भारतीय डाक के माध्यम से भारतीय रिज़र्व बैंक के किसी भी निर्गम कार्यालय को 2000 रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं।

## ‘वर्ल्ड बैंक की कुल ‘‘पेडअप’’ रकम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सभी समृद्ध उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं सहित सभी विकसित देशों में ऐसी विशालकाय धन सम्पदा बढ़ती जा रही है। स्टॉक मार्केट जैसे-जैसे बढ़ रहे हैं, अति धनाढ्य लोग बिना कोई मेहनत किए और ज्यादा अमीर बनते जा रहे हैं।

विचार कीजिए! भारत में क्या हो रहा है। स्टॉक मार्केट्स की चाल ऐसी है जैसे कि तेजी का कोई अंत ही ना हो। वे ऊपर और ऊपर चढ़ते जा रहे हैं, और तेजड़िए अपनी पूरी लय में हैं, जिसका मतलब है कि भारत के अति धनाढ्य और अधिक धनाढ्य होते जा रहे हैं।

एक उदाहरण लीजिए। इन्फोसिस के संस्थापक एवं प्रधान नीति निर्माता एन.आर. नारायणमूर्ति ने अपने नवजात नाती को 293 मिलीयन डॉलर के स्टॉक गिफ्ट किए। यह छोटा बच्चा घुटनों के बल चलने से पहले ही बेहद अमीर है। लेकिन इस राशि पर टैक्स नहीं लगाया जा सकता क्योंकि यह बच्चा अपने शेयर्स को बेचने की जल्दबाजी में नहीं है।

अम्बानी और अडानी दिनों दिन अमीर होते जा रहे है। उन्हें अपनी धन-सम्पदा पर गर्व है जो पूरी दुनिया में उनके समकक्षों को भी हतप्रभ कर रही है। अंबानी परिवार के पुत्र की शादी से पूर्व आलीशान पार्टियां आयोजित की गईं, जिसमें बिल गेट्स और बैजोस तक उपस्थित थे। अनंत अंबानी ने 66 करोड़ रुपये मूल्य की घड़ी पहन रखी थी, जिसने अमेरिका के एक सबसे अमीर आदमी का ध्यान आकृष्ट किया।

तथापि इनमें से कोई भी परिवार ऐसी चकाचौंध करने वाली सम्पत्ति पर कोई टैक्स नहीं दे रहा है। ये लोग बिना टैक्स दिए ही समृद्ध बनते जा रहे है, जबकि सामान्य आदमी अपना पेट काटकर टैक्स चुका रहा है।

एक बार फिर से विचार कीजिए सरकार इस बात की डींग हांक रही है कि उसे माह दर माह जी.एस.टी. का विशालकाय कलैक्शन प्राप्त हो रहा है। केन्द्र सरकार वित्तीय घाटा आरामदायक स्थिति में रख सकती थी। राज्य सरकारें जी.एस.टी. में अपना हिस्सा वसूल रही हैं, लेकिन जी.एस.टी. दे कौन रहा है। गरीब से गरीब व्यक्ति भी अपनी प्रत्येक खरीदारी पर जी.एस.टी. का भुगतान कर रहा है।

मामूली से बिस्कीट पर भी टैक्स लगता है। टैंट वाला किसी निर्धन व्यक्ति के घर हो रही शादी में लगाए गए झीने से शामियाने के लिए भी सर्विस टैक्स वसूल रहा है और यदि आप अपने पुत्र या पुत्री के अच्छे रिजल्ट की खुशी मनाने के लिए किसी रेस्त्रां में जाते हैं तो बिल चुकाते ही केन्द्र और राज्य सरकार भी उसमें एक गैर आमंत्रित अतिथि बन जाती है।

अति धनाढ्य लोगों के टैक्स के मुद्दे ने सोचने पर मजबूर कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा अरबपतियों पर टैक्स लगाने की बात किए जाने के बाद ‘‘द इकोनॉमिस्ट’’ ने इस वित्तीय पहेली का मुद्दा उठाया। बाइडन सामाजिक योजनाओं के लिए धन उगाहने की बात कह रहे थे।

द इकोनॉमिस्ट ने कुछ खबरों का हवाला दिया है, जिनसे संकेत मिलता हैं कि सुपर रिच लोगों के पास स्टॉक मार्केट वैल्यूएशन के हिसाब से पूंजी की ऐसी बढ़त है, जिसे अनुभव नहीं किया जा सका, जिसका मूल्य 6 से 11 ट्रिलीयन डॉलर तक है। आज की तारीख में दुनिया की सबसे अधिक मूल्यवान कम्पनी ‘‘एनविडिया’’ के मालिक की सम्पत्ति में ऑर्टिफिशल इन्टैलीजैंस (ए.आई.) का क्रेज बढ़ने के साथ ही 100 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। एनविडिया निर्मित चिप्स ए.आई. ऑपरेशन्स का एक अहम हिस्सा होती हैं।

टैक्स के कानूनों में वर्णित है कि शेयर मूल्यों में आई वृद्धि को जब तक प्रदत्त आय में ना बदला जाए, उस पर टैक्स नहीं लगाया जा सकता।

लेकिन इस प्रकार के टैक्स पर कोई गंभीर बहस छिड़वाने के उद्देश्य से हमें पहले इसका विरोध करना होगा। स्टॉक बाजार में मूल्यवृद्धि होती है, लेकिन मूल्यों में तेजी से गिरावट भी हो सकती है।

## राज्यपाल ने मु.मंत्री ममता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राजभवन की असामान्य घटनाओं से संबंधित खबरों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक चुनाव प्रचार मीटिंग के दौरान राजभवन जाने को लेकर टिप्पणियां की थीं। उन टिप्पणियों से पूरे राज्य में हैरानी के साथ-साथ अफवाहों का बाज़ार गर्म हो गया था।

उसके बाद, संदेशखाली प्रकरण का विरोध करन वाले एक प्रमुख पैरोकार ने ममता बनर्जी विरोधी टिप्पणी करते हुए कहा था कि ‘‘ममता बनर्जी जैसी एक बुजुर्ग महिला को यदि राजभवन में अस्मिता खोने का डर है तो आप उन जवान महिलाओं की प्रतिष्ठा के बारे में क्या कहेंगे जिनका संदेशखाली में यौन शोषण किया गया।

राज्यपाल द्वारा आज उठाए गए कदम के बारे में पूछने पर तृणमूल के कुणाल घोष ने अपेक्षाकृत एक मेल-मिलाप वाले अंदाज में कहा कि बेहतर होता यदि राज्यपाल मुख्यमंत्री के विरूद्ध मानहानि का केस दायर करने से परहेज करते। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री ने तो प्राप्त खबरों के आधार पर ही टिप्पणियां की थीं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री राज्य की पुलिस मंत्री भी है, इस नाते राज्य पुलिस को प्राप्त विभिन्न खबरों से उन्हें भी अवगत करवाया जाता है। उन्होंने पुलिस द्वारा दिए गए तथ्यों के आधार पर ही राज्यपाल और राजभवन के बारे में टिप्पणियां की थीं।

तृणमूल कांग्रेस के बहुत से नेताओं ने भी प्रदेश के राज्यपाल के बारे में आरोप लगाये थे। ममता बनर्जी ने राज्यपाल के विषय में उन रिपोर्टों को भी सार्वजनिक करने की धमकी दी थी, जो उन्होंने सुनी हैं तथा दिल्ली से प्राप्त हुई हैं।

यह धमकी राज्यपाल के मन में इस बात को बिठाने का एक अप्रत्यक्ष तरीका है कि उनके बारे में कुछ अज्ञात तथ्य उजागर कर दिये जायेंगे।

इस प्रकार, राज्यपाल को एक तरह से उकसाया गया कि वे मानहानि का मुकदमा दायर करें क्योंकि तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी सहित, पूरी पार्टी उनके खिलाफ बार-बार आरोप लगा रही है।

अभी यह अनिश्चित है कि इन कार्यवाहियों का अंतिम परिणाम क्या होगा।

लेकिन यह जरूर है कि राज्य की मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल के बीच के संबंधों में इस प्रकार का मोड़, बंगाल तो क्या, देश के किसी भी राज्य में, कभी नहीं देखा गया है।

## 6 आई.ए.एस....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि रोहित गुप्ता को उद्योग वाणिज्य एवं कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी एवं आयुक्त निवेश संवर्धन ब्यूरो में आयुक्त लगाया है। आई.ए.एस. अधिकारी प्रकाश चंद्र शर्मा को मुख्यमंत्री का विशेष अधिकारी और हिमांशु गुप्ता को ग्रामीण अकृषि क्षेत्र विकास अभिकरण में प्रबंध निदेशक के पद पर लगाया गया है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908